kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-164 ❑ मंगलवार, 14 जुलाई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




हमारे युवाओं का शानदार प्रदर्शन! कोलंबिया के बुकारामंगा में आयोजित 56वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2026 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए कनिष्क जैन, रिद्धेश अनंत बेंडाले, ऋषित गर्ग, श्रेष्ठ सुरैया और स्वरित जोशी के भारतीय दल को हार्दिक बधाई।

**नरेन्द्र मोदी**


भाजपा अदालतों के ज़रिए राजनीतिक लड़ाइयाँ लड़ती है: उमर 11

'कैच द रेन' अभियान को मिली गति 11


## संक्षेप

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 27 जुलाई तक बढ़ी

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा धनराशि चोरी के मामले में जेल में निरुद्ध सभी आठों आरोपियों की सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विशेष न्यायालय एंटी करप्शन कोर्ट में पेशी हुई। प्रभारी न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट प्रतिभा नारायण ने सभी आरोपियों की न्यायिक अभिरक्षा रिमांड को 27 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया है। इसके पहले मामले के विवेचक आशुतोष तिवारी ने विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट में चढ़ावा चोरी के सभी आरोपियों की न्यायिक अभिरक्षा रिमांड बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट रजत वर्मा के अवकाश पर होने के कारण प्रार्थना पत्र प्रभारी न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट प्रतिभा नारायण के समक्ष पेश किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेल में निरुद्ध आठों आरोपियों को प्रभारी न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। न्यायाधीश ने सभी आरोपियों के न्यायिक अभिरक्षा रिमांड की अवधि 14 दिन और बढ़ा दी।

### नोएडा भूमि घोटाले की जांच अब विजिलेंस करेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नोएडा में जमीन अधिग्रहण के बदले किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने से जुड़े मामले की जांच अब उत्तर प्रदेश सरकार की विजिलेंस इकाई को सौंप दी। इस मामले की जांच पहले विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना की पीठ ने इस मामले में पेश एसआईटी की रिपोर्ट पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि इस मामले में अब तक 6 प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीठ को बताया गया कि दर्ज 6 मामलों में से 3 कथित मिलीभगत के जरिए किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने से संबंधित है, जबकि शेष 3 मामले में प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने के लिए अधिकारियों द्वारा 10 फीसदी कमीशन नगद में लिया जाता था। इन रिपोर्ट पर विचार करते हुए, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को इन मामलों की जांच तत्काल प्रभाव से राज्य की विजिलेंस इकाई को सौंपने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा किबिजिलेंस इकाई से कहा कि वह मामले की जांच अधिकतम तीन माह में पूरा करे।

### सोना 1,500 रुपये टूटा, चांदी 2,000 रुपये फिसली

नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में अनिश्चितता बने रहने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये टूटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं, चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये फिसल गई।

# एसआईटी से जांच की प्रगति रिपोर्ट तलब

## राम मंदिर चढ़ावा गड़बड़ी मामले में सीबीआई जांच की मांग पर केंद्र, उप्र सरकार, ट्रस्ट को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में गड़बड़ी और धन के दुरुपयोग के आरोपों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग वाली याचिकाओं पर सोमवार को केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को अब तक की जांच की स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट में एसआईटी के बारे में भी उल्लेख करने को कहा गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एसआईटी की स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफ़े में दाखिल की जाएगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने मंदिर ट्रस्ट को नोटिस जारी करने को टालने का अनुरोध किया, जिसे पीठ ने अस्वीकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं में से एक के अधिवक्ता ने न्यायालय से सीसीटीवी फुटेज और अन्य अभिलेख सुरक्षित रखने का निर्देश देने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ताओं ने एसआईटी की रिपोर्ट की प्रति उन्हें भी उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन पीठ ने फिलहाल इससे इनकार करते हुए कहा कि जांच जारी है और इस पर बाद में विचार किया जाएगा ।एक याचिका नरेन्द्र कुमार गोस्वामी ने स्वयं दायर की है, जिसमें सीबीआई जांच के साथ-साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय लेनदेन का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) से ऑडिट कराने की मांग की गयी है। दूसरी याचिका अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव ने दायर की है। इसमें भी सीबीआई जांच की मांग करते हुए केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और ट्रस्ट को श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि आरोप अंततः सही साबित हों या नहीं, लेकिन वित्तीय अनियमितताओं की रिपोर्टों से राम मंदिर आंदोलन का समर्थन करने वाले और दान देने वाले लोगों में व्यापक चिंता पैदा हुई है। तीसरी जनहित याचिका राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह ने दायर की है। इसमें उच्चतम न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच के अलावा ट्रस्ट के पूरे वित्तीय लेनदेन का फॉरेंसिक जांच कराने की मांग की गयी है। याचिका में सभी वित्तीय दस्तावेज, डिजिटल लेजर, यूपीआई लेनदेन का विवरण और बैंक अभिलेख सुरक्षित रखने का निर्देश देने की मांग की गई है, ताकि किसी भी साक्ष्य से छेड़छाड़ न हो सके। याचिकाकर्ता ने यह भी अनुरोध किया है कि प्रस्तावित निगरानी समिति की पूर्व अनुमति के बिना ट्रस्ट को बड़े निवेश, महत्वपूर्ण अनुबंध या बड़े वित्तीय निर्णय लेने से रोका जाए। साथ ही ट्रस्ट को पारदर्शिता के हित में जांच की गयी वित्तीय रिपोर्ट और दान संबंधी विवरण अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का निर्देश देने की भी मांग की गयी है।

## राम मंदिर के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद के लिए आवेदन आमंत्रित, 18 जुलाई अंतिम तिथि

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या स्थित राम मंदिर के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद के लिए सोमवार को आवेदन आमंत्रित किए। ट्रस्ट ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई निर्धारित की है।

ट्रस्ट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि अंतिम तिथि को अपराह्न चार बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। यह नियुक्ति इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि मंदिर के चढ़ावे के कथित गबन के आरोपों के बाद ट्रस्ट ने अपने प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से इस पद का सृजन किया है। ट्रस्ट द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सीईओ




की नियुक्ति प्रारंभिक तौर पर तीन वर्ष के अनुबंध पर की जाएगी, जिसे संतोषजनक कार्य निष्पादन के आधार पर बढ़ाया जा सकेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि नियुक्ति अयोध्या में होगी, जबकि वेतन और अन्य सेवा शर्तें आपसी सहमति से तय की जाएंगी।

ट्रस्ट ने इस पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री, 50 से 70 वर्ष की आयु तथा किसी बड़े सार्वजनिक संगठन, संस्थान, सरकारी विभाग या कंपनी में कम से कम 20 वर्ष के प्रबंधकीय अनुभव को अनिवार्य योग्यता निर्धारित किया है। उम्मीदवार को प्रशासन, वित्त, लेखा, मानव संसाधन, जनसंपर्क, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और विधिक मामलों के संचालन का अनुभव होना चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है, ''मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्य करने वाले अथवा किसी मंदिर या हिंदू धार्मिक संस्था के प्रबंधन का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। पात्रता पूरी करने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी भी आवेदन कर सकते हैं। ट्रस्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदक का 'सक्रिय रूप से हिंदू धर्म का पालन करने वाला' होना ● शेष पेज 11 पर

## एसआईटी को धर्मसेना प्रमुख संतोष दुबे ने सौंपे 76 पृष्ठों के साक्ष्य

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण एवं चढ़ावे में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सोमवार को धर्मसेना प्रमुख संतोष दुबे ने 76 पृष्ठों का लिखित साक्ष्य सौंपा। इससे पहले रविवार देर रात उन्होंने क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय में एसआईटी के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपना बयान दर्ज कराया था। एसआईटी के सदस्यों ने उनसे उपलब्ध साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा था।

श्री दुबे ने बताया कि उन्होंने आठ प्रमुख बिंदुओं पर दस्तावेजी साक्ष्य एवं विभिन्न व्यक्तियों के सार्वजनिक बयान जांच में शामिल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि कई यूट्यूब चैनलों एवं मीडिया प्लेटफॉर्म पर संबंधित लोगों द्वारा दिए गए बयानों की भी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। धर्मसेना प्रमुख द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्रेयश त्रिपाठी के माध्यम से एसआईटी को दिए गए लिखित साक्ष्यों में आरोप लगाया गया है कि राजस्थान के बंशी पहाड़पुर के खदान मालिक दिलीप सिंह राठौर मंदिर निर्माण के लिए बिना किसी शुल्क के पत्थर उपलब्ध कराने को तैयार थे, लेकिन कथित कमीशनखोरी के कारण उनका प्रस्ताव अस्वीकार कर महंगे दामों पर



❑ ट्रस्ट भंग करने की उठाई मांग

पत्थर खरीदे गए। उन्होंने इस मामले की जांच कर अधिक भुगतान की गई धनराशि की वसूली की मांग की है। श्री दुबे ने अपने साक्ष्यों में अयोध्या के ग्राम कोट रामचंद्र एवं शाह नवाज पुर स्थित भूमि खरीद में ट्रस्ट के धन के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर भूमि खरीदकर करोड़ों रुपये का नुकसान किया गया। उन्होंने इन मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने 16 और 19 जून 2026 को संबंधित अधिकारियों तथा 21 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय को भी शिकायत भेजी थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्री दुबे ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग करते ● शेष पेज 11 पर

## मुस्लिम पक्ष ने मध्यस्थता बैठक से बनाई दूरी

एजेंसी

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय की पहल के तहत 14 जुलाई को प्रस्तावित मध्यस्थता (प्री-सुलह वार्ता) से प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष ने दूरी बना ली है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने स्पष्ट किया है कि वह इस बैठक में शामिल नहीं होगी, क्योंकि उसके अनुसार यह आमंत्रण बाध्यकारी नहीं है।

यह मध्यस्थता बैठक मंगलवार को वाराणसी के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता केंद्र में प्रस्तावित है। इसमें ज्ञानवापी से जुड़े विभिन्न वादों के पक्षकारों और उनके अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक केंद्र प्रभारी न्यायाधीश की अध्यक्षता में होगी और इसकी निगरानी जिला जज भी कर सकते हैं। बैठक से एक दिन पहले सोमवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के



❑ ज्ञानवापी विवाद : उच्चतम न्यायालय की पहल को प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष ने नकारा

संयुक्त सचिव एस.एम.यासीन ने पत्र जारी कर कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष लोक अदालत और मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के समाधान का जो आमंत्रण दिया गया है, वह अनिवार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि कमेटी ने विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि वह 14 जुलाई को आयोजित मध्यस्थता बैठक में भाग नहीं लेगी। पत्र में कहा गया है कि सर्वोच्च ● शेष पेज 11 पर

## बैंकॉक के बार में भीषण आग, 27 लोगों की मौत, आठ की हालत गंभीर

बैंकॉक। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के मनोरम चतुचक जिले में रविवार देर रात एक बार में भीषण आग लगने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी, जबकि आठ अन्य गंभीर रूप से झुलस गये।

बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 63 से अधिक घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। घायलों को 16 अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया। यह दुर्घटना रविवार रात 11.57 बजे लैट फ्राओ रोड पर सोई लैट फ्राओ-1 रोड के पास 'रोंग बीयर ना लैट फ्राओ' बीयर हॉल में हुई, जब वहां कई ग्राहक मौजूद थे। आपदा रोकथाम एवं शमन विभाग के अनुसार, सूचना मिलने पर दमकलकर्मी आधी रात के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग बार के मंच के पास से शुरू हुई और तेजी से पूरे परिसर में फैल गयी। आग लगते ही बिजली गुल हो गयी और कुछ ही देर में पूरा परिसर धुएं से भर गया। सोशल मीडिया पर सामने आये वीडियो में लोग जान बचाने के ● शेष पेज 11 पर

## भौतिकी ओलंपियाड में भारत नंबर-1

❑ अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2026 में सभी पांच भारतीय छात्रों ने जीते गोल्ड, विश्व में संयुक्त पहला स्थान

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत के युवा भौतिकी छात्रों ने कोलंबिया के बुकारामांगा में चार से 12 जुलाई तक आयोजित 56वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (आईफो) 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ भारत ने चीन, कजाखस्तान, रूस, दक्षिण कोरिया और ताइवान के साथ संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल किया।

कुल 87 देशों के 381 प्रतिभागियों के बीच भारत का यह प्रदर्शन विज्ञान शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बढ़ती प्रतिष्ठा का परिचायक माना जा रहा है। स्वर्ण पदक विजेताओं में पुणे (महाराष्ट्र) के कनिष्क जैन, इंदौर (मध्य प्रदेश) के ऋद्धेश अनंत बेंदाले, द्वारका (नई दिल्ली) के ऋषित गर्ग, मुंबई (महाराष्ट्र) के श्रेष्ठ सुरैया और अहमदाबाद (गुजरात) के स्वरित जोशी सहित कुल पांच विद्यार्थी शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में भारत की गौरवशाली परंपरा और मजबूत हुई है। पिछले एक दशक में ओलंपियाड में भाग लेने वाले सभी भारतीय प्रतिभागियों ने पदक जीतने में सफलता हासिल की है। इस सफलता का श्रेय देश के ओलंपियाड कार्यक्रम को दिया गया है, जिसका संचालन परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधीन टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) के राष्ट्रीय केंद्र होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई) द्वारा किया जाता है। एचबीसीएसई भारत में ओलंपियाड कार्यक्रम का नोडल केंद्र है और बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया, ओरिएंटेशन शिविरों तथा गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान एवं गणित में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को तैयार करता है। परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव एवं परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि पांच स्वर्ण पदक जीतना और संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल करना देश के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा, समर्पण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ एचबीसीएसई-टीआईएफआर के ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका-ईरान की लड़ाई होर्मुज नियंत्रण पर आई

एजेंसी

वाशिंगटन/तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव अब रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य के नियंत्रण के मुद्दे पर केंद्रित होता नजर आ रहा है। दोनों देशों ने इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही की स्थिति को लेकर परस्पर विरोधी दावे किये हैं।

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) ने सप्ताहांत में दावा किया कि उसने बिना अनुमति निर्धारित मार्ग का उपयोग करने का प्रयास कर रहे एक जहाज पर चेतावनी स्वरूप गोलीबारी करने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य बंद कर दिया है।

बाद में ईरान के समुद्री प्राधिकारियों ने भी इस दावे का समर्थन करते हुए कहा कि जब तक क्षेत्र में ''स्थिरता और शांति'' बहाल नहीं हो जाती, तब तक इस जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही संभव नहीं है। इसके विपरीत अमेरिका ने दावा किया कि




होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह खुला है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने कहा कि यह जलमार्ग सभी जहाजों के लिए खुला है और अमेरिकी बल समुद्री नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी नौसेना की देखरेख में संचालित संयुक्त समुद्री सूचना केंद्र ने भी कहा कि ओमान के तट के समानांतर स्थित दक्षिणी समुद्री मार्ग दोनों दिशाओं में जहाजों की आवाजाही के लिए खुला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीएनएन से कहा, ''हमारे हिसाब से यह जलमार्ग खुला है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने रविवार देर रात ईरान के विभिन्न हिस्सों पर एक और बड़े ● शेष पेज 11 पर

## लखनऊ को मिली बड़ी सड़क परियोजनाओं की सौगात,यूपी में 60 हजार करोड़ की नई सड़क परियोजनाओं का ऐलान

# शहीद पथ पर 23 किमी एलिवेटेड रोड का रास्ता साफ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने और उत्तर प्रदेश के सड़क नेटवर्क को नई गति देने के लिए सोमवार को कई बड़ी घोषणाएं की गईं। सरोजनीनगर स्थित सैनिक स्कूल परिसर में आयोजित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे, लखनऊ-हरदोई फोरलेन मार्ग के लोकार्पण तथा इंजीनियरिंग कॉलेज फ्लाईओवर के शिलान्यास समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लिए हजारों करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की सौगात दी।

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक दबाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए एयरपोर्ट से शहीद पथ होते हुए आउटर रिंग रोड तक करीब 23 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड के निर्माण का अनुरोध किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस एलिवेटेड कॉरिडोर के



ऊपर मेट्रो का भी संचालन किया जाए, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम हो सके। राजनाथ ने बताया कि जैसे ही उन्होंने यह प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष रखा, उन्होंने तत्काल इसे स्वीकृति दे दी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि शहीद पथ की परिकल्पना उस समय हुई थी, जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और वह स्वयं सड़क परिवहन मंत्री थे। यदि उस समय शहीद पथ नहीं बना होता तो आज राजधानी की यातायात व्यवस्था और अधिक कठिन होती। उन्होंने लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग को छह लेन करने तथा किसान पथ पर सर्विस लेन बनाने की भी मांग रखी, जिसे गडकरी ने स्वीकार कर लिया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश के लिए 50 से 60 हजार करोड़ रुपये की नई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जबकि अगले दो वर्षों में प्रदेश में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये के सड़क विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक शहर के लिए बाइपास बनाया जाएगा तथा सभी जिला मुख्यालयों को फोरलेन सड़कों से जोड़ने की योजना भी स्वीकृत कर दी गई है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि शहीद पथ एलिवेटेड रोड की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर इसी वर्ष दिसंबर से पहले उसका भूमिपूजन कराने का प्रयास किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी झूठा आश्वासन नहीं दिया और जो घोषणा करते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का हृदय है और इसका विकास देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, कमजोर कानून व्यवस्था और सीमित विकास का प्रतीक था, लेकिन आज प्रदेश आधुनिक आधारभूत संरचना और सुशासन का मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। आज प्रदेश में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे, मेट्रो नेटवर्क और हवाई अड्डों का संचालन हो रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और यही निवेश तथा विकास का आधार बनी है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस जैसी रक्षा परियोजनाओं ने लखनऊ और उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है तथा ● शेष पेज 11 पर

### सौगात

❑ राजनाथ की मांग पर गडकरी ने दी तुरंत मंजूरी

❑ शहीद पथ पर एलिवेटेड रोड के साथ मेट्रो चलाने की भी सहमति

❑ लखनऊ-सीतापुर सिक्सलेन, किसान पथ पर सर्विस रोड और सभी जिला मुख्यालयों को फोरलेन से जोड़ने की योजना को हरी झंडी

# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे सरोजनीनगर के लिए समृद्धि और औद्योगिक विकास का नया द्वार

❒ डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जताया आभार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनी नगर, लखनऊ । सरोजनीनगर स्थित यूपी सैनिक स्कूल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा 4,850 करोड़ से अधिक लागत की 3 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया, जिसमें रिकॉर्ड समय में निर्मित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का भव्य लोकार्पण भी शामिल रहा। इस ऐतिहासिक अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समारोह में सहभागिता करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक निर्णायक मोड़ बताया। राजेश्वर सिंह ने विश्वास व्यक्त किया था कि लखनऊ- कानपुर एक्सप्रेस-वे सरोजनीनगर को प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक, निवेश एवं विकास केंद्र के रूप में नई पहचान दिलाएगा तथा क्षेत्रवासियों के जीवन को अधिक सुगम, समृद्ध एवं अवसरों से परिपूर्ण बनाएगा। पूरे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, टेक्सटाइल हब एवं नए रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर शिक्षा, आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं, व्यापार, निवेश और रोजगार तक अधिक सुगम पहुंच प्राप्त होगी, जिससे सरोजनीनगर विकास के नए युग में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आधुनिक अवसंरचना और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे को प्रदेश की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि इससे स्टेट कैपिटल रीजन के विकास को नई गति मिलेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुदृढ़ कानून व्यवस्था और आधुनिक अवसंरचना उत्तर प्रदेश को औद्योगिक एवं निवेश का प्रमुख केंद्र बना रहा है। उन्होंने लखनऊ की यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए एयरपोर्ट से आउटर रिंग रोड तक प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर का भी उल्लेख किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए 50,000-60,000 करोड़ की नई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। उन्होंने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे सहित नई कनेक्टिविटी परियोजनाओं को प्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश और सुगम आवागमन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। समारोह के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण तथा उपस्थित जनता का आभार व्यक्त किया।

# कोरांव के बैंदवार कला की आदिवासी बस्ती में पेयजल को तरस रहे लोग

❒ पूर्व सांसद द्वारा खर्च के बाद भी नहीं मिला पानी, हैंडपंप से आ रहा गंदा पानी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज । विकास खंड कोरांव के बैंदवार कला गांव में पेयजल की भारी किल्लत है। पूर्व सांसद श्यामा प्रसाद द्वारा इस गांव को गोद लिया गया था। घर-घर पानी पहुंचाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर जगह-जगह रूम, टंकी और ट्रांसफार्मर लगवाए गए थे। लेकिन आज तक लोगों को पानी नसीब नहीं हुआ। लगे उपकरण और बिल्डिंग भी अब जर्जर हो चुके हैं।

तहसील कोरांव से कुछ ही दूरी पर बसी आदिवासी बस्ती में दर्जनों आदिवासी परिवार और एक धईकार बिरादरी का परिवार गुजर-बसर कर रहा है। बस्ती में दरबारी आदिवासी के घर के पास लगा हैंडपंप लाल, गंदा और बदबूदार पानी देता है। दूसरा हैंडपंप भूडा आदिवासी के घर लगा है, लेकिन वहां से भी अन्य लोगों को पानी नहीं मिल पाता। स्थानीय निवासी बूटूनी देवी पत्नी नचकऊ , सुमन देवी पत्नी अजय ,विनीता पत्नी करन , ने बताया कि खाना बनाना, कपड़ा धोना और स्नान करने के लिए उन्हें तहसील से पानी लाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि हम मजदूरी करके अपना भरण-पोषण करते हैं, लेकिन पानी नजदीक न होने के कारण रोजाना काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कुछ दूरी पर बने महामाया आवास में भी कई परिवार रहते हैं, लेकिन वहां भी पानी और बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है।

ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल, खंड विकास अधिकारी कोरांव और एसडीएम कोरांव से मांग की है कि बस्ती में तत्काल स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराई जाए।

इस संम्बन्ध में तहसीलदार कोराव ,प्रयागराज रोशनी सोलंकी इस तरह की समस्या की जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं था इस मामले में खंड विकास अधिकारी से वार्ता करुगी जो संभव होगा सहयोग किया जाएगा ।

## कुकरैल नदी किनारे विकसित हो रहे रामानुज वन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के ''वृक्षारोपण महायज्ञ-2026'' के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ द्वारा कुकरैल नदी के किनारे सौमित्र वन के पीछे विकसित किए जा रहे रामानुज वन में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सहभागिता करते हुए 03 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कराया तथा पर्यावरण संरक्षण और हरित लखनऊ के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने जामुन, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अर्जुन,कार्यकारिणी उपाध्यक्ष/पार्षद दल के उपनेता श्री सुशील तिवारी 'पम्मी' जी ने चक्रेसिया, पार्षद हरीश चंद्र लोधी जी ने कचनार तथा अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने जामुन का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण के साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धामपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प पूर्ण, शीघ्र होगा लोकार्पण

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** भारतीय रेल द्वारा देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, यात्री-अनुकूल एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल स्थित धामपुर रेलवे स्टेशन (जनपद-बिजनौर) का व्यापक पुनर्विकास कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। स्टेशन पर सभी निर्धारित विकास कार्य पूरे हो चुके हैं तथा शीघ्र ही इसके लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने सोमवार को बताया कि धामपुर शहर का एक समृद्ध इतिहास रहा है। सन 1933 में मात्र 300 टन प्रतिदिन की पेराई क्षमता के साथ शुरू हुई 'धामपुर शुगर मिल' आज भारतीय चीनी उद्योग का एक बड़ा नाम है। वर्तमान में धामपुर रेलवे स्टेशन माल ढुलाई और यात्रियों, दोनों के लिए एक लाइफलाइन है। धामपुर रेलवे स्टेशन को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। स्टेशन भवन का आकर्षक एवं आधुनिक स्वरूप विकसित किया गया है। बेहतर प्रकाश व्यवस्था, उन्नत प्रतीक्षालय, स्वच्छ एवं आधुनिक शौचालय, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएँ, यात्री सूचना प्रणाली, उच्च गुणवत्ता वाले साइनेज, सुगम आवागमन हेतु बेहतर परिसंचरण क्षेत्र तथा स्टेशन परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है। इसके अतिरिक्त हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक पौधारोपण एवं लैंडस्केपिंग का कार्य भी किया गया है। सीनियर डीसीएम महेश यादव ने आगे बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए गए विकास कार्यों से धामपुर रेलवे स्टेशन न केवल अधिक आकर्षक एवं आधुनिक बना है, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बेहतर यात्रा अनुभव भी प्राप्त होगा। स्टेशन का नया स्वरूप क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान एवं स्थानीय विरासत की झलक भी प्रस्तुत करता है। मुरादाबाद मंडल द्वारा स्टेशन पर सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कर लिए गए हैं। अब केवल लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन शेष है, जिसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

## लाइसेंसी पिस्तौल दिखाकर युवती का धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपित दंपत्ति गिरफ्तार

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** महानगर के थाना मझोला क्षेत्र में लाइसेंसी पिस्तौल दिखाकर एक युवती का धर्म परिवर्तन कराने के आरोपित पति-पत्नी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। देर शाम को पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपित जेल भेज दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि थाना मझोला क्षेत्र निवासी एक युवती ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि थाना क्षेत्र के पीर का बाजार निवासी सुल्तान सलाहुद्दीन, उसकी पत्नी मेहनाज बेगम, मौलवी सैयद अशकार के साथ उसके घर आते थे। 6 फरवरी को सुल्तान सलाहुद्दीन, मेहनाज बेगम, मौलवी सैयद अशकार के साथ रिजवान और साकिर नाम दो युवक भी आए थे। इस दौरान सुल्तान सलाहुद्दीन ने लाइसेंसी पिस्तौल दिखाकर उसका धर्म परिवर्तन कर दिया और उसके साथ निकाह करने की बात कही। जब उसने इसका विरोध किया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि मामले में आरोपित सुल्तान सलाहुद्दीन व उसकी पत्नी मेहनाज बेगम को गिरफ्तार कर लिया गया है। आज शाम को दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा अन्य नामजद आरोपितों की तलाश जा रही है।

## पंप ऑपरेटर हत्याकांड : मुनादी से घबराए आरोपित ने कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

**औरैया, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बहुचर्चित पंप ऑपरेटर हत्याकांड में सोमवार को नामजद अभियुक्त हिमांशु गुप्ता ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम), औरैया की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर विचार करने के बाद अदालत ने निर्धारित शर्तों के साथ अभियुक्त की जमानत मंजूर कर ली। जानकारी के अनुसार, कोतवाली औरैया में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने रविवार को अभियुक्त के आवास पर मुनादी कराते हुए उसे फरार घोषित किया था। मुनादी के माध्यम से उसे 24 घंटे के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई थी। पुलिस की इस कार्रवाई के अगले ही दिन सोमवार को अभियुक्त अपने अधिवक्ता के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत पहुंचा और विधिवत आत्मसमर्पण कर दिया। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए विभिन्न कानूनी आधारों पर जमानत की मांग की। वहीं, न्यायालय ने मामले के तथ्यों और दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद अभियुक्त की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आदेश देते हुए अभियुक्त को 20-20 हजार रुपये की दो जमानतें तथा व्यक्तिगत मुचलका प्रस्तुत करने की शर्त पर रिहा किए जाने के निर्देश दिए। न्यायालय के आदेश के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने पर अभियुक्त को जमानत का लाभ मिल गया। गौरतलब है कि पंप ऑपरेटर हत्याकांड जिले का चर्चित मामला रहा है, जिसमें पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। आरोपित के खिलाफ मुनादी की कार्रवाई के अगले ही दिन उसके आत्मसमर्पण और फिर अदालत से जमानत मिलने की घटना पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। मामले की विवेचना पुलिस द्वारा नियमानुसार आगे बढ़ाई जा रही है।

## वैवाहिक विवाद में समझौते पर आपराधिक कार्यवाही निरस्त

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए वैवाहिक विवाद से संबंधित थाना काकादेव, जनपद कानपुर नगर, से उत्पन्न समस्त आपराधिक कार्यवाही को पक्षकारों के बीच हुए समझौते के आधार पर रद्द कर दिया। न्यायालय ने धारा 528 बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत दायर याचिका को स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट में लंबित संपूर्ण कार्यवाही समाप्त कर दी। न्यायमूर्ति चवन प्रकाश की एकलपीठ ने यह पाया कि दोनों पक्ष न्यायालय के बाहर विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान कर चुके हैं। समझौते का सत्यापन भी ट्रायल कोर्ट द्वारा 07 अप्रैल 2026 को किया जा चुका था। ऐसे में मुकदमे को आगे चलाने का कोई औचित्य शेष नहीं है।

# दहेज उत्पीड़न का आरोप, विवाहिता लापता पिता ने थाने में दी तहरीर

❒ तीन माह पहले हुई थी शादी, मारपीट की सूचना देने के बाद से बेटी का नहीं लगा सुराग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ । इटौंजा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के पिता ने अपनी पुत्री के ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने थाना इटौंजा में तहरीर देकर पुत्री को सकुशल बरामद करने तथा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है।

पीड़ित पिता पवन के अनुसार उनकी पुत्री हिमांशी का विवाह लगभग तीन माह पूर्व सीतापुर जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर निवासी प्रदीप गौड़ से हुआ था। विवाह में उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के एक-दो माह बाद ही पति प्रदीप गौड़, सास सुनीता गौड़, ससुर श्रीराम गौड़, ननद प्रीति गौड़ व राखी गौड़, जेठ संदीप कुमार गौड़ तथा भांजे शिवा गौड़ ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया।पिता का आरोप है कि शनिवार रात पुत्री का फोन आया था, जिसमें उसने बताया कि उसके साथ मारपीट की जा रही है और उसे तत्काल ले जाने की बात कही। रविवार सुबह जब वह परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे तो मकान पर ताला लगा मिला। घर में कोई मौजूद नहीं था और सभी आरोपियों के मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ मिले।इसके बाद पीड़ित ने इटौंजा थाने पहुंचकर तहरीर दी और पुत्री की तलाश कराने की मांग की। सोमवार सुबह भी परिजन थाने पहुंचे और विवाहिता को जल्द से जल्द खोज निकालने की गुहार लगाई।

इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि विवाहिता की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उसे बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### विवाहिता के फोन से बढ़ी परिजनों की चिंता

शनिवार रात विवाहिता द्वारा कथित रूप से मारपीट की सूचना देने के बाद से परिजन चिंतित हैं। अगले दिन ससुराल पहुंचने पर घर बंद मिला और किसी से संपर्क नहीं हो सका। परिजनों ने पुलिस से बेटी को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

## डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर पकड़ी स्टांप चोरी, मुकदमा दर्ज कराने के दिए निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को सोंदा में जमीन क्रय-विक्रय के एक स्टांप प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टांप शुल्क की कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सब-रजिस्ट्रार को आख्या प्रस्तुत करते हुए स्टांप चोरी का मुकदमा दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि ग्राम सोंदा निवासी चंपा देवी ने सुनील कुमार एवं रंजन कुमार शर्मा, पुत्र रामेश्वर शर्मा के पक्ष में भूमि का बैनामा किया था। उस समय भूमि का मूल्यांकन 1 करोड़ 11 लाख 62 हजार रुपये किया गया था, जिसके सापेक्ष 7 लाख 81 हजार 500 रुपये का स्टांप शुल्क लगाया गया था।

# निगोहां पुलिस की काउंसलिंग से टूटने से बचा परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के जोन दक्षिणी द्वारा संचालित ''ऑपरेशन किरण'' के तहत निगोहां पुलिस ने एक पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक समाधान कर एक परिवार को टूटने से बचा लिया। पुलिस की समझाइश और प्रभावी काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने का निर्णय लिया। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देश पर थाना निगोहां में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न विवाद की काउंसलिंग कराई गई। इस दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों की बातों को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना तथा आपसी संवाद स्थापित कर मतभेदों को दूर करने का प्रयास किया। लगातार समझाइश और सकारात्मक परामर्श का परिणाम यह रहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के प्रति विश्वास जताते हुए साथ रहने के लिए सहमत हो गए। इसके बाद थाना निगोहां पुलिस ने दोनों के बीच सुलह-समझौता कराया और उन्हें प्रेम, विश्वास तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में नया जीवन शुरू करने की सलाह देकर सकुशल घर रवाना किया।

### क्या है 'ऑपरेशन किरण'

ऑपरेशन किरण पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में संचालित एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य काउंसलिंग, संवाद और आपसी सहमति के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर परिवारों को टूटने से बचाना, रिश्तों में विश्वास कायम करना और समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-BSB-OSD-660-26-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.07.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.07.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-655-26-1 (Advertising- Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.07.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-ON-DigiL-135-25-2 (Misc Static Services-Digital Lockers at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.07.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-GNG-RCR-170-26-1 (Misc Static Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.07.2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-MedStn-179-26-1 (Misc-Static-Services-Medical Facilities at station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.07.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-MBDP-MobStore-147-25-1 (Misc-Static-Services-Mobile and accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.07.2026 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-BSB-OH-662-26-1 (Advertising- Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.07.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-BSB-OH-661-26-1 (Advertising- Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.07.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-THDPK-183-26-1 (Misc-Static-Services-Travel Help Desk/Travelers information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.07.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AYC-THDPK-184-26-1 (Misc-Static-Services-Travel Help Desk/Travelers information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.07.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.07.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.07.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2405/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आयुष राज्यमंत्री ने घाट क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चन कर किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से संचालित 'त्वरित आर्थिक विकास योजना' वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आज प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने वाराणसी के सामने घाट क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चन कर शिलान्यास किया।

### विजय ज्वेलर्स के घर से शिव मंदिर तक बनेगी सड़क

शिलान्यास के अवसर पर डॉ. दयालु ने बताया कि सामने घाट स्थित विजय ज्वेलर्स के घर से राकेश पाण्डेय के घर होते हुए शिव मंदिर तक 60 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य हेतु ?8.65 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। सड़क के निर्माण से क्षेत्रीय नागरिकों एवं शिव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी।

### विकास का संकल्प

मंत्री जी ने कहा, ''माननीय मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट निर्देश है कि वाराणसी के हर वार्ड और गली का विकास हो। यह सड़क उसी संकल्प की कड़ी है। त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है।''

### ग्रामीण अभियंत्रण विभाग करेगा निर्माण

इस अवसर पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड - वाराणसी के अधिकारियों ने बताया कि कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनुराग शर्मा ,पार्षद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, पार्षद सुधीर कुमार त्रिपाठी, मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी, हरदत शुक्ला, सौरभ पाठक, आकाश पांडेय, रजत केसरी, प्रवीण पांडेय, मण्डल महामंत्री प्रिंस द्विवेदी, मण्डल मंत्री विक्रम चौधरी, राकेश पाण्डेय, ख्व.क. शक्ति मिश्रा आदि स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, समाजसेवी, क्षेत्रीय नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एमयूएनपीएल द्वारा 7,500 पौधों का रोपण

❒ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । वृक्षारोपण महाभियान-2026 के अंतर्गत मेजा ऊर्जा निगम प्रा. लि. द्वारा दिनांक 12 जुलाई 2026 को 7,500 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया गया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा सतत विकास के प्रति मेजा ऊर्जा निगम की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अभियान के तहत 5,000 पौधे ऐश डाइक क्षेत्र में तथा 2,500 पौधे मेजा ऊर्जा निगम रेलवे लाइन के किनारे लगाए गए।

कार्यक्रम में श्री सुमित सिंह, उप श्रमायुक्त, प्रयागराज, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) के वैज्ञानिक 'एफ' श्री आलोक यादव तथा एमयूएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जी. श्रीनिवास राव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ सिन्हा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री अशोक कुमार सामल, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), श्री आनंद प्रकाश, महाप्रबंधक (परियोजना), श्री विवेक चंद्रा, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), श्री राम अनुग्रह शुक्ल, सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ सहित अन्य विभागाध्यक्षों एवं बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया। सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा पौधारोपण कर अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान किया।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम महारानी पत्नी महादेव त्रुटिवश कुछ अभिलेखों में दर्ज हो गया था,जबकि मेरा सही और वास्तविक नाम सुशीला है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **प्रार्थीनी, सुशीला पत्नी महादेव, ग्राम मलौली जहांगीरवा, जनपद गोंडा, उत्तर प्रदेश।**



**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची स. | RBL-Ctg-2026 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at RBL Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 22.07.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 22.07.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदातयो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RAEBARELI | Catg-LKO-RBL-SMU-59-24-1 | RBL/PF-2&3/135 | 22.07.2026 at 11:30 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2393/2026

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने आवास पर की जनसुनवाई

❒ जनता की समस्याओं पर सरकार संवेदनशील, मंत्री ने दिए तत्काल निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई कर विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पेयजल, आवास, सफाई, विद्युत बिल संशोधन, अतिक्रमण हटाने, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य जनसमस्याओं से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए। मंत्री श्री शर्मा ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बात की तथा सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लखनऊ निवासी विजय ने स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या बताते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मंत्री ए. के. शर्मा ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उनका किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बेहतर एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराने को कहा। इसी क्रम में गोमतीनगर, लखनऊ से आए एक शिकायतकर्ता ने पेयजल की समस्या से अवगत कराया।

मंत्री श्री शर्मा ने तत्काल नगर आयुक्त गौरव कुमार से दूरभाष पर वार्ता कर समस्या का शीघ्र एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जनपद इटावा से आए फरियादी अतुल कुमार ने ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मंत्री ए. के. शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, इटावा को तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनसेवा और सुशासन के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनता की संतुष्टि ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए।

# यू-डायस लॉगिन और आरटीई शुल्क वृद्धि की मांग को लेकर एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददात




लखनऊ । वित्तविहीन विद्यालय प्रबन्धक एसोसिएशन की कार्यकारिणी विस्तार बैठक रविवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में विद्यालय स्तर पर यू-डायस (ठक्क्द्दक्) लॉगिन उपलब्ध कराने, आरटीई के अंतर्गत शुल्क में वृद्धि करने तथा वित्तविहीन विद्यालयों से जुड़े अन्य लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की मांग की गई। एमएलसी इंजी. अवनीश कुमार सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन स्तर पर प्रमुखता से उठाया जाएगा और समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक मंडल में सेवक राम, जयशंकर बाजपेई, सर्वजीत सिंह, अवधेश सिंह, कैलाश यादव, रंजना द्विवेदी, ऋषभ द्विवेदी, मंजूर अहमद खान एवं शुहैब अख्तर को मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि ने नवमनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षा हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष आमोद कुमार सिंह ने कहा कि वित्तविहीन विद्यालय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनकी व्यावहारिक समस्याओं का समयबद्ध समाधान होने से विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालयों सभी को लाभ मिलेगा। बैठक में अध्यक्ष आमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक पाल, उप वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत सक्सेना, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, आशीष द्विवेदी, अतुल वर्मा, डॉ. अमित सिंह, रमेश चौरसिया, सोम श्रीवास्तव, अंकित उपाध्याय, विशाल मेहता, शैलेश शर्मा, हरीश सोनी, सुरेश चौरसिया, राम अवतार वर्मा, महामंत्री शशांक सिंह, उप महामंत्री कृष्ण पटेल, मंत्री आलोक मिश्रा, आर.के. शास्त्री, मोहम्मद इमरान, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, सुनीता, नीरज द्विवेदी, घनश्याम वर्मा, विनोद, मोहम्मद दानिश, निर्दोष सक्सेना, कोषाध्यक्ष वर्षा सचान, विधिक सलाहकार मुजीब अहमद, अवधेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी हिमानी रिजवी, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, राजेंद्र कुमार, आरती वर्मा, आलोक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# गौतम बिरादरी की मजबूत आवाज बने रोमेंश कुमार गौतम

❒ मलिहाबाद में बढ़ता जनाधार और सामाजिक प्रभाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में रोमेंश कुमार गौतम आज गौतम बिरादरी के बीच एक सम्मानित लोकप्रिय एवं जनसरोकारों से जुड़े सक्रिय चेहरे के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। समाज के हर सुख दुख में सहभागिता, लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास तथा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क के चलते उनका जनाधार लगातार मजबूत होता दिखाई दे रहा है।

रोमेंश कुमार गौतम वर्षों से सामाजिक एकता, भाईचारे और जनसेवा के उद्देश्य से कार्य करते आ रहे हैं। गौतम समाज के युवाओं को संगठित करने, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों को बिरादरी में व्यापक सराहना मिल रही है। ये कारण है। कि समाज के लोग उन्हें अपना मजबूत प्रतिनिधि मानते हैं। और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उनके साथ बड़ी संख्या में जुड़ते हैं। क्षेत्र में आयोजित सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी ने उन्हें समाज के हर वर्ग से जोड़ने का काम किया है। लोगों के बीच सहज व्यवहार, सरल व्यक्तित्व और जनहित के मुद्दों पर मुखर भूमिका के कारण उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। स्थानीय स्तर पर उनकी पहचान एक ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में बनी है।, जो हर समय लोगों के साथ खड़े रहने का प्रयास करते हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है। कि गौतम बिरादरी के बीच रोमेंश कुमार गौतम की मजबूत पकड़ और बढ़ती जनस्वीकार्यता समाजवादी पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान कर सकती है। उनकी सक्रियता से न केवल समाजवादी विचारधारा को बल मिल रहा है। बल्कि संगठन और समाज के बीच संवाद भी लगातार मजबूत हो रहा है। लगातार जनसेवा, सामाजिक सरोकारों और जनता के बीच सक्रिय उपस्थिति के बल पर रोमेंश कुमार गौतम मलिहाबाद विधानसभा में एक प्रभावशाली सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्व के रूप में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर रहे हैं।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया बैंक ऑफ महाराष्ट्र सेक्टर-4 वृंदावन योजना शाखा का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सरोजनीनगर।** सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह आज बैंक ऑफ महाराष्ट्र की सेक्टर-4, वृंदावन योजना शाखा के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा कि बैंक किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं और देश की समृद्धि का रास्ता बैंकों से होकर गुजरता है। सेविंग्स बैंक अकाउंट्स में जमा धन को बैंक निवेश में परिवर्तित करते हैं, जो उद्योगों और उद्यमों तक पहुँचकर रोजगार के नए अवसर सृजित करता है। यही कारण है कि बैंक किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की वित्तीय रीढ़ होते हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र का पंजीकरण वर्ष 1935 में हुआ था। लगभग 90 वर्षों के अपने गौरवशाली इतिहास में इस बैंक ने वर्ष 1969 में राष्ट्रीयकरण के पश्चात भी निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया। अपनी पारदर्शिता, उत्कृष्ट कार्यप्रणाली एवं जनविश्वास के बल पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने देशभर में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है विधायक ने बैंक की जिम्मेदार ऋण प्रदान प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैंक का एनपीए (गघ्इ) मात्र 0.13 प्रतिशत है, जो देशभर में सबसे कम है। उन्होंने इसके लिए बैंक की पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी और कहा कि इसका अर्थ है कि बैंक न केवल सोच-समझकर ऋण प्रदान कर रहा है, बल्कि उसकी प्रभावी मॉनिटरिंग और रिकवरी भी सुनिश्चित कर रहा है। अपने अनुभव साझा करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय में कार्यकाल के दौरान उन्हें बैंकों के कार्यों को निकट से देखने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि बैंक किस प्रकार राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ब्राह्मणी टोला, दौलतगंज में सीवर ओवरफ्लो, गंदगी और बदबू से लोग परेशान



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** के ब्राह्मणी टोला, दौलतगंज क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदा पानी फैल गया है, जिससे इलाके में भारी गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या के कारण राहगीरों और क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने बताया कि इस संबंध में संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों ने जल्द से जल्द सीवर की सफाई कराकर समस्या का समाधान करने और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने की मांग की है।

## ई-रिक्शा में महिलाओं को निशाना बनाने वाली दो महिला शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना गुडम्ब पुलिस ने चेन चोरी और टप्पेबाजी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक मंगलसूत्र का लॉकेट, तीन चेन के टुकड़े पीली धातु तथा 620 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिलाएं ई-रिक्शा में महिलाओं के पास बैठकर बातचीत और हरकतों के जरिए उनका ध्यान भटकाती थीं और मौका मिलते ही उनके गले से मंगलसूत्र व चेन चोरी कर लेती थीं। पूछताछ में दोनों ने अपनी एक अन्य साथी के साथ मिलकर गुडंबा क्षेत्र में हुई चार चेन चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है।यह गिरफ्तारी 12 जुलाई 2026 को जानकीपुरम सेक्टर-जी स्थित पार्षद चौराहे के पास की गई। बरामद आभूषणों के आधार पर संबंधित मुकदमों में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ठेले पर पहुंचकर युवक ने की मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी

**सरोजनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजनौर क्षेत्र के परवर पश्चिम निवासी एक युवक ने स्थानीय व्यक्ति पर ठेले पर पहुंचकर धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उमेश कश्यप पुत्र चुन्नीलाल कश्यप ने थाना प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 12 जुलाई 2026 को शाम करीब 5:10 बजे परवर पश्चिम निवासी अमित लोधी पुत्र उमाशंकर लोधी उसके ठेले पर आया। आरोप है कि वहां उसने धक्का-मुक्की की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उमेश कश्यप का आरोप है कि आरोपी अक्सर विवाद करता रहता है और धमकी देता है कि जहां चाहे चले जाओ, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खाते से उड़ाए गए साढ़े चार लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कुढ़ा निवासी युवक के मोबाइल को हैक कर उसके बैंक खातों से करीब साढ़े चार लाख रुपये निकाल लेने के मामले में आखिरकार मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पीड़ित का आरोप है कि वह करीब कई दिनों से न्याय के लिए मोहनलालगंज कोतवाली के चक्कर लगाता रहा और पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई।पीड़ित संदीप कुमार पुत्र रामनिधि के अनुसार, बीते पांच जून से इक्कीस जून के बीच अज्ञात साइबर ठगों ने उनका मोबाइल हैक कर दोनों बैंक खातों से अलग-अलग ऑनलाइन माध्यम से करीब साढ़े चार लाख रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की, लेकिन तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पीड़ित का कहना है कि लगातार अधिकारियों से शिकायत और गुहार लगाने के बाद मोहनलालगंज पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मामले में मोबाइल नंबर 9204673104 के धारक अज्ञात व्यक्ति पर संदेह जताया गया है।वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच-पड़ताल की गई। प्रारंभिक जांच में तथ्यों की पुष्टि होने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार साइबर ठगी से जुड़े तकनीकी साक्ष्य, बैंक खातों की ट्रांजैक्शन और अन्य डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नाबालिक को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के जोन दक्षिणी अंतर्गत थाना निगोहां पुलिस ने नाबालिक बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।एसओ निगोहां के अनुसार थानां क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर आरोप लगाया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिक पुत्री से अल्ताब अहमद पुत्र मुनीर अहमद उर्फ नन्हू निवासी ग्राम रामपुर गढ़ी, थाना निगोहां फोन पर बातचीत करता था।

बीते 10 जुलाई को सुबह आरोपी बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बाद में पीड़िता को उसके घर के बाहर छोड़ दिया गया। आरोप है कि उसकी बेटी के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया गया।पुलिस ने तहरीर के अनुसार दुष्कर्म पाक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को आरोपी अल्ताब अहमद उम्र 23 वर्ष को नगराम-निगोहां मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पेट्रोल पंप पर गाड़ी में पॉलिश का काम करता है। करीब एक वर्ष पूर्व एक शादी समारोह में पीड़िता से मुलाकात हुई थी, जिसके बाद दोनों में फोन पर बात होने लगी। बीते 10 जुलाई को वह उसे लखनऊ घुमाने ले गया था।आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का अभियान

❒ कार्यक्रम में समाज की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । 'झुग्गी पाठशाला' के तृतीय वर्ष का शुभारंभ रविवार को हरदोई रोड स्थित छिन्दोइया खेड़ा में उत्साहपूर्वक किया गया। ''शिक्षा ही वह दीप है जो अंधकार को मिटाकर बेहतर भविष्य की राह दिखाता है'' की भावना के साथ आयोजित कार्यक्रम में नई कक्षा में प्रवेश लेने वाले लगभग 100 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग, पुस्तकें, कॉपियां, नई ड्रेस एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

संस्था वर्ष 2017 से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एकता और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। वर्ष 2024 में शुरू की गई 'झुग्गी पाठशाला' का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ियों और मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़कर उनके भविष्य को संवारना है।

संस्था के संस्थापक नावेद अहमद ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को समान अवसर मिलना चाहिए। यदि उचित शिक्षा और मार्गदर्शन मिले तो झुग्गी में रहने वाला बच्चा भी ऋट्ट, ऋट्ट जैसे उच्च पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि संस्था इसी संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही है।

उन्होंने बताया कि 'झुग्गी पाठशाला' की नींव उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के शुभ आशीर्वाद से रखी गई थी। आज यह अभियान अनेक वंचित बच्चों के जीवन में शिक्षा की नई रोशनी लेकर आ रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व पुलिस उप महानिरीक्षक उदय प्रताप सिंह, पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक रामेश्वर दयाल, मोहम्मद अली साहिल, प्रो. साउदुल हसन, मोहसिन हयात, उबैद अहमद सहित शहर की अनेक गणमान्य हस्तियों ने सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा संस्था के प्रयासों की सराहना की।

# गहलवारा में जलभराव से जनजीवन बेहाल गंदगी के बीच स्कूल जाने को मजबूर बच्चे

❒ ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का लगाया आरोप, शीघ्र जल निकासी और सफाई व्यवस्था की उठाई मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ। विकास खंड काकोरी के अंतर्गत ग्राम गहलवारा, पोस्ट काकोरी में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सड़कें तालाब का रूप ले चुकी हैं। सड़क पर जमा गंदा पानी, गोबर और कूड़े-कचरे के कारण ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को उठानी पड़ रही है। जिन्हें प्रतिदिन इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है। कि डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के सामने लंबे समय से जलभराव और कूड़े का ढेर लगा हुआ है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर फैली गंदगी और फिसलन के कारण आए दिन लोगों के गिरने का खतरा बना रहता है। वहीं दूषित पानी के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है।स्थानीय लोगों का आरोप है। कि कई बार संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है। कि यदि मुख्य सड़क का यह हाल है तो गांव की अंदरूनी गलियों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है। कि तत्काल जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कर सड़क से जलभराव हटाया जाए, नियमित साफ-सफाई कराई जाए तथा कूड़ा-कचरा हटाकर लोगों को राहत दिलाई जाए। उनका कहना है। कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो सकते हैं।

# कम वर्षा वाले जिलों में नहरों-पंप कैनालों से पहुंचाएं पानी: सूर्य प्रताप शाही

❒ मानसून और खरीफ फसलों की समीक्षा को लेकर कृषि मंत्री ने सिंचाई और मौसम विज्ञान विभाग के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । कृषि मंत्री ने सोमवार को विधानसभा स्थित समिति कक्ष में मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर मानसून, वर्षा की स्थिति, खरीफ फसलों की प्रगति तथा सिंचाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य किसानों को समय पर सिंचाई, पर्याप्त पानी और हर संभव तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जनपदों में सामान्य से कम वर्षा हुई है, वहां विशेष निगरानी रखते हुए सिंचाई विभाग के साथ समन्वय बनाकर किसानों तक समय पर पानी पहुंचाया जाए ताकि धान सहित खरीफ की अन्य फसलों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी कुछ दिनों तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना है, जबकि 17-18 जुलाई के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश से मानसून के पुनः सक्रिय होने के संकेत हैं। कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि मौसम संबंधी प्रत्येक अपडेट तत्काल कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसानों को समय रहते आवश्यक सलाह दी जा सके।सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जहां वर्षा की कमी है, वहां नहरों, पंप कैनालों तथा अन्य सिंचाई स्रोतों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि नहरों का संचालन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा किसानों को पानी की उपलब्धता में किसी प्रकार की बाधा न आने पाए।

बैठक में खरीफ अभियान-2026 की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में धान सहित खरीफ फसलों की बुवाई एवं रोपाई में तेजी लाई जाए तथा कृषि विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड में रहकर किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दें। वर्षा की स्थिति के अनुसार वैकल्पिक फसल एवं कृषि प्रबंधन संबंधी सलाह भी किसानों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा खेतों में नमी बनाए रखने के उपायों को प्राथमिकता दी जाए। मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से खेत तालाब, मेड़बंदी तथा जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में तेजी लाकर भविष्य की संभावित परिस्थितियों के लिए तैयारी सुनिश्चित की जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि उत्पादन को सुरक्षित रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि किसी भी किसान को पानी, बीज अथवा कृषि संबंधी सुविधाओं के अभाव में नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वर्षा की स्थिति, सिंचाई संसाधनों की उपलब्धता, जलाशयों की स्थिति, नहर संचालन, खरीफ फसलों की प्रगति तथा संभावित मौसम परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# गौशाला सहित ग्राम पंचायत में मिट्टी डलवाये बिना साढ़े चार लाख से अधिक का घोटाला

- ग्राम प्रधान व सचिव शिल्पी वर्मा ने बिना स्टीमेट के किया साढ़े चार लाख से अधिक फर्जी भुगतान
- सचिव शिल्पी वर्मा को एडीओ पंचायत का मिला मिला अभयदान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरगांव, सीतापुर। गौशाला सहित ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी डलवाए बिना करीब साढ़े चार लाख से अधिक रुपये घोटाला करने का मामला सामने आया है।शिकायत के बावजूद भी बीडीओ द्वारा जांच नहीं करवाई जा रही है।हरगांव ब्लॉक की कटियारा ग्राम पंचायत मे गौशाला के अन्दर गड्ढे तक नहीं भरे गए हैं।ग्राम प्रधान और सचिव के घालमेल से 479000(चार लाख उन्नासी हजार )रुपये निकाल कर ग्राम विकास निधि का घोटाला किया गया है। ग्रामीणों ने बताया प्रधान और सचिव शिल्पी वर्मा ने फर्जी तरीके से डोंगल लगाकर गौशाला के अंदर मिट्टी पटान कराये बिना फर्जी फर्मो पर बाउचर अपलोड कर साढ़े चार लाख से से अधिक रुपये का घोटाला किया है।नियम के अनुसार सम्बंक्षित कार्य का अवर अभियंता द्वारा स्टीमेट बनवाया जाये जिसके बाद कार्य कराया जाये लेकिन कटियारा मे मामला नियम के विपरीत है।अवर अभियंता शिवम वर्मा ने कहा मेरे द्वारा कोई स्टीमेट नहीं बनाया गया है।ग्रामीणों का कहना है सचिव द्वारा कमीसन लेकर फर्जी धनराशि निकालकर भ्रस्टाचार किया जाता है।बिना स्टीमेट के साढ़े चार लाख से अधिक हुए घोटाले की जांच कराए जाने की मांग तेज है।सचिव शिल्पी वर्मा पर और भी ऐसे भ्रष्टाचार के मामले है जिनकी जांच होना आवश्यक है।बताया जा रहा सचिव शिल्पी को सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा घोटालो का अभयदान दिया गया है, जिसकी चर्चाएं तेज हैं।खण्ड विकास अधिकारी जाँच कराये जाने की बात तो कह रहे हैं लेकिन जाँच नहीं हो रही हैं।

# रोडवेज बस की टक्कर से ऑटो पलटा, आठ घायल पांच जिला अस्पताल रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, लखीमपुर। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के सिसैयाऽधौरहरा हाईवे पर चफरिया पुल के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार आठ लोग घायल हो गए।जिनमें पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो सिसैया से धौरहरा की ओर आ रहा था। चफरिया पुल के पास पीछे से आ रही रोडवेज बस ने ऑटो में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।हादसे में राधा देवी (30) पत्नी कुंजबिहारी, तारा देवी (35) पत्नी तीरथ राम, नैन्सी (13) पुत्री तीरथ राम, क्रांति (कंाति) देवी (30) पत्नी नरेंद्र कुमार, सभी निवासी हसनपुर कटौली, सुभाष (22) पुत्र सत्येंद्र कुमार तिवारी निवासी आदर्श नगर, धौरहरा तथा शिवांशी (12) सहित कुल आठ लोग घायल हो गए।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा,कस्बा चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह,एसआई विलियम कौशिक एवं हेड कांस्टेबल केदारनाथ शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया।सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने नैन्सी (13),संध्या (8) पुत्री राजेंद्र,तारा देवी,कांति देवी तथा सुभाष की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जबकि अन्य घायलों का उपचार सीएचसी में किया गया।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया। बस की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।वाहन मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की बाइकों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- तीन गिरफ्तार, सात बाइकें बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहंापुर । जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना मिर्ज़ापुर पुलिस ने चोरी की बाइकों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की 07 मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

थाना मिर्ज़ापुर पुलिस को आज सुबह करीब 05 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बहरिया स्थित सरकारी स्कूल मोड़ पर तीन व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ उन्हें बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में एक ने अपना नाम शादाब पुत्र शमशाद, दूसरे ने अपना नाम शबाब पुत्र शमशाद बताया। बताया कि वो लोग सगे भाई हैं और बहरिया गांव में रहते हैं। जबकि तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम शिवम पुत्र जितेन्द्र यादव निवासी गांव भरतापुर थाना मिर्ज़ापुर बताया। पुलिस ने मौके से 07 मोटरसाइकिलें बरामद की और उन वाहनों के कागजात दिखाने को कहा, वो लोग कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों से सख्ती से पूछताछ की, तो अभियुक्तों ने बताया कि वो थाना कलान क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति से कम कीमत में मोटरसाइकिल खरीदते हैं और उनकी मरम्मत कर नंबर प्लेट बदलकर उन्हें अधिक कीमत पर बेच देते हैं। बताया कि कलान क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति का नाम व पता उन्हें पता नहीं है। आज भी वह इन मोटरसाइकिलों को बेचने के उद्देश्य से जा रहे थे। एसपी देहात दीक्षा भंवरे अरूण ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-फरोख्त के संबंध में पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है। अभियुक्तों के गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम आने की संभावना है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना मिर्ज़ापुर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील कुमार के साथ उपनिरीक्षक बन्टी कुमार, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह, मोहम्मद इस्माइल और संतोष कुमार मौजूद रहे।

## मिशन स्कूल भूमि विवादः कोर्ट के आदेशों का होगा पूरा पालनः डीएम



सीतापुर। मिशन स्कूल भूमि विवाद मामले में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह प्रकरण वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि न्यायालय की ओर से किसी प्रकार का स्टे (ट्टथ्थभ) आदेश पारित नहीं किया गया है, बल्कि केवल यथास्थिति (Status Quo) बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में ही संबंधित भूमि का कब्जा लेकर वहां वेंडिंग ज़ोन विकसित करने की कार्रवाई की जा चुकी है। ऐसे में न्यायालय के निर्देशों का पूर्ण सम्मान करते हुए प्रशासन आगे की सभी कार्रवाई विधिक प्रक्रिया के अनुरूप करेगा उन्होंने कहा कि प्रशासन कानून और न्यायालय के आदेशों का पूरी तरह पालन करेगा। इस मामले में अगली सुनवाई 20 जुलाई को निर्धारित है, जिसके बाद न्यायालय के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षाः ऑपरेशन 'मीट एंड ग्रीट' से सुधर रही सीतापुर की यातायात व्यवस्था'

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सीतापुर पुलिस का कड़ा शिकंजा; ऑपरेशन 'मीट एंड ग्रीट' और विशेष चेकिंग अभियान के तहत वसूला लाखों का जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीतापुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभिनव प्रयोग ऑपरेशन 'मीट एंड ग्रीट' और विभिन्न श्रेणियों में की गई प्रवर्तन कार्रवाई के बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

नशेड़ी चालकों पर भारी पड़ा ऑपरेशन 'मीट एंड ग्रीट': सड़क हादसों के आंकड़ों की समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि वीकेंड (शनिवार व रविवार) को शराब पीकर वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सीतापुर यातायात निरीक्षक श्री फरीद अहमद के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस द्वारा खैराबाद क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर प्रत्येक शनिवार और रविवार की रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक विशेष ऑपरेशन 'मीट एंड ग्रीट' चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आधुनिक उपकरणों (ब्रेथ एनालाइजर, रिफ्लेक्टिव जैकेट और टॉर्च) से लैस पुलिस टीमें चेकिंग कर रही हैं। बीते एक माह में इस ऑपरेशन के तहत 158 चालकों का चालान कर 15.80 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। इस अभियान की खास बात यह है कि पुलिस केवल कार्रवाई नहीं कर रही, बल्कि चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक भी कर रही है। साथ ही सफर कर रही महिलाओं से उनका कुशलक्षेम पूछकर उन्हें सुरक्षा व सहायता के उपायों की जानकारी दे रही हैं। 15 मई से अब तक विभिन्न अभियानों के तहत की गई कुल कार्रवाई का विवरणः यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न और अन्य नियमों के उल्लंघन पर पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्रवाई का बिंदुवार डेटा निम्नवत हैः

मोडिफाइड साइलेंसर 47 वाहनों का शमन , कुल जुर्माना 4,70 हजार, प्रेशर हॉर्नः 231 वाहनों का शमन, जुर्माना 23,10 हजार, हूटर-रेड लाइट 01 वाहन का शमन कुल जुर्मानाः 1,000 ड्रिंक एंड ड्राइवः 222 वाहनों का शमन – कुल जुर्माना 22,20 हजार रॉन्ग साइड ड्राइविंगः 649 वाहनों का शमन कुल जुर्मानाः 3,24,500, फॉल्टी नंबर प्लेटः 733 वाहनों का शमन – कुल जुर्मानाः 36,65 हजार, अल्पायु (अवयस्क) चालकः 05 वाहनों का शमन–कुल जुर्माना 50 हजार

### सीतापुर पुलिस की अपील

सीतापुर पुलिस आम जनमानस से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें। शराब पीकर वाहन बिल्कुल न चलाएं, निर्धारित गति सीमा में रहें और अपने वाहनों पर अनाधिकृत रूप से हूटर, प्रेशर हॉर्न या मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# तिलहर के सऊद अनवर खान ने रचा इतिहास

- एसएससी जेई परीक्षा में पूरे देश में हासिल की 22वीं रैंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। तिलहर क्षेत्र के रहने अनवर उल्ला खान के पुत्र सऊद अनवर खान ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित जूनियर इंजीनियर (जेई) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। सऊद ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 22 प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के आधार पर उनका चयन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर हुआ है। यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे तिलहर और शाहजहांपुर जनपद के लिए गर्व का विषय है। सऊद अनवर खान की इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शिक्षकों एवं क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि सऊद की मेहनत, लगन और अनुशासन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। सऊद अनवर खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, गुरुजनों के सहयोग और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर नियमित अध्ययन करने का संदेश भी दिया।

# 'ऑपरेशन रक्षा' के तहत चला विशेष अभियान, होटल-रेस्टोरेंट व सार्वजनिक स्थलों पर हुई सघन चेकिंग

- बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह और नशामुक्ति को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सोमवार को 'ऑपरेशन रक्षा' के तहत व्यापक जनजागरूकता एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, स्पा सेंटर, मसाज पार्लर और ब्यूटी पार्लरों की जांच की गई, जबकि रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह और नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक खीरी के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी)/नोडल अधिकारी के निर्देशन में थाना एएचटी की संयुक्त टीम ने कोतवाली सदर क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान उपनिरीक्षक राम अवतार (प्रभारी थाना एएचटी), मुख्य आरक्षी राजेश कुमार, महिला आरक्षी मुक्त त्रिवेदी, बाल कल्याण समिति के सदस्य राम शरण सिंह तथा चाइल्ड लाइन प्रभारी श्रीमती अंजुम परवीन मौजूद रहीं।

अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान किसी भी स्थान पर कोई अवांछनीय गतिविधि नहीं पाई गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह की रोकथाम तथा नशामुक्ति के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने आमजन को आपातकालीन एवं सहायता संबंधी 1930, 112, 108, 1098, 181, 102 और 1090 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और अपील की कि बच्चों एवं महिलाओं से जुड़े किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन पर दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## अवैध शस्त्र सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त ज्ञानेन्द्र पुत्र रामखेलावन निवासी द्वंदपुर थाना पिसावां सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त उपरोक्त के पास से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ हैं। बरामद अवैध शस्त्र के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 320/26 धारा 25(1-बी) आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत करते हुए अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रोजा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को थाना रोजा पुलिस को तहरीर देकर एक युवती ने थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव गोरा रायपुर निवासी महताब पुत्र कल्लू के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर अटसलिया पुल के नीचे से अभियुक्त महताब पुत्र कल्लू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, कांस्टेबल विशाल अष्टवाल आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप, महिलाओं का कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार और घोटाले का आरोप लगाते हुए सर्वधर्म एकता समिति की प्रदेश अध्यक्ष रीना शर्मा के नेतृत्व में कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया गया और नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने डूडा अधिकारी पर धन उगाही और गरीब परिवारों के शोषण का आरोप लगाया। रीना शर्मा ने कहा कि पात्र होने के बावजूद कई वर्षों से बेघर लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन लेने के लिए जब नायब तहसीलदार सत्येंद्र कटियार पहुंचे, तो महिलाओं ने उनसे मिलने से इन्कार कर दिया। वे जिलाधिकारी से ही मिलने पर अड़ी रहीं। इस दौरान रीना शर्मा के साथ नीलम हांडा, मोनी, राना कुमारी, अनीता, रंजीता, रुबीना और निशा आदि कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कंाट पुलिस ने किशोरी के अपहरण, उसके साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 11 जून को थाना कंाट पुलिस को एक व्यक्ति ने तहरीर देकर जनपद हरदोई के थाना मल्लावां क्षेत्र के ग्राम मोहब्बतपुर निवासी भीम शंकर तिवारी उर्फ छोटू पुत्र शांति स्वरूप के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि भीम शंकर तिवारी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल कराया और उसकी मेडिकल रिपोर्ट, बयानों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर दर्ज रिपोर्ट में दुष्कर्म तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त भीमशंकर तिवारी उर्फ छोटू को कुर्रिया कलां गांव से शाहबाद हरदोई को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कंाट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के साथ उपनिरीक्षक इन्द्रपाल सिंह और हेड कांस्टेबल उपदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रावण मेले को लेकर भारतीय बजरंग दल सक्रिय, एसडीएम को सौंपा मांगों का ज्ञापन

- मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अस्थायी रोक, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं और यातायात व्यवस्था की उठाई मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ खीरी। आगामी श्रावण मेले को लेकर भारतीय बजरंग दल ने सोमवार को गोला गोकर्णनाथ के उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर श्रद्धालुओं की सुविधा, धार्मिक वातावरण और कानून-व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। संगठन ने कहा कि सावन माह में लाखों शिवभक्त और कांवड़िये गोला गोकर्णनाथ पहुंचते हैं, ऐसे में प्रशासन को विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी चाहिए।

ज्ञापन में संगठन ने श्रावण मास के दौरान गोला नगर एवं मंदिर परिसर के आसपास मांसाहारी खाद्य पदार्थों जैसे बकरा, मुर्गा, मछली, अंडा और बिरयानी की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने की मांग की। साथ ही मंदिर क्षेत्र में प्रसाद की दुकानों पर दुकान संचालकों का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कराने का भी अनुरोध किया, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सके।

भारतीय बजरंग दल ने सावन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पार्किंग, स्वच्छ पेयजल, महिला एवं पुरुषों के लिए पर्याप्त एवं साफ-सुथरे शौचालय, बेहतर सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की।

संगठन ने नगर और आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे आवारा गोवंशों को सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाकर उनके भोजन, पानी और उपचार की समुचित व्यवस्था कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके अलावा नगर में संचालित अवैध बैटरी ऑटो-रिक्शा और अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इससे सावन मेले के दौरान लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा होगी। संगठन ने प्रशासन से धार्मिक भावनाओं, जनहित और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन में शामिल सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय बजरंग दल के प्रदेश मंत्री अशोक जोशी, जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता, जिला संगठन मंत्री हिमांशु जोशी, प्रशांत गुप्ता, आशु गुप्ता, बबलू गुप्ता, नैतिक राठौर, मोहित राठौर, सचिन वर्मा, हिमांशु राजवंशी, शिवांशु श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार तिवारी, अभिराम तिवारी, साहिल तिवारी और शानू शाह सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कानून तोड़ा तो होगी कड़ी कार्रवाई, पिसावां थाने में हिस्ट्रीशीटरों को चेतावनी

- थानाध्यक्ष प्रभात गुप्ता का सख्त संदेश, अपराधियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनपद के पिसावां थाना परिसर में सोमवार को थाना क्षेत्र के चिन्हित हिस्ट्रीशीटरों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने की। इस दौरान सभी हिस्ट्रीशीटरों की उपस्थिति दर्ज कर उनके वर्तमान व्यवसाय, निवास और गतिविधियों की जानकारी ली गई।थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी को अपराध से दूर रहकर ईमानदारी से आजीविका चलाने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की हिदायत दी। बैठक में निर्देश दिए गए कि यदि कोई हिस्ट्रीशीटर रोजगार या अन्य कारणों से थाना क्षेत्र से बाहर जाता है तो इसकी जानकारी संबंधित बीट पुलिसकर्मी को अवश्य दे। साथ ही सभी को अपना मोबाइल नंबर हर समय चालू रखने के निर्देश दिए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस तत्काल संपर्क कर सके। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अपराध की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कोई हिस्ट्रीशीटर किसी भी आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सभी हिस्ट्रीशीटरों को शांति व्यवस्था बनाए रखने, कानून का सम्मान करने और सामाजिक जीवन में सकारात्मक भूमिका निभाने की सलाह दी गई। इस दौरान थाना पिसावां के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान, किए 1843 चालान



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में तथा एसपी सिटी देवेंद्र कुमार और क्षेत्राधिकारी यातायात शिवम वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने शनिवार और रविवार रात 08 बजे से 11 बजे तक थाना मदनापुर, सिंधौली, खुटार और पुवायां क्षेत्र में स्थित टोल प्लाजा सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात पुलिस में ड्रंकन ड्राइविंग के 34, मॉडिफाइड साइलेंसर के 02, प्रेशर हॉर्न/ हूटर के 58, ओवर स्पीडिंग के 153, तीन सवारी के 66, बिना हेलमेट के 993 तथा अन्य उल्लंघनों में 537 चालान किए। इस तरह यातायात पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कल 1843 चालान किए। यातायात प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे की अवस्था में वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। बताया कि चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस ने नगर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर विशेष यातायात जागरूकता अभियान संचालित कर लोगों को जागरूक किया।

# श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं निर्विघ्न संपन्न कराने को लेकर डीएम एवं एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में आगामी श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं निर्विघ्न संपन्न कराने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक संचालित रहेगी। इस दौरान 3, 10, 17 एवं 24 अगस्त को सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रहने की संभावना है। उन्होंने संबंधित विभागों से अब तक की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जनपद के चार प्रमुख कांवड़ मार्गों तथा गंगा एक्सप्रेसवे के संचालन के दृष्टिगत यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। हरिबाबा बांध,

❒ बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक संचालित रहेगी

सिसौना डांडा एवं राजघाट (बबराला) सहित प्रमुख घाटों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं संभावित समस्याओं के संबंध में धर्मगुरुओं, मंदिरों के पुजारियों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों से सुझाव प्राप्त किए गए तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि पिछले दो-तीन वर्षों से पुलिस एवं प्रशासन ने संयुक्त रूप से ''सम्भल टीम'' के रूप में कार्य करते हुए कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है तथा जनपद में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख शिव मंदिरों एवं जलाभिषेक स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गंगा एक्सप्रेसवे के प्रवेश एवं निकास स्थलों पर विशेष पुलिस सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कांवड़ यात्रा के लिए रूट डायवर्जन योजना, होल्डिंग एरिया, बैरिकेडिंग एवं यातायात प्रबंधन की अग्रिम तैयारी करने के निर्देश दिए। डीजे के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने, प्रत्येक थानाध्यक्ष से कांवड़ जत्थों एवं डीजे संचालकों की सूची प्राप्त करने तथा उनके साथ बैठक कर शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराने के निर्देश भी दिए। स्वयंसेवकों एवं जत्था प्रमुखों के लिए ''क्या करें एवं क्या न करें'' संबंधी पंपलेट तैयार कर वितरित करने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में जनपद के सभी प्रमुख घाटों की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा बैरिकेडिंग, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कांवड़ मार्गों एवं प्रमुख मंदिरों के आसपास विशेष साफ-सफाई, कूड़े के ढेर तथा झाड़-झंखाड़ हटाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने निर्देशित किया कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी जलभराव की स्थिति न बनने पाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा सभी अधिशासी अधिकारियों (नगर पालिका एवं नगर पंचायत) को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि वर्षा के दृष्टिगत विद्युत पोलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा विद्युत पोलों पर पॉलिथीन चढाने , झूलते हुए तारों को तत्काल ठीक कराया जाने तथा कांवड़ मार्गों पर स्थित ऐसे सभी स्थानों की सूची उपलब्ध कराई जाए जहाँ विद्युत तारों के कारण कोई संभावित खतरा हो। पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 के प्रभारी को निर्देशित किया कि पिछले पाँच वर्षों में कांवड़ यात्रा के दौरान हुई घटनाओं का विवरण जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जनपद में सभी सीसीटीवी कैमरों एवं सार्वजनिक उद्घोषणा (पीए) प्रणाली को शत-प्रतिशत क्रियाशील रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में गैंगहेटा स्थित मंदिर, फतेहपुर भाऊ शिव मंदिर, मूँछों वाला मंदिर (चन्दौसी), मौलागढ़ शिव मंदिर, तीर्थ मंदिर (सरायतरीन) सहित विभिन्न स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मातीपुर के पास पेचवर्क, खिरनी सौधन मार्ग के गड्ढों की मरम्मत, मौलागढ़ शिव मंदिर के पास जल निकासी, तीर्थ मंदिर सरायतरीन मार्ग पर पेचवर्क तथा हरिबाबा बांध के समीप सड़क निर्माण सहित अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि थाना, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर समय रहते बैठकें आयोजित कर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। प्रमुख मंदिरों के व्यवस्थापकों से समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विगत वर्षों में कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हुई है, उसी प्रकार इस वर्ष भी सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराएं।

# कुल्हाड़ी से पिता की हत्या करने वाला आरोपी बेटा गिरफ्तार, साथी फरार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ब्यौर में बीते शुक्रवार को बेटे ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी थी। अपने साथी के साथ वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कुल्हाड़ी लहराते हुए भाग गया था। पुलिस ने आरोपी अहिवरन के भतीजे राजबीर की ओर से उसके और उसके साथी राकेश पर दादा राधेलाल की हत्या करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। वहीं सोमवार को मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा,वहीं दूसरा आरोपी अभी तक पुलिस की ओर से फरार है। बता दे कि शनिवार को पुलिस ने राधेलाल के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में राधेलाल के गर्दन में चोट लगने के कारण मौत की पुष्टि हुई है।पोस्टमॉर्टम के बाद राधेलाल का शव जब घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। वहीं शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, घटना के तीसरे दिन मुख्य आरोपी अहिवरन को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है, और राकेश अभी फरार चल रहा है।वहीं सीओ सिटी राहुल पांडेय ने बताया कि आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी, इसी क्रम में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

# दबंगों के हौसले बुलंद, दबंगई के बल पर 125 मीटर दीवार गिराई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। थाना अलापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदी नगला कोर्ट में मामला विचार धीन होने के बावजूद दबंगों ने अपनी दबंगई के बल पर 125 मीटर दीवार गिरा दी है, अलापुर पुलिस ने मौके पर तत्काल की कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया है, आपको बता दे कि मामला थाना अलापुर के ग्राम पंचायत चंदी फाजल का है जहां पर लंबे समय से न्यायालय मे लंवित चल रहा है 125 मीटर लंबी दीवार विवाद इसको देखते हुए दातागंज एसडीएम पर तहसीलदार द्वारा स्थिति स्थाई बनी रहने की बात कही इतना होने के बावजूद भी गांव के ही पूर्व प्रधान शेर सिंह द्वारा को गांव के ही कुछ दबंग लोग जमाकर रात में करीब 1:00 बजे 125 मीटर लंबी दीवार गिरा दी गई जब वादी को सूचना मिली तब उन्होंने जाकर थाना अलापुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की बात कही, अलापुर पुलिस ने मौके पर जाकर 125 मी दीवाल गिरी देखी वही जिनके द्वारा दीवाल गिराई गई थी दो नाम दर्ज और बाकी अज्ञात लोगों के खिलाफ तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया और जांच में जुटी थाना अलापुर पुलिस

एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जीरो टैलनिश की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में कुछ दबंग अपनी दबंगई से बाज नहीं आते है, अब देखने वाली बात यह होगी ऐसे दबंगो पर क्या कार्रवाई करती है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा चलाया गया विशेष अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ अज्जी हलवाई, बहजोई की मिठाई निर्माणशाला का किया गया निरीक्षण, निर्माणशाला में पायी गई बिना लाइसेंस के संचालित व परिसर में पायी गई अत्यधित गंदगी, कराया गया तत्काल बंद

❒ विभिन्न प्रतिष्ठानों से संग्रहित नमूने जाँच हेतु भेजे प्रयोगशाला

संभल। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है।

निरीक्षण के दौरान अज्जी हलवाई, कुम्हारन मोहल्ला, बहजोई स्थित निर्माणशाला का निरीक्षण किया गया। मौके पर खाद्य लाइसेंस मांगने पर प्रतिष्ठान स्वामी द्वारा ब्रह्म बाजार स्थित दुकान का लाइसेंस प्रस्तुत किया गया परंतु निर्माणशाला का लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके।

निरीक्षण के दौरान टीम को परिसर में अत्यधिक गंदगी पायी गई, फर्श जर्जर अवस्था में मिला, दीवालों पर छत पर जाले आदि लगे मिले, मिठाई आदि खुली अवस्था में भंडारित मिली, परिसर में मक्खी/कीट आदि व अन्य अनियमिताएं भी मिली। मौके पर भंडारित पनीर में मिलावट की संभावना के दृष्टिगत पनीर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। साथ ही निर्माणशाला का तत्काल संचालन बंद कराया गया एवं नियमानुसार लाइसेंस/पंजीकरण प्राप्त कर व आवश्यक सुधार किए जाने के उपरांत ही संचालन प्रारम्भ किए जाने के निर्देश दिए गए। विभाग द्वारा उक्त प्रतिष्ठान को समय देते हुए समस्त कमियों को निर्धारित समय तक दूर किया जाने का निर्देश दिया है। खामियों को दूर करने के बाद ही पुनः संचालन की अनुमति दी जायेगी।

वही निरीक्षण के दौरान टीम ने समस्त पहलुओं का जायजा लिया गया और नन्हू मिठाई शॉप, स्थान मौध जूलेपुरा , गुन्नौर से खाद्य पदार्थ बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। कन्हैया स्वीटस, स्थान गुन्नौर से खाद्य पदार्थ- गुलाब जामुन का नमूना संग्रहित किया गया।

निरीक्षण के सम्बन्ध सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड द्वितीय मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि संभल में नमूने की जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## इस्लामनगर पुलिस की गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इस्लामनगर के जगदीशपुर गांव में पुराने विवाद में हुई मारपीट में घायल कुंवरपाल की राजकीय मेडिकल कॉलेज में मौत होने के बाद इस्लामनगर पुलिस की टीम राजकीय मेडिकल कॉलेज पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी करने आई थी। इसी दौरान बदायूं जाते समय इस्लामनगर थाने की गाड़ी से गांव बरामयखेड़ा पर थाना उझानी क्षेत्र के रोशननगर निवासी बाइक सवार सत्यभान 40 पुत्र सुखपाल को टक्कर लगने से सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरने के उनके पैर में चोटें आई है। सत्यभान को घायल अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया।

## 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के लिये मजिस्ट्रेट नामित

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने 16 जुलाई 2026 (गुरुवार) को आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि रथ यात्रा विरुआबाड़ी मंदिर से प्रारंभ होकर पथिक चौक, टिकटगंज, हलवाई चौक, मढ़ई चौक, काली सड़क होते हुए पुनः विरुआबाड़ी मंदिर पर समाप्त होगी। यात्रा के समापन तक नगर मजिस्ट्रेट नगर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए स्थिति पर सतत निगरानी रखेंगे। रथ यात्रा के दौरान उप जिलाधिकारी सदर यात्रा के अग्रभाग, तहसीलदार सदर यात्रा के मध्य तथा तहसीलदार (न्यायिक) यात्रा के पीछे रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी अप्रिय स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की जिम्मेदारी निभाएंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के प्रावधानों का आवश्यकता पड़ने पर अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने नामित अधिकारियों को यात्रा मार्ग का पूर्व निरीक्षण कर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बदायूं को यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा ढीले या लटकते हुए विद्युत तारों को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी को रथ यात्रा के दृष्टिगत एम्बुलेंस सहित आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी को अग्नि सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही बाइक माउंटेड फायर फाइटिंग उपकरणों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को रथ यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल एवं यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित कराने तथा समस्त संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए रथ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

## बच्ची को घर ले जाकर किया बंद किया, युवक हिरासत में

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार शाम गली में बच्चों के साथ खेल रही तीन साल की मासूम को पड़ोस का युवक बदनीयती से अपने घर ले गया। साथ में खेल रहे बच्चों की सतर्कता से परिजन मौके पर पहुंचे तो बच्ची बंद कमरे में रोती मिली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। रविवार शाम पांच बजे के करीब थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल की बच्ची, बच्चों के साथ गली में खेल रही थी। तभी पड़ोस का युवक राजीव मिश्रा (35) बच्ची को अपने घर ले गया। साथ खेल रहे बच्चों ने बच्ची के घरवालों को बताया तो परिजन युवक के घर पहुंचे। जहां बच्ची कमरे के अंदर बंद थी और रो रही थी। बच्ची की दादी के साथ-साथ कई अन्य लोगों ने शोर मचाकर कमरे को खुलवाया। परिजनों ने पीआरवी 112 को फोन कर सूचना दी, जिस पर पीआरवी के साथ-साथ थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पत्नी का 10 साल पहले निधन हो चुका है। आरोपी के खिलाफ 5-6 साल पहले भी पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज था, वह जेल जा चुका है। फिलहाल जमानत पर घर में रह रहा था। सीओ दातागंज अशेष नाथ सिंह ने बताया आरोपी पुलिस की हिरासत में है। बच्ची के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आषाढ़ अमावस्या का पर्व आज, नदी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए अधिकारी रहेंगे तैनात

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा व आषाढ़ अमावस्या के सम्बंध में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु कछला गंगा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आषाढ़ अमावस्या का पर्व 14 जुलाई, 2026 दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। जनपद के विभिन्न नदी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु आवागमन एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मजिस्ट्रेट/अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि कछला गंगा घाट बदायूँ की ओर से, कछला घाट कासगंज की ओर, कछला पुल पर, अटैना घाट फर्रुखाबाद की ओर, अटैना घाट बदायूँ की ओर पर तीन शिफ्टों में तथा सुकर्रा घाट थाना सहसवान, मलपुर ततेरा घाट थाना जरीफनगर, नगलावरन जामनी थाना सहसवान, कुंवरपुर चांदपुर घाट थाना जरीफनगर, भुण्डी घाट थाना उसहैत, बेला डांडी घाट थाना दातागंज, नगरिया खनु रामगंगा घाट, नौनी टिकन्ना रामगंगा घाट, हजरतपुर पुल नीचे रामगंगा घाट, मुड़ा पुख्ता थाना दातागंज, चितरी घाट थाना हजरतपुर घाटों पर दो शिफ्टों में कानून एवं शांति व्यवस्था मजिस्टेझट नामित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी नामित मजिस्ट्रेट/अधिकारी निर्धारित समय पर अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। तैनात अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के घाटों पर संबंधित राजस्व, नगर विकास, पंचायत विभाग एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। घाटों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नदी घाटों पर किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारी तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे तथा इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सौंपे गए दायित्वों का पूरी गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करें।

# डीएम-एसएसपी नें कछला गंगा घाट का निरीक्षण कर दिए सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ अंकिता शर्मा द्वारा आषाढ़ अमावस्या गंगा स्नान पर्व के दृष्टिगत थाना उझानी क्षेत्रान्तर्गत कछला गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग स्थल, भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा गंगा स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित स्थलों का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। गंगा घाट पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत महिला पुलिसकर्मियों की प्रभावी ड्यूटी लगाई जाए तथा स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा असुविधा उत्पन्न न होने पाए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये । निरीक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सहायता, पार्किंग प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएँ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, जिससे आषाढ़ अमावस्या गंगा स्नान पर्व सकुशल, शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महराजगंज तहसील में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

❒ राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी के नेतृत्व में सोमवार को महराजगंज तहसील परिसर में भाजपा सरकार की जनविरोधी एवं संविधान विरोधी नीतियों के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने भारत के राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, किसानों, उपभोक्ताओं और आम जनता से जुड़े विभिन्न मामलों में सरकार का रवैया अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कई मुद्दों को उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मेरठ के एसएसपी पर कार्रवाई, ललिता गौतम हत्याकांड के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने, प्रदर्शनकारियों एवं अधिवक्ता रवि गौतम पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, बिना सूचना बिजली बिलों में कथित मनमानी बढ़ोतरी रोकने, सलोन थाना क्षेत्र के खमरिया पूरे कुशल में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने तथा उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो महराजगंज में व्यापक धरना-प्रदर्शन और घेराव आंदोलन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम को सौंपा गया।

# मिड डे मील खाने में निकले कीड़े बच्चों में दहशत के माहौल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर, सीतापुर। आपको बताते चले कि सरकारी स्कूल से शिक्षा व्यवस्था से लेकर खाने तक की पोल खुलती नजर आ रही है आज एक बार फिर घिनौना कारनामा देखने को मिला है। ब्लॉक लहरपुर क्षेत्र ग्राम खानपुर सादात के प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील के खाने मे कीड़े निकलने का मामला प्रकाश में आया है जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में भारी आक्रोश देखने को मिला है नौनिहालों के सेहत के साथ खेला किया जा रहा है लेकिन वही कुछ बच्चों के द्वारा भोजन खाया भी जा चुका था लेकिन कुछ बच्चों के भोजन में जैसे ही कीड़े रहने लगे तो फौरन सारा खाना फ़ेक दिया और उनका आरोप है रसोइयों पर आये दिन ऐसी हरकते सामने आती है कही सब्जी पानी जैसी तो कही दाल पानी जैसी बनती है मामला इतना हद तक गरमा गया विद्यालय तक ही बात सीमित रही यदि मामला ग्रामीणों तक जाता तो क्या होता ये तो विद्यालय प्रबंधन ही जानता आए दिन ऐसी हरकतों से शिक्षा विभाग में हड़कम स मच जाता है इस तरह की हरकतों से आए दिन शिक्षा विभाग पर सवाल उठते हैं जब इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला हमारे संज्ञान में आया है और जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी

# ग्रामीणों की भीड़ ने पावर हाउस में संविदाकर्मियों को पीटा,दफ्तर में की तोड़फोड़

❒ पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरगांव, सीतापुर। हरगांव उपकेंद्र पर सैकड़ों लोगों ने सोमवार करीब 3 बजे बिजली कर्मियों से मारपीट कर तोड़फोड़ की।थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव निवासी आयुष बंसल पिंटू सिंह अरविंद सिंह अभिषेक अजीत सिंह सहित 40 अज्ञात लोगो ने उपकेंद्र पर आकर लाठी डंडो से लैश होकर धावा बोल दिया।

तकनीशियन अक्षय विश्वकर्मा व कुलदीप यादव व उपकेंद्र हरगांव नया पर तैनात तकनीशियन सुतांशू शुक्ला व संविदाकर्मी अतुल बघेल को जमकर मारा पीटा।भीड़ से जान बचाकर भागकर अवर अभियंता अशोक वर्मा सहित कर्मियों ने उपखंड अधिकारी के कार्यालय में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया।उग्र लोगों की भीड़ ने उपखंड कार्यालय का दरवाजा तोड़कर अन्दर घुसकर भी तोड़फोड़ कर डाली।मारपीट में सुतांशू शुक्ला की शर्त फट गई और गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपद्रियों को खदेड़ते हुए कई लोगों को हिरासत में लेकर पूंछताछ कर रही है।उपखंड अधिकारी बालकृष्ण तिवारी ने बताया नरहरपुर गांव में ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद दो ट्रांसफार्मर बदले गये लेकिन किसी कारणवश चल नहीं पाए सोमवार को भी नया ट्रांसफार्मर मँगवाया गया था लेकिन तभी लगभग 40 अराजक तत्वों ने धावा बोल दिया और मारपीट की।घटना के बाद झरेखापुर सहित हरगांव उपकेंद्र पर तैनात विद्युत कर्मचारी थाने में पहुंचकर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया सभी का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# मेधावी छात्रों का सम्मान विधायक की घोषणा टॉपर्स के गांवों में लगेंगी हाईमास्ट लाइटें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉले ज (टामसन)में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में रवि वार को भव्य समारोह आयोजित किया गया।समा रोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मेधावियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम को संबोधि त करते हुए विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया इस दौरान उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनके सम्मान में उनके गांवों में हाईमास्ट लाइटें लगवाई जाएंगी।उनकी इस घोष णा का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शासन की अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है।उन्होंने नीट जे ईई,एसएससी, यूपीएससी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से योजना का लाभ उठाने और निरंतर मेहनत करने का आ ह्वान किया।समारोह में हाईस्कूल वर्ग के सौरभ कुमार श्रीवास्तव (94.67%) राम बदल (88.33 %) और स्मार्ट तिवारी (86.83%) को सम्मानित किया गया।वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में उज्ज्वल सिंह (86.40%)विष्णु प्रकाश (86.20%)वीरेंद्र कुमार (85.40%), दुर्गेश कुमार तिवारी (85.00%) अ खिल श्रीवास्तव (84.00%)तथा सूर्य प्रकाश याद व (82.60%) को सम्मानित कर उनका उत्साहव र्धन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक एस.पी.मिश्रा,प्रबंध समिति के सदस्य टी.पी. सिंह, बसंत शुक्ला,भगवती प्रसाद पाण्डेय, प्रधानाचार्य राजकरन वर्मा,शिक्षक,अभिभावक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।अंत में विद्यालय परि वार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिना नंबर प्लेट की ओवरलोड गाड़ियां बन रहीं मौत का सबब,जिम्मेदार बेखबर

**सड़कों पर नियमों को ठेंगा,बिना पहचान धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन;हादसों की आशंका**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले की सड़कों पर बिना नंबर प्लेट लगी ओवरलोड गाड़ियां बेखौफ दौड़ रही हैं।नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते ये वाहन न केवल याता यात व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए हैं,बल्कि क भी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। इसके बावजूद परिवहन विभाग और पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में है।शहर से लेकर ग्रामीण मार्गों तक ईंट, गिट्टी, बालू और अन्य निर्माण सामग्री से लदी कई गाड़ियां बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भरती दिखाई देती हैं।कई वाहनों पर नंबर प्लेट पूरी तरह गायब है, जबकि कुछ पर नंबर पढ़ा ही नहीं जा स कता है, ऐसे में दुर्घटना होने पर वाहन और उसके मालिक की पहचान करना भी मुश्किल हो जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाह नों की तेज रफ्तार से सड़कें भी तेजी से खराब हो रही हैं और राहगीरों की जान जोखिम में पड़ रही है।स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, बाइक सवार औ र पैदल चलने वाले सबसे अधिक खतरे में रहते हैं

यातायात नियमों के अनुसार बिना नंबर प्लेट वाह न चलाना और ओवरलोडिंग दोनों दंडनीय अपराध हैं,फिर भी जिले में ऐसे वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ते दिखाई देते हैं।यह स्थिति प्रवर्तन व्यवस्था प र सवाल खड़े करती है।अन्य जिलों में समय-समय पर ऐसे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की जाती रही है।वही सवाल उठ रहा है कि आखिर बिना नंबर प्लेट की इन ओवरलोड गाड़ियों पर किसका संरक्षण है....? यदि नियमित जांच अभियान चलाया जाए तो ऐसे वाहनों पर अं कुश लगाया जा सकता है।लोगों ने जिला प्रशासन से विशेष अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड वाहनों को तत्काल सीज करने तथा जि म्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सफाईकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष पर ‘गुंडा टैक्स‘ मांगने का आरोप

## कार्रवाई नहीं हुई तो बेटे संग जिला पंचायत टीन सेड़ में धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिला पंचायत राज विभाग के एक सफाई कर्मी ने सफाईकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष पर चंदे के नाम पर कथित रूप से ''गुंडा टैक्स''वसूलने, जाति सूचक गालियां देने, मारपीट करने और जानलेवा हमला कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है और परिवार के साथ जिला पंचाय त सभागार के टीन सेड़ में धरने पर बैठ गया है।शिकायती पत्र के अनुसार, पीड़ित सफाईकर्मी अनुसूचित जाति का कर्मचारी है और जिलाधिका री आवास पर संबद्ध होकर ड्यूटी कर रहा था। उसका आरोप है कि सफाईकर्मी संघ के जिलाध्य क्ष राघवेंद्र तिवारी उस पर लगातार चंदा देने का दबाव बना रहे थे।आरोप है कि चंदा देने से इनका र करने पर 14 मार्च 2026 को विकास भवन के बाहर उसे रोककर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की गई और नौकरी से हटवाने तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़ित का यह भी आरोप है कि पांच मई 2026 को जब वह अपने गांव से गोंडा आ रहा था, तब कथित रूप से कार से टक्कर मारकर उसकी हत्या का प्रयास कि या गया,जिससे उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया।उसने बताया कि घटना के संबंध में कई बार पुलिस व उ च्च अधिकारियों को शिकायत भेजी,लेकिन राज नीतिक प्रभाव के चलते एफआईआर दर्ज नहीं की गई।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इलाज के दौरान चिकित्सा अवकाश का प्रार्थना पत्र देने के बावजूद बिना नोटिस दिए उसे निलंबि त कर दिया गया।पीड़ित ने आरोप लगाया कि उ सके साथ जातीय आधार पर उत्पीड़न किया गया है।पीड़ित ने प्रशासन से निलंबन निरस्त करने, से वा में बहाल करने,आरोपित के खिलाफ चंदा वसू ली,जातिसूचक गाली-गलौज,मारपीट और जान लेवा हमले का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि तब तक मांगे पूरी नहीं होगी जब तक धरना स्थल से नहीं उठाएंगे। वही सफाईकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी से जब उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने बताया कि हम भी सफाई कर्मचारी हैं और वह भी हमारे घर से एक किलोमीटर की दूरी पर वह भी सफाई कर्म चारी हैं हम लोग साथ में रहते थे और लेनदेन कर ते थे लेनदेन में ही इनको कुछ पैसा ना दे पाने के कारण या मुझ पर फर्जी आरोप लगा रहे हैं।

# बेसमेंट में धड़क रही स्वास्थ्य व्यवस्था जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

**शहर में कई अस्पताल,नर्सिंग होम व जांच केंद्रों के मानकों पर उठे सवाल,सुरक्षा नियमों की अनदेखी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में निजी स्वास्थ्य संस्थानों की कार्य प्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है।शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई अस्पताल,नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर कथित रूप से बेस मेंट में संचालित होने के आरोप लग रहे हैं।सुरक्षा मानकों की अनदेखी के बावजूद जिम्मेदार विभाग की चुप्पी ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है।स्था नीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों का कहना है कि बेसमेंट में अस्पतालों का संचाल न आग,जलभराव या किसी अन्य आपदा की स्थि ति में मरीजों की जान के लिए बड़ा खतरा बन स कता है।इसके बावजूद ऐसे संस्थानों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य विभाग की का र्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों को इन संस्थानों की जा नकारी होने के बावजूद कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रहती है। वहीं यदि अधिकारियों को जानकारी नहीं होने का दावा किया जाता है तो यह भी निगरानी व्यवस्था की गंभीर विफलता मानी जाएगी।मामला केवल अस्पतालों तक सी मित नहीं है। जिले की कुछ पैथोलॉजी लैब और जांच केंद्रों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।आरोप हैं कि कहीं योग्य पैथोलॉजिस्ट की अनु पस्थिति में जांच हो रही है तो कहीं नमूनों को दूसरे शहर भेजकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इससे जांच की गुणवत्ता और मरीजों के उपचार पर अस र पड़ने की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का कहना है कि राजधानी दिल्ली में बेसमेंट में संचालित संस्थानों में हुई दुर्घटनाओं ने सुरक्षा मानकों की अहमियत को उजागर किया था। इसके बावजूद यदि जिले में ऐसे संस्थान बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के चल रहे हैं तो यह चिंता का विषय है।अब मांग उठ रही है कि जिला प्रशा सन और स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से जिले के सभी निजी अस्पतालों,नर्सिंग होम और डायग्नो स्टिक सेंटरों का व्यापक सर्वे कराएं।साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी संस्थान निर्धारित सुरक्षा एवं स्वास्थ्य मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं। लोगों का कहना है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े इस मुद्दे पर अब औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि ठोस और निष्पक्ष जांच की जरूरत है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

क्या बेसमेंट में संचालित अस्पतालों का नियमित निरीक्षण होता है... क्या सभी निजी अस्पताल अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के मानकों का पालन कर रहे हैं...? क्या सभी पैथोलॉजी लैब में योग्य विशेषज्ञ उपलब्ध हैं....? यदि अनियमितताएं हैं तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई

# ब्लड माफिया‘ की जड़ तक पहुंचेगी गोंडा पुलिस, व्हाट्सएप से चलता था खून का काला कारोबार, कॉल डिटेल में खुल रहे नए राज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । अवैध खून की खरीद-फरोख्त करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के भंडाफोड़ के बाद अब पुलिस पूरे देवीपाटन मंडल में फैले ‘ब्लड माफिया‘ नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने की तैयारी में है। शुरु आती जांच में मिले डिजिटल साक्ष्यों ने संकेत दिए हैं कि यह सिर्फ गोंडा तक सीमित मामला नहीं, बल्कि कई जिलों में फैले एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है।इसी कड़ी में नगर कोतवाली पुलिस गिरोह के कथित मास्टरमाइंड बलरामपुर के ब्लड बैंक संचालक अभिषेक सिंह और श्रावस्ती के भिनगा में तैनात लैब टेक्नीशियन सौरभ श्रीवास्तव के संपर्कों की गहन पड़ताल कर रही है।सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए सीओ सिटी योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर दी।टीम को निर्देश दिए गए हैं कि नेटवर्क की हर कड़ी का खुलासा कर दोषियों को कानून के कठघरे तक पहुंचाया जाए।

### व्हाट्सएप ग्रुप बना था ‘कंट्रोल रूम‘, मोबाइल में छिपे हैं कारोबार के राज

जांच में सामने आया है कि अवैध ब्लड कारोबार का पूरा नेटवर्क एक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए संचा लित किया जाता था।इसी ग्रुप पर डोनरों की तला श,रक्त की उपलब्धता, कीमत और सप्लाई से जुड़े संदेश साझा किए जाते थे।पुलिस ने ग्रुप का डेटा और मोबाइल फोन जब्त कर फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है।अधिकारियों का मानना है कि इन डिजि टल साक्ष्यों से कई और नाम सामने आ सकते हैं।

### कहां से आते थे डोनर,किसे बेचा जाता था खून.?

एसआईटी अब यह पता लगाने में जुटी है कि महं गे दामों पर बेचे जाने वाले रक्त के लिए डोनर कहां से लाए जाते थे, उन्हें कितनी रकम दी जाती थी और आखिर यह खून किन अस्पतालों या मरीजों तक पहुंचाया जाता था।जांच एजेंसियां पूरे सप्लाई चेन की परत-दर-परत पड़ताल कर रही हैं।

दलालों निजी अस्पतालों व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारि यों पर भी नजर

गिरफ्तार दलालों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडी आर) खंगाले जा रहे हैं।पुलिस उन निजी अस्पता लों और स्वास्थ्य संस्थानों की भी जांच कर रही है, जहां से इस नेटवर्क को संरक्षण या सहयोग मिलने की आशंका है।जांच का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है और कई संदिग्ध रडार पर हैं।

### स्वास्थ्य विभाग को पत्र,विभागीय कार्रवाई की सिफारिश

पुलिस ने श्रावस्ती के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर लैब टेक्नीशियन सौरभ श्रीवास्तव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है। वहीं,कथित मास्टरमाइंड अभिषेक सिंह के पिता, जो स्वास्थ्य विभाग में तैनात हैं, उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।यदि जांच में साक्ष्य मिले तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### नेटवर्क की एक-एक कड़ी बेनकाब होगी

सीओ सिटी योगेंद्र सिंह ने कहा कि कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आ धार पर पूरे नेटवर्क की कुंडली तैयार की जा रही है।जांच का उद्देश्य केवल गिरफ्तार आरोपियों तक सीमित नहीं है,बल्कि इस अवैध कारोबार से जुड़े हर व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करना है।पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस पूरे नेटवर्क से जुड़े कई और बड़े खु लासे सामने आ सकते हैं।

खून का काला कारोबार करने वाले आरोपी

# हरित उत्तर प्रदेश की दिशा में बलहा की पहल,एक पेड़ माँ के नाम अभियान को मिली नई ऊंचाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के आह्वान पर आयोजित वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विकास खंड बलहा में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार वर्मा के निर्देशन में विकास खंड के समस्त परिषदीय विद्यालयों एवं कार्यालयों में उत्साहपूर्वक किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं पर्यावरण संरक्षण में सहायक पौधों का रोपण किया गया। लगाए गए सभी पौधों की हरितिमा ऐप के माध्यम से जियोटैगिंग भी सुनिश्चित की गई, जिससे पौधों की नियमित निगरानी एवं संरक्षण प्रभावी ढंग से किया जा सके। खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने स्वयं प्राथमिक विद्यालय बंजारन टांडा एवं प्राथमिक विद्यालय गुलालपुरवा सहित विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की आधारशिला भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके संरक्षण का संकल्प भी लेना चाहिए। विकास खंड के सभी विद्यालयों में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। यह अभियान हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, साथ ही लोगों में प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम भी बना।

# राजकीय आईटीआई में आयोजित होगा वृहद रोज़गार मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विश्व युवा कौशल दिवस की पूर्व संध्या पर कौशल प्रशिक्षित, आईटीआई उर्तीण तथा रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत/गैर पंजीकृत युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कौशल विकास, राजकीय आईटीआई तथा जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर, निकट चौपाल सागर नानपारा रोड बहराइच में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 15 से अधिक प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सह नोडल अधिकारी/जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में वाई बी प्रोजेक्ट स्जक प्राइम पैथ एच आर स्जक, प्रयाग कंस्ट्रक्शन एंड सर्विस स्जक, दीक्षित एंड डॉटर्स इंटर प्राइसेज, मनदीप इंडस्ट्रीज, मदरसन सुमी, जीवन बीमा निगम, सिस्का इलेक्ट्रियल एंड मैनेजमेंट, एचडीएफसी बैंक, क्वैसकॉर्प, यंग इण्डिया, ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एव आयुर्वेदिक प्रा.लि. द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अर्ह एवं योग्य युवक-युवतियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की मूल प्रति एवं एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 14 जुलाई 2026 को पूर्वान्ह 10 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं। श्री कुमार ने जिले के युवक-युवतियों का आहवान किया है अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर आयोजन का भरपूर लाभ उठायें।

# गो-रक्षा का शंखनाद करने 15 जुलाई को गोंडा आएंगे जगद्गुरु शंकराचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**81 दिवसीय ‘गविष्टि गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा‘ के तहत धानेपुर में होगी विराट धर्मसभा,**

गोंडा। सनातन परंपरा के प्रमुख धर्माचार्य, ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज 15 जुलाई को गोंडा आ रहे है।उनकी 81 दिवसीय ‘गविष्टि गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा‘ के अंतर्गत दोपहर 12 बजे स्वर्गीय श्री चंद्रशेखर शुक्ल बालिका इंटर कॉलेज, माधवगंज-धानेपुर में विशाल धर्मसभा का आयोज न होगा। शंकराचार्य के आगमन को लेकर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापक उत्साह का माहौल है।यह यात्रा देशभर में गो-रक्षा, सनातन संस्कृति के संरक्षण और धार्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। गोंडा प्रवास के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य श्रद्धालु ओं, संत-महात्माओं, गौसेवकों और सामाजिक संगठनों को संबोधित करेंगे।अपने उद्बोधन में वे गो-रक्षा, भारतीय संस्कृति और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम में गोंडा के अलावा बलराम पुर, बहराइच, अयोध्या, श्रावस्ती और आसपास के जनपदों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभा वना है। इसे देखते हुए आयोजन स्थल पर सुरक्षा, यातायात,पेयजल, चिकित्सा,पार्किंग और श्रद्धालु ओं की सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।शंकराचार्य के स्वागत की तैयारियां अंतिम चर ण में हैं। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं,समाजवादी पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राहुल शुक्ला ने श्रद्धालुओं से समय पर पहुं चकर धर्मसभा में सहभागिता निभाने और गो-रक्षा के इस जनजागरण अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

# हाड़ा बसेहरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। वृक्षारोपण महादिवस-2026 के अवसर पर ग्राम पंचायत हाड़ा बसेहरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विजय वर्मा एवं पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष कृपाराम वर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत की महिलाओं को भी पौधों का वितरण किया गया तथा सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक-एक पौधा रोपित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सादिक हुसैन, ग्राम सचिव हबीब अख्तर, ग्राम पंचायत सदस्य जलालुद्दीन सहित ब्लॉक के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छ वातावरण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

# भारतीय बजरंग दल की 24 अगस्त को निकलेगी भव्य जलाभिषेक बाइक यात्रा, तैयारियों को लेकर हुई योजना बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।भारतीय बजरंगदल द्वारा आयोजित भव्य जलाभिषेक बाइक यात्राऽ2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित योजना बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई बैठक में यात्रा के सफल आयोजन हेतु सुरक्षा, अनुशासन, यातायात व्यवस्था, मार्ग सज्जा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई पदाधिकारियों ने इसे सनातन संस्कृति के गौरव और सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए इसे ऐतिहासिक स्वरूप देने का संकल्प लिया आयोजकों के अनुसार आगामी 24 अगस्त, चतुर्थ सोमवार को प्रातः 6:30 बजे कोतवाली रोड स्थित साईं श्रद्धा बैंक्वेट हॉल से श्रद्धालुओं का एकत्रीकरण होगा इसके बाद श्रद्धालु धनाराघाट स्थित शारदा तट से पवित्र जल लेकर बाइक यात्रा के रूप में माँ पीतांबरा शक्ति पीठ एवं बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर, तकिया दिनारपुर तक प्रस्थान करेंगे, जहां भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया जाएगा बैठक में युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी पर बल देते हुए यात्रा को पूरी तरह अनुशासित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आह्वान किया गया जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश देगा उन्होंने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस विराट धार्मिक यात्रा को सफल बनाने की अपील की हैं।

# वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 का हुआ आगाज पूरनपुर देहात में हुआ वृक्षारोपण

**सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र ग्रामीण फोटो लेकर पर्यावरण बचाने की कर रहे हैं अपील**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए ''वृक्षारोपण महायज्ञ 2026'' का आगाज नगर से सटी ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात में किया गया। अभियान के तहत ग्राम प्रधान रहनुमा बेगम और सचिव अवनीश कुमार के निर्देश पर ग्राम रोजगार सेवक लतीफ अहमद ने मनरेगा श्रमिकों के साथ विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए।कार्यक्रम के दौरान स्कूल, पंचायत भवन, सार्वजनिक स्थल और खाली पड़ी सरकारी भूमि पर आम, नीम, पीपल, सागौन और जामुन सहित कई प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। रोजगार सेवक लतीफ अहमद ने ग्रामीणों से अपील की कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी जरूरी है, तभी




पर्यावरण स्वच्छ और हरियाली युक्त बन सकेगा। सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र पूरनपुर देहात में वृक्षारोपण के साथ एक विशेष ''सेल्फी प्वाइंट'' भी तैयार किया गया है, जो ग्रामीणों और युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हरे-भरे बैकड्रॉप के साथ बने इस सेल्फी प्वाइंट पर लोग पौधे लगाकर फोटो खिंचवा रहे हैं और सोशल मीडिया पर पर्यावरण बचाने का संदेश साझा कर रहे हैं।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फैयाज अहमद ने कहा कि महायज्ञ के तहत पंचायत में चरणबद्ध तरीके से हजारों पौधे लगाए जाएंगे।

# समाजवादी अधिवक्ता सभा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, दो मामलों में कार्रवाई की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट एवं प्रदेश सचिव शिव कुमार शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दो महत्वपूर्ण मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा उनकी पुत्री के संबंध में भ्रामक, असत्यापित एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की जा रही है। ऐसे पोस्ट और वीडियो से उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के साथ ही समाज में भ्रम और सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। अधिवक्ता सभा ने इन सोशल मीडिया अकाउंट्स की तकनीकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।साथ ही ज्ञापन में राजू विश्वकर्मा हत्याकांड का उल्लेख करते हुए मामले की निष्पक्ष, गहन एवं शीघ्र जांच कराने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि पीड़ित परिवार को समयबद्ध न्याय मिले और किसी भी दोषी को बख्शा न जाए।इस अवसर पर आशीष कुमार सक्सेना, शिशिर यादव, जावेद अख्तर, मोहनलाल कश्यप, रामू पाण्डेय एडवोकेट, विकास रस्तोगी एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में समाजवादी अधिवक्ता सभा के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय में डीएम ने तीन नई दर्शक दीर्घाओं का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सोमवार को विद्यालय के प्राचार्य कक्ष में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए छात्रों को बेहतर वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार, सैनिक स्कूल कौहार के प्राचार्य प्रतिनिधि सुनील कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि सरिता सिंह एवं रमेश कुमार तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि गोविंद शुक्ल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह एवं उप-प्राचार्य




नित्यानंदेश नारायण त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये विद्यालय की उपलब्धियों, विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी।जिलाधिकारी संजय चौहान ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, प्रेरणादायी एवं आधुनिक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की सुरक्षा एवं सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण मांगें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। विद्यालय प्रशासन ने परिसर की आंतरिक सड़कों के डामरीकरण, सोलर लाइट स्थापना, ओपन जिम तथा सोलर गीजर जैसी आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी। जिलाधिकारी ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न योजनाओं एवं मदों के माध्यम से

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक हुई**

आवश्यक कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर स्थित विशाल खेल मैदान में अडानी फाउंडेशन द्वारा निर्मित तीन नई दर्शक दीर्घाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्था द्वारा शिक्षा एवं खेल सुविधाओं के विकास में किए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह, उप-प्राचार्य नित्यानंदेश नारायण त्रिपाठी, विकास चंद्र श्रीवास्तव, एन.के. मिश्रा, राकेश कुमार पाल, निधि तिवारी, संदीप कुमार गुप्त, आशीष कुमार गुप्त, विनोद कुमार यादव सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा नेताओं ने राहगीरों को बांटे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू' के नेतृत्व में सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे नगरपालिका चौराहे पर पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सपा नेताओं ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को शुद्ध ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी तैयार करते हैं। उन्होंने लोगों से अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने तथा हर घर तक हरियाली का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर छात्र नेता नोमान अली वारसी,अशोक राजा, संजय खान, पवन यादव, तौफीक कादरी, अहीद खान, नवीर अली मंसूरी सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## एसडीएम अजीत प्रताप सिंह का तबादला, प्रयागराज में मिली नई जिम्मेदारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फ़ेरबदल में पूरनपुर तहसील के उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह का तबादला कर दिया गया है। जारी स्थानांतरण आदेश में उनका नाम शामिल है और उन्हें अब प्रयागराज में नई तैनाती दी गई है।तबादले की खबर मिलते ही तहसील परिसर में हलचल बढ़ गई। प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एसडीएम के कार्यकाल को लेकर चर्चा करते नजर आए।अजीत प्रताप सिंह ने पूरनपुर में अपने कार्यकाल के दौरान राजस्व कार्यों, कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके द्वारा नियमित रूप से तहसील दिवस और समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनकर त्वरित निस्तारण के प्रयास किए गए। बाढ़, अतिक्रमण और भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मामलों में भी उन्होंने संतुलित निर्णय लिए।अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके व्यवहार और काम करने की शैली की सराहना की। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि एसडीएम के कार्यकाल में प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। अब पूरनपुर में नए उप जिलाधिकारी की तैनाती को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। शासन से जल्द ही नए एसडीएम के नाम की घोषणा होने की उम्मीद है।

## पूरनपुर में सवर्ण मोर्चा की बैठक, आरक्षण व यूजीसी नीति पर पुनर्विचार की उठी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक पैलेस में आयोजित सवर्ण मोर्चा की बैठक में आरक्षण व्यवस्था एवं यूजीसी से संबंधित नीतियों पर पुनर्विचार की मांग उठाई गई वक्ताओं ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर देशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी बैठक को संबोधित करते हुए घुंघचाई निवासी डॉ. महेश मिश्रा ने आरक्षण व्यवस्था और यूजीसी की नीतियों की आलोचना करते हुए सरकार से इन्हें वापस लेने की मांग की अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए समान अवसर, शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की तथा जनप्रतिनिधियों से इस विषय पर स्पष्ट रुख अपनाने का आग्रह किया बैठक में स्थानीय स्तर पर सवर्ण मोर्चा की कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया कार्यक्रम के दौरान डॉ. महेश मिश्रा को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता रजनीश राम शर्मा, पंडित राम अवतार शर्मा, अश्वनी मिश्रा, सत्यनारायण मिश्र, विवेक तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे है।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर पूरनपुर में विचार गोष्ठी, विद्यार्थियों ने लिया 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' का संकल्प

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा सोमवार को आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में परिषद के स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संगठन के आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से अवगत कराया गया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रिया शर्मा ने परिषद के ध्येय वाक्य ज्ञान, शील, एकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को अपने जीवन का उद्देश्य बनाएं कार्यक्रम में जिला एसएफएस संयोजक अंकित पांडे, जिला आंदोलन प्रमुख अर्पित मौर्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य, गुरुजन तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन यज्ञ प्रताप सिंह ने किया, जबकि नगर सह मंत्री अर्पित वाल्मीकि ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# एसपी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा के अभिलेख प्रमाणित प्रक्रिया का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । पुलिस अधीक्षक ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा के डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण की चल रही प्रकिया का निरीक्षण किया। नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा होमगार्ड भर्ती परीक्षा की डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण की चल रही प्रकिया का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शैचालय, सीसीटीवी निगरानी आदि अन्य

**एसपी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा के अभिलेख प्रमाणित प्रक्रिया का किया निरीक्षण**

व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारीगण को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं शारीरिक मानक परीक्षण प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक लाइन्स श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सत्ता का थप्पड़ भारी या कानून, पूजा कसौंधन प्रकरण में फिर भड़का जनाक्रोश, एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भाजपा नेत्री एवं भाजपा कोषाध्यक्ष पूजा कसौंधन से जुड़े चर्चित थप्पड़ प्रकरण ने एक बार फिर सुलतानपुर की राजनीति और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार को पीड़ित पक्ष और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पीड़ित अरुण कुमार कोरी पर पहले से दर्ज मुकदमे में समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं उन्हें लगातार धमकियां दिए जाने का भी आरोप लगाया गया। सवाल यह है कि यदि न्याय मांगने वाले को ही दबाव और डर का सामना करना पड़े तो कानून पर जनता भरोसा कैसे करे। पूरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र की शाहगंज पुलिस चौकी का है, जहां



दरोगा की मौजूदगी में भाजपा नेत्री द्वारा अरुण कुमार कोरी को थप्पड़ मारने का आरोप है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी कार्रवाई को लेकर उठ रहे सवाल थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अगर वायरल वीडियो के बाद भी न्याय की रफ्तार सुस्त हो जाए अगर पीड़ित ही समझौते और धमकियों की बात करे तो फिर यह सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या कानून की आंखों पर पट्टी बंधी है या सत्ता की चमक ने उसकी नजरें बदल दी हैं? क्या आम आदमी के लिए कानून अलग है और रसूखदारों के लिए अलग? क्योंकि न्याय में देरी केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं, बल्कि पूरे कानून के भरोसे पर सवाल है।

# रोजी सिंह ने खण्ड शिक्षा अधिकारी दुबेपुर का पदभार किया ग्रहण

कैनविज टाइम्स संवादाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) का प्रतिनिधि मंडल ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिलाउपाध्यक्ष रमेश तिवारी के नेतृत्व में नव नियुक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी दुबेपुर रोजी सिंह के आज कार्यभार ग्रहण करने पर हार्दिक स्वागत किया। बताते चलें पूर्व में कार्यरत बीईओ राम तीर्थ वर्मा की पदोन्नति पीईएस संवर्ग में अयोध्या डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर होने के कारण वे कार्यमुक्त हो गए थे। बीएसए उपेंद्र गुप्त ने कुड़वार ब्लॉक की बीईओ रोजी सिंह को दूबेपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उक्त आदेश के क्रम में श्रीमती सिंह ने आज पदभार ग्रहण किया। अध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा विभागीय कार्यों को समय से निस्तारण करने में शिक्षक पूरा सहयोग करेंगे। श्रीमती सिंह ने कहा विभागीय कार्यों एवं शिक्षकों के कार्यों को समय से निस्तारित करना मेरी




प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य, मंत्री फिरोज अहमद, एआरपी सुनील सिंह, सुरेन्द्र दूबे नोडल शिक्षक संकुल क्रमशः प्रदीप श्रीवास्तव, राजनाथ मिश्रा, मोव खालिद, सुजीत सिंह, अटेवा अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, प्रधानाध्यापक अरुण विक्रम, मो0 इमरान खान, लिपिक बीना पाण्डेय, लेखाकार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, रंजीत, गौरव, राकेश वर्मा, जहीन योगेन्द्र, परवीन, इरफान, उमाकांत, मनेश दिलशाद उपस्थित रहे।

**दुकान में हुई चोरी,जांच में जुटी पुलिस**

कुड़वार/सुल्तानपुर। रविवार की रात चद्दर उठकर दुकान ने घुसे चोरों ने नकदी पर हाथ साफ किया। सोमवार सुबह दुकानदार को जानकारी होने के बाद उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मामला स्थानीय कस्बे के पावर हाउस के सामने अवध ट्रेडिंग कम्पनी दुकान का है। दुकान मालिक दीपक तिवारी निवासी बचनपुर कुड़वार के अनुसार रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा दुकान की टीन शेड उठाकर गल्ले में रखा 40 हजार रुपया नगद चुराकर पीछे का दरवाजा खोल कर निकल गए। सोमवार सुबह जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले के जांच पड़ताल में जुटी है।

# ललिता गौतम हत्याकांड को लेकर पूरनपुर में बुद्धम सेवा समिति और ओबीसी मोर्चा ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच व सुरक्षा की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।मेरठ के चर्चित ललिता गौतम हत्याकांड की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की मांग को लेकर सोमवार को पूरनपुर तहसील परिसर में विभिन्न सामाजिक संगठनों, अधिवक्ताओं और बुद्धम सेवा समिति के बैनर तले प्रदर्शन किया गया प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित को सौंपते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग उठाई ज्ञापन में कहा गया कि मामले की उच्चस्तरीय, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाए, ताकि आमजन का न्याय व्यवस्था पर विश्वास बना रहे प्रदर्शनकारियों ने हत्याकांड की पैरवी कर रहे अधिवक्ता रवि गौतम के साथ मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा कथित अभद्र व्यवहार एवं मारपीट के आरोपों की स्वतंत्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध विभागीय और कानूनी कार्रवाई की भी मांग की संगठनों ने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए अधिवक्ताओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी दिशा-निर्देश जारी करने पर बल दिया वक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत नागरिकों का मौलिक अधिकार है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए प्रदर्शन में अधिवक्ता प्रदीप कुमार सागर, विकास सागर, रामजी गौतम, रामनरेश कुशवाहा, सुरेश चंद्र वर्मा, रवि सागर, सुखलाल, नीरज सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# अब ट्रंप की हत्या का युद्ध

राष्ट्रपति ट्रंप ने 36 घंटे में पांच बार धमकियां दी हैं कि यदि ईरान ने उनकी हत्या कराने की कोशिश की, तो अमरीका उसे तबाह कर देगा, मिट्टी मलबा कर देगा। इसके लिए उन्होंने अमरीकी सेना को आदेश भी दे दिए हैं। पेंटागन एक लंबे साल तक ईरान पर हमले करने और बमबारी करने की तैयारी में जुट गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी खुलासा किया है कि 1000 मिसाइल 'लॉक' और 'लोडेड' कर दी गई हैं। अर्थात उनके निशाने तय कर दिए गए हैं। यदि राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या की गई, तो ईरान पर मिसाइलों और ताकतवर बमों की बारिश कर दी जाएगी। ईरान को लगभग नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। दूसरी ओर, ईरान के सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई ने सार्वजनिक रूप से कसम खाई है कि उनके पिता और ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अली खामेनेई और जंग में मारे गए लोगों का इंतकाम जरूर लिया जाएगा। यह ईरानी अवाम की मांग और भावनाएं भी हैं। मुज्तबा ने ट्रंप और नेतनयाहू को 'दुश्मन' करार दिया है। सुप्रीम लीडर के फरमान से साफ है कि दोनों की हत्या की जाए। सुप्रीम लीडर ने, अंततः, यहां तक कहा, 'हम रहें या न रहें, लेकिन बदला हर हाल में लिया जाएगा।' ट्रंप और मुज्तबा के बयान बेहद भयानक और खौफनाक हैं। यदि राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या की जाती है अथवा ईरान की साजिश वाली रणनीति कामयाब हो जाती है, तो अमरीका और ईरान ही नहीं, दुनिया के एक बड़े भूभाग में प्रलय मच जाएगी। विश्लेषकों के आकलन हैं कि ईरान युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था 2.2 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान झेल चुकी है। ऊर्जा, गैस, खाद्य, मशीनरी, उर्वरक की आपूर्ति बाधित है, तो विश्व में ऐसे संकटों का भी तनाव बना रहेगा। अभी तक देशों ने अपने रिजर्व तेल भंडारों का इस्तेमाल किया है और युद्ध समाप्त होने की प्रार्थनाएं कर रहे हैं। यदि देशों के तेल भंडार भी खत्म होने लगेंगे, तो कच्चे तेल की कीमतें कौनसे आसमान तक जाएंगी, उनका अनुमान अभी संभव नहीं है। भारतीय अर्थशास्त्री मान रहे हैं कि यदि युद्ध 3-4 सप्ताह और खिंच गया, तो कच्चा तेल 120-140 डॉलर प्रति बैरल तक उछल सकता है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि भारत को भी आर्थिक-ऊर्जा संबंधी चुनौतियां झेलनी पड़ेंगी। अभी तक गोदाम भरे थे, लिहाजा कोई चिंता नहीं थी, लेकिन गोदाम खाली होने के बाद कुल नुकसान 950 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। यह भारत की कुल जीडीपी से दोगुना से भी अधिक है। दरअसल बुनियादी सवाल यह है कि क्या ईरान ने राष्ट्रपति ट्रंप को मारने का रोडमैप तक तैयार कर लिया है अथवा इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' की रपट के आधार पर ही हत्या की धमकियां दी जा रही हैं? किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष, शासनाध्यक्ष की जिंदगी पर मौत के भयावह साए मंडराते ही रहते हैं लेकिन ट्रंप पर राष्ट्राध्यक्ष बनने से पहले और बाद में जानलेवा हमले किए गए हैं। यहां तक खबरें हैं कि ईरान ने अमरीका में ही अपने 'स्लीपर सेल्स' सक्रिय कर दिए हैं। मेक्सिको के ड्रग्स तस्करों से भी बातचीत की खबरें सामने आई हैं, क्योंकि वे भी राष्ट्रपति ट्रंप के धुर विरोधी हैं और उनके गिरोह बेहद ताकतवर और हत्यारे माने जाते हैं। बहरहाल हम ऐसी खबरों की पुष्टि नहीं कर सकते। फिर भी सवाल है कि क्या ऐसी साजिशें भी अमरीकी राष्ट्रपति की हत्या कर सकती हैं? अमरीका ने अब्राहम लिंकन, जेम्स ए गैरीफील्ड, विलियम मैकिनले, जॉन एफ कैनेडी सरीखे चार राष्ट्रपतियों के हत्याकांड देखे और झेले हैं, लिहाजा ट्रंप की सुरक्षा में अतिरिक्त, कड़े, बहु लेयर बंदोबस्त किए जा रहे हैं। व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप ने खुफिया एजेंसियों की आपातकालीन बैठक बुलाई थी। अमरीका का भी इस युद्ध में 100 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है। उसके एमक्यू-9 ड्रोन तबाह हुए हैं। उसके लड़ाकू विमान ध्वस्त किए गए हैं। रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि यदि अमरीका को ईरान में जमीनी लड़ाई लड़ने की नौबत देखनी पडी, तो कमोबेश 10 लाख सैनिक चाहिए। और इतने सैनिक अमरीका बलिदान नहीं दे सकता। जमीनी लड़ाई के बिना अमरीका युद्ध नहीं जीत सकता।

# अन्न से ऊर्जा तक आत्मनिर्भर भारत की नई क्रांति का नाम है ई-20

**यहीं से ई20 जैसी पहल का महत्व बढ़ जाता है। यदि पेट्रोल का 20 प्रतिशत हिस्सा भारत के खेतों से उत्पादित एथेनॉल से पूरा होने लगे तो विदेशी तेल पर निर्भरता धीरे-धीरे कम होगी। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, किसानों को नया बाजार मिलेगा और ऊर्जा आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा देश के भीतर ही तैयार होगा। वास्तव में इस बात के लिए सभी को खुश होना चाहिए कि भारत के किसान दशकों से देश का पेट भरते आए हैं। अब पहली बार उन्हें ऊर्जा अर्थव्यवस्था का भी महत्वपूर्ण भागीदार बनाया जा रहा है। गन्ने के साथ-साथ मक्का, चावल और अन्य कृषि आधारित स्रोतों से बनने वाला एथेनॉल किसानों की आय का नया माध्यम बन रहा है।**

भारतीय इतिहास के सबसे कठिन अध्यायों में वर्ष 1965-66 का वह दौर गिना जाता है, जब देश की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही थी, किंतु खेतों की पैदावार उतनी नहीं थी कि हर नागरिक का पेट भर सके। भारत को अमेरिका से पीएल-480 योजना के तहत गेहूं आयात करना पड़ता था। विदेशी जहाजों पर आने वाले अनाज का इंतजार करना उस समय की मजबूरी थी। तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यही भारत कुछ दशकों बाद दुनिया के सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक देशों में शामिल होगा और कई देशों को अनाज निर्यात भी करेगा। अब प्रश्न यह है कि क्या यह परिवर्तन किसी चमत्कार से आया ? निश्चित ही नहीं, चमस्कार नहीं श्रम एवं वैज्ञानिक परिश्रम से अवश्य आया था। इसके पीछे वर्षों तक चले वैज्ञानिक अनुसंधान, दूरदर्शी नीतियां, किसानों का परिश्रम रहा है। आज भारत एक बार फिर उसी प्रकार के परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार चुनौती भोजन की न होकर ऊर्जा जरूरतों की है। फिलहाल देश का जो परिदृष्य है, वह पहले कभी खाद्यान्न के लिए विदेशों पर निर्भर रहने के समान ही मौजूद है। आज भी अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करना पड़ रहा है। यही कारण है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, उसका सीधा प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था, विदेशी मुद्रा भंडार और आम नागरिक की जेब पर पड़ता है।

ऐसे समय में ई20 अर्थात 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कहना होगा कि एक नया ईंधन भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की उस लंबी यात्रा का प्रारंभिक चरण है, जो आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को बदल सकता है। दुर्भाग्य यह है कि जिस पहल को उसके व्यापक राष्ट्रीय संदर्भ में समझा जाना चाहिए, वह सोशल मीडिया पर फैली अधूरी जानकारियों और भ्रामक दावों के कारण विवाद का विषय बनती जा रही है। भारतीय विकास यात्रा का इतिहास बताता है कि लगभग हर बड़े परिवर्तन का प्रारंभ संदेह और विरोध के बीच हुआ। जब हरित क्रांति शुरू हुई, तब भी अनेक विशेषज्ञों ने आशंका जताई थी कि नई किस्म के बीज और रासायनिक उर्वरक भारतीय खेती को नुकसान पहुंचाएंगे। जब श्वेत क्रांति की शुरुआत हुई तो यह कहा गया कि गांवों में संगठित दुग्ध उत्पादन संभव नहीं होगा। डिजिटल भुगतान प्रणाली आई तो अनेक लोगों ने इसे अव्यावहारिक बताया। आज यही भारत दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान नेटवर्क का संचालन कर रहा है। इसी प्रकार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर भी अनेक आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। कोई इसे पुराने वाहनों के लिए नुकसानदायक बता रहा है, कोई इसे इंजन खराब करने वाला ईंधन कह रहा है, तो कोई इसे केवल सरकारी प्रयोग बताकर खारिज करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन यदि तथ्यों और वैज्ञानिक अध्ययनों पर नजर डालें तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। अक्सर ऐसा प्रचार किया जाता है कि भारत ने अचानक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का निर्णय ले लिया, जबकि वास्तविकता यह है कि इस दिशा में काम वर्ष 2001 में ही शुरू हो गया था। सबसे पहले सीमित स्तर पर एथेनॉल मिश्रण का परीक्षण किया गया। वर्ष 2004 में इसे औपचारिक कार्यक्रम का स्वरूप मिला और 2006 तक कई राज्यों में पांच प्रतिशत मिश्रण वाला ईंधन उपलब्ध कराया जाने लगा, उसके बाद भी सरकार ने जल्दबाजी नहीं दिखाई। लगभग दो दशकों तक उत्पादन क्षमता बढ़ाने, वैज्ञानिक परीक्षण करने, ऑटोमोबाइल कंपनियों से परामर्श लेने, नई डिस्टिलरियां स्थापित करने और किसानों को एथेनॉल उत्पादन से जोड़ने की दिशा में लगातार काम किया गया। वर्ष 2018 की राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति और 2021 में जारी ई20 रोडमैप इस पूरी प्रक्रिया के महत्वपूर्ण पड़ाव बने। यानी जिस निर्णय को आज लोग अचानक लागू हुई नीति समझ रहे हैं, उसके पीछे लगभग पच्चीस वर्षों की तैयारी, हजारों करोड़ रुपये का निवेश और हजारों वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, कृषि विशेषज्ञों तथा उद्योग जगत का साझा प्रयास है।

भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उद्योग बढ़ रहे हैं, वाहन बढ़ रहे हैं, सड़कें बढ़ रही हैं और ऊर्जा की मांग




भी लगातार बढ़ रही है, किंतु इसके साथ एक बड़ी चुनौती भी जुड़ी हुई है, वह है कच्चे तेल का आयात। देश अपनी आवश्यकता का अधिकांश कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। इसका अर्थ यह है कि पश्चिम एशिया में युद्ध हो, वैश्विक आपूर्ति बाधित हो या अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ जाएं, उसका सीधा असर भारत पर पड़ता है। यही कारण है कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता आज राष्ट्रीय सुरक्षा का भी विषय बन चुकी है।

यहीं से ई20 जैसी पहल का महत्व बढ़ जाता है। यदि पेट्रोल का 20 प्रतिशत हिस्सा भारत के खेतों से उत्पादित एथेनॉल से पूरा होने लगे तो विदेशी तेल पर निर्भरता धीरे-धीरे कम होगी। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, किसानों को नया बाजार मिलेगा और ऊर्जा आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा देश के भीतर ही तैयार होगा। वास्तव में इस बात के लिए सभी को खुश होना चाहिए कि भारत के किसान दशकों से देश का पेट भरते आए हैं। अब पहली बार उन्हें ऊर्जा अर्थव्यवस्था का भी महत्वपूर्ण भागीदार बनाया जा रहा है। गन्ने के साथ-साथ मक्का, चावल और अन्य कृषि आधारित स्रोतों से बनने वाला एथेनॉल किसानों की आय का नया माध्यम बन रहा है। यह परिवर्तन ग्रामीण भारत को देश की ऊर्जा सुरक्षा से जोड़ने का प्रयास है। जिस प्रकार हरित क्रांति ने किसानों को खाद्यान्न उत्पादन का नायक बनाया था, उसी प्रकार एथेनॉल मिशन उन्हें ऊर्जा उत्पादन का भी सहभागी बना रहा है। आज सूचना का सबसे बड़ा स्रोत सोशल मीडिया बन गया है, किंतु यही सबसे बड़ा भ्रम भी पैदा कर सकता है। किसी एक व्यक्ति का व्यक्तिगत अनुभव पूरे देश की वास्तविकता नहीं हो सकता। सार्वजनिक नीति का मूल्यांकन वैज्ञानिक परीक्षणों, संस्थागत अध्ययनों और व्यापक आंकड़ों के आधार पर किया जाता है। ई20 को लेकर भी यही दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इसे किसी राजनीतिक बहस या सोशल मीडिया ट्रेंड के रूप में देखने के बजाय भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा नीति के रूप में समझना होगा। जिस प्रकार हरित क्रांति के परिणाम एक-दो वर्ष में नहीं दिखाई दिए थे, उसी प्रकार ऊर्जा आत्मनिर्भरता की यह यात्रा भी धैर्य, वैज्ञानिक सोच और निरंतर निवेश की मांग करती है। ई20 को लेकर सबसे बड़ी आशंका यही व्यक्त की जाती है कि इससे पुराने वाहनों के इंजन खराब हो जाएंगे। सोशल मीडिया पर ऐसे अनेक वीडियो और संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं जिनमें दावा किया जाता है कि एथेनॉल इंजन, रबर पाइप और फ्यूल सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है, लेकिन जब इन दावों की तुलना वैज्ञानिक परीक्षणों और वास्तविक आंकड़ों से की जाती है तो तस्वीर अलग दिखाई देती है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार ई20 लागू करने से पहले 40 हजार किलोमीटर से अधिक व्यापक परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों में इंजन की कार्यक्षमता, रबर पार्ट्स, फ्यूल लाइन, धातु पर जंग, उत्सर्जन, ईंधन दक्षता और टिकाऊपन जैसे सभी पहलुओं की जांच की गई। परीक्षणों में ऑटोमोबाइल उद्योग, अनुसंधान संस्थानों तथा तेल कंपनियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। इतना ही नहीं, करोड़ों वाहनों की सर्विसिंग के दौरान भी ई20 के कारण इंजन खराब होने या बड़े स्तर पर तकनीकी समस्या के प्रमाण नहीं मिले। यदि वास्तव में यह ईंधन व्यापक रूप से नुकसानदायक होता तो वाहन कंपनियों के पास लाखों वारंटी क्लेम आते और पूरे ऑटोमोबाइल उद्योग में गंभीर संकट खड़ा हो जाता। ऐसा नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि व्यक्तिगत अनुभव और वैज्ञानिक निष्कर्षों के बीच अंतर समझना आवश्यक है। ई20 को लेकर दूसरा बड़ा तर्क माइलेज का दिया जाता है। सरकार स्वयं स्वीकार करती है कि कुछ वाहनों में तीन से पांच प्रतिशत तक माइलेज कम हो सकता है, किंतु क्या किसी ईंधन का मूल्यांकन केवल माइलेज के आधार पर किया जा सकता है? क्योंकि एथेनॉल की ऑक्टेन रेटिंग अधिक होती है। इससे इंजन में बेहतर दहन होता है, एंटी-नॉक क्षमता बढ़ती है, इंजन की कार्यक्षमता सुधरती है और प्रदूषण कम होता है। भविष्य में जैसे-जैसे वाहन निर्माता क20 को ध्यान में रखकर इंजन डिजाइन करेंगे, वैसे-वैसे प्रदर्शन और बेहतर होने की संभावना है। इसलिए क20 को केवल माइलेज के चश्मे से देखना उसके व्यापक लाभों की अनदेखी करना होगा। आम नागरिक का यह प्रश्न पूरी तरह स्वाभाविक है कि यदि पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जा रहा है तो कीमत कम क्यों नहीं हुई? दरअसल, यह धारणा पूरी तरह सही नहीं कि एथेनॉल हमेशा पेट्रोल से सस्ता होता है। भारत में एथेनॉल की खरीद किसानों को उचित मूल्य देने की नीति के तहत की जाती है। इसके साथ परिवहन, भंडारण, गुणवत्ता परीक्षण और कर जैसे कई खर्च जुड़े होते हैं, इसलिए अनेक परिस्थितियों में इसकी वास्तविक लागत पेट्रोल के बराबर या उससे अधिक भी हो सकती है। कई लोग यह भी पूछते हैं कि यदि किसी को ई20 नहीं चाहिए तो उसे शुद्ध पेट्रोल क्यों नहीं दिया जाता?

पहली नजर में यह सुझाव सरल लगता है, किंतु व्यवहार में ऐसा करना अत्यंत कठिन है। भारत में एक लाख से अधिक पेट्रोल पंप, विशाल पाइपलाइन नेटवर्क, रिफाइनरियां, टर्मिनल और डिपो हैं। यदि प्रत्येक स्थान पर शुद्ध पेट्रोल, ई10 और ई20 तीनों की अलग-अलग व्यवस्था करनी पड़े तो भंडारण, परिवहन और वितरण की लागत कई गुना बढ़ जाएगी। इससे अंततः उपभोक्ता पर ही अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, इसलिए सरकार एक समान ईंधन आपूर्ति प्रणाली को अधिक व्यवहारिक मानती है। ई20 की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह है कि इसने कृषि और ऊर्जा क्षेत्र को एक-दूसरे से जोड़ दिया है। वर्षों तक किसान केवल खाद्यान्न, गन्ना या अन्य फसलों के उत्पादक माने जाते थे, लेकिन अब वही फसलें देश की ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने लगी हैं।

**मयंक चतुर्वेदी**

# उत्तर प्रदेश, चुनाव और हिंदुत्व

**मृत्युंजय दीक्षित**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद की आड़ में सभी रामद्रोही, श्रीराम को काल्पनिक मानने वाले, रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले, श्रीराम जन्मभूमि पर अस्पताल और शौचालय बनवाने की बात करने वाले रामभक्त होने का स्वांग रच रहे हैं और सोच रहे हैं कि ऐसा करके वो 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मात दे देंगे। समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव, ज्योतिषपीठाधीश्वर तथाकथित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से आशीर्वाद लेकर गो संरक्षण, सनातन पंरपराओं, सामाजिक सरोकारों व समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा कर रहे हैं। सरस्वती से मिलने के बाद सपा मुखिया आक्रामक हैं और कहते हैं कि जो लोग भाजपा के साथ हैं वह रामघाती हैं। सपा मुखिया अपने ही जाल में फंसते दिख रहे हैं।

अखिलेश इस बार अपने आपको सनातनी दिखाने के लिए पत्नी सहित बड़े मंगल भंडारों में गए और हनुमान चालीसा का पाठ करते दिखाई दिए। यह उनके लिए दो नावों की सवारी जैसा है क्योंकि मुस्लिम तुष्टिकरण अभी भी उनकी प्रमुख रणनीति है। सपा मुखिया श्रीकृष्ण जन्मभूमि के प्रति मौन हो जाते हैं, क्योंकि इससे मुस्लिम वोट बैंक छिटकने का डर है । उनका सनातन प्रेम हिंदू समाज को बांटने की राजनीति ही है और इससे उनको अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करना है। सपा मुखिया अखिलेश यादव और उनके पिता मुलायम सिंह यादव ने हिंदुओं की आस्था के साथ इतने अधिक घृणित पाप किए हैं कि वह तथाकथित शंकराचार्य के चरणों में बैठकर भी नहीं धुलेंगे। अभी चुनाव रैलियां शुरू होने में समय है इसलिए अखिलेश यादव राम मंदिर में चढ़ावा कांड से लेकर बद्रीनाथ धाम और मां बगलामुखी मंदिर से प्राप्त समाचारों को हवा देकर भाजपा को दबाव मे लेना चाहते हैं । उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तीखे तेवर अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि सनातन और हिंदुत्व की पिच उनकी अपनी है और यहां कोई उनको दबाव में नहीं ले सकता। योगी कहते हैं कि सपा ने हनुमानगढ़ी में हनुमान चालीसा पढ़वाने का पाप किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन और हिंदुत्व को लेकर अत्यंत आक्रामक हैं। वो अखिलेश और सपा के पापों का पिटारा खोलकर हिंदू समाज को सावधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या की जनसभा में कहा कि समाज के प्रत्येक तबके ने श्री रामजन्मभूमि की मुक्ति के लिए आंदोलन और संघर्ष किया जबकि सपा और कंाग्रेस के लोगों ने मंदिर निर्माण में बाधाएं खड़ी कीं। जो लोग आज आस्था की बात करते हैं याद करिए इन लोगों ने हमारे पवित्र हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का काम किया था। आप कल्पना कीजिए कि क्या कोई जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ कर पाएगा। क्या इनकी सरकारें करवा पाएंगी ?अगर नहीं तो अयोध्या में हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप क्यों करवाया ? योगी ने जनमानस को याद दिलाया कि लंबे समय तक अयोध्या अविकसित रही। पिछड़ी रही। सड़क, बिजली, पानी के लिए तरसती रही। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु मां सरयू का आशीर्वाद नहीं ले पाते थे। अयोध्या की जनसभा में उन्होंने नगर पंचायत खिरौनी का नामकरण मां ज्वाला जी के नाम से जबकि भदरसा को भरत नगर करने की घोषणा की। अयोध्या से योगी ने सपा व अन्य कालनेमियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब उन्हें, उन्हीं की भाषा में उत्तर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का मानना है कि सपा व कंाग्रेस को हिंदुओं की कोई चिंता नहीं है। ये पहला हक मुस्लिमों को देना चाहती हैं।

दरअसल चढ़ावा विवाद के बाद सपा व कंाग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दल इसमें अपने लिए अवसर खोज रहे हैं जबकि उनके पूर्व कर्म इतने हिंदू द्रोही रहे हैं कि वह अपने ही जाल में फंस जाते हैं। जब उत्तर प्रदेश सहित भाजपा शासित अन्य राज्य सरकारें गोवध व तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहती हैं। इस पर यह लोग हल्ला मचाने लगते हैं। कोर्ट चले जाते हैं। वहीं आजकल स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ मिलकर ये गौ माता की सुरक्षा व संरक्षा के प्रति चिंता जता रहे हैं। गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग कर रहे हैं। विडंबना यह है की इन्हीं शंकराचार्य ने यूपी में बूचड़खानों के बंद होने का विरोध किया था। यदि शंकराचार्य व सपाइयों को गौ माता की वास्तविक चिंता है तो वह अपनी यात्रा दक्षिण भारत में क्यों नहीं निकालते, जहां सबसे अधिक गोवध हो रहा है । भाजपा सरकार आने से पहले जब बंगाल से गोवध की वीभत्स तस्वीरें आ रही थी तब यह शंकराचार्य और सपाई क्यों नहीं बोले थे ?

## सेहत मंत्र

# ब्लड प्रेशर से लेकर कोलेस्ट्रॉल तक को कंट्रोल करता है अलसी

अलसी जिसे तीसी या फ्लैक्स सीड भी कहा जाता है सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। डिलीवरी के बाद अक्सर महिलाओं को अलसी के लड्डू दिए जाते हैं जिससे उन्हें एनर्जी मिलती है। अलसी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह कई तरह की बीमारियों से बचाने में कारगर है। चलिए आपको बताते हैं फ्लैक्स सीड के फायदे और उपयोग का तरीका। एक चम्मच (7 ग्राम) पिसी हुई अलसी में 1.28 ग्राम प्रोटीन, 2.95 ग्राम फैट, 2.02 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 1.91 ग्राम फाइबर, 17.8 मि.ग्रा कैल्शियम, 27.4 मि.ग्रा मैग?नीशियम, 44.9 मि.ग्रा फास्फोरस, 56.9 मि.ग्रा पोटैशियम, 6.09 माइक्रोग्राम फोलेट और 45.6 माइक्रोग्राम ल्यूटिन और जीएक्सेंथिन होता है। एक रिसर्च के मुताबिक, अलसी में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड, लिग्नैंस और डायट्री फाइबर हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, बीपी की समस्या से जूझ रहे मरीजों को अलसी का बीज खाना चाहिए, इससे उनका ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहेगा। अलसी के गुणों पर की गई एक स्टडी के मुताबिक, इसमें फाइबर और म्यूसिलेज नामक तत्व होता है जो शरीर में इंसुलिन की मात्रा को नियंत्रित करते हैं। अलसी को एंटीडायबिटिक माना गया है यानी यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, फाइबर और ओमेगा-3 की अधिक मात्रा डायट में शामिल करने से दिल की सेहत दुरुस?त रहती है और लिगनेन नामक तत्व ह्रदय रोगों से बचाता है। ये सारी चीज़ें अलसी में होती है, इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स थोड़ी मात्रा में रोजाना की डायट में अलसी को शामिल करने की सलाह देते हैं। अलसी में फाइटोस्टेरोल होता है जो आंत में कोलेस्ट्रॉल को अब्जॉर्व होने से रोकता है। अलसी बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने में भी मददगार है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अलसी के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल कम हो जाता है जिससे आपको दिल की बीमारियां होने का खतरा भी कम हो जाता है।

## धर्म मंत्र

# प्रदोष व्रत का विशेष महत्व होगी संतान सुख की प्राप्ति

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। जिस तरह प्रत्येक माह में दो एकादशी होती है, उसी तरह दो प्रदोष भी होते हैं। हिंदी पंचांग के अनुसार, एकादशी और प्रदोष दोनों ही तिथियां चंद्र के कलाओं से संबंधित हैं। प्रदोष व्रत शिव उपासना का व्रत माना जाता है। यह व्रत प्रत्येक माह के कृष्ण व शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी पर किया जाता है। हिन्दू धर्म में प्रदोष तिथि को भगवान शिव को समर्पित किया गया है। इस व्रत को रखने से चंद्रग्रह के दोष दूर होते हैं। सप्ताह के प्रत्येक दिन के प्रदोष को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। रविवार के दिन रवि प्रदोष, सोमवार के दिन सोम प्रदोष, मंगलवार के दिन भौम प्रदोष, गुरुवार के दिन गुरु प्रदोष और शनिवार के दिन शनि प्रदोष व्रत कहते हैं। रवि प्रदोषः रविवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को रवि प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत रखने वाले साधक को दीर्घायु और निरोगी जीवन प्राप्त होता है। सोम प्रदोषः सोमवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को सोम प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से साधक के रुके कार्य पूरे होते हैं। इसे कार्य की सिद्धि के लिए किया जाता है। भौम प्रदोषः मंगलवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को भौम प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से साधक को आर्थिक संकट से मुक्ति मिलती है। गुरु प्रदोषः गुरुवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को गुरु प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से दांपत्य जीवन में सुख प्राप्त होता है। शनि प्रदोषः शनिवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को शनि प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से साधक को संतान सुख की प्राप्ति होती है। संतान के उन्नति के लिए भी इस व्रत का पालन किया जाता है।

## पर्यटन



# खूबसूरती में जन्नत से कम नहीं श्रीनगर

ये हसीं वादियां ये खुला आसमां आपने ये गाना तो जरूर सुना होगा लेकिन अगर आप हकीकत में इन शब्दों को देखना चाहते हैं, तो आप श्रीनगर में खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। आइए, हम आपको ले चलते हैं श्रीनगर के बेहतरीन सफर पर। इंदिरा गांधी ट्यूलिप गार्डन : श्रीनगर में स्थित इंदिरा गांधी ट्यूलिप गार्डन अपने वार्षिक ट्यूलिप महोत्सव के लिए बहुत मशहूर है। यह जाबारवन पर्वत की तलहटी में स्थित है। यहां देखने के लिए निशात गार्डन , शालीमार गार्डन, अचाबल बाग, चश्मा शाही गार्डन वर्ल्ड फ़ेमस है। निशांत बागः निशांत बाग डल झील के किनारे पर स्थित है। इसका निर्माण 1633 में अब्दुल हसन आसफ खान ने किया था और यह सबसे बड़ा मुगल गार्डन है। यह पर्यटकों को अपने सौंदर्य की वजह से अपनी ओर खींचता है। शंकराचार्य मंदिरः शंकराचार्य मंदिर एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। यह श्रीनगर का एक अन्य पर्यटन स्थल है। यह मंदिर कई पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह माना जाता है कि इसे 200 ईसा में सम्राट अशोक के बेटे जलुका द्वारा निर्माणित किया गया था। पहाड़ी से शीर्ष आगंतुकों पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला की बर्फ से ढकी पहाड़ों की एक शानदार दृश्य प्राप्त कर सकते हैं। हजरतबल मस्जिद : यह मस्जिद डल झील के किनारे पर स्थित है। यह मस्जिद सफ़ेद मार्बल से बनाया गया है। मस्जिद को दरगाह शरीफ असर-ए-शरीफ और मदीना अमेरिका शनि भी कहा जाता है। दाचीगम नेशनल पार्कः अगर आपको जानवरों से प्यार है या आप जानवरों के बारे में ज्यादा जानना चाहते हैं, तो आप दाचीगम नेशनल पार्क में घूम सकते हैं। आपको यहां कश्मीरी बारहसिंगा, हिमालयन काले भालू देखने को मिल जाएंगे। ऐसे पहुंच सकते हैं श्रीनगरः सड़क मार्ग - श्रीनगर सड़क के जरिए पूरे देश से जुड़ा है। श्रीनगर आप अपनी कार से भी जा सकते हैं और बस के जरिए भी पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर तक दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के कई शहरों से सीधी बस सेवा है। इसके अलावा जम्मू के लगभग हर बड़े शहर से भी सीधी बस सेवा श्रीनगर के लिए है। लेह और कटरा से भी श्रीनगर तक बस चलती है। श्रीनगर दिल्ली से 814 किलोमीटर, चंडीगढ़ से 566 किलोमीटर, जम्मू से 266 किलोमीटर और लेह से 418 किलोमीटर दूर है। सड़क के रास्ते अगर आप श्रीनगर जा रहे हैं तो जम्मू होकर ही जाना होगा।

# अफसर बेलगाम, व्यवस्था बेहाल: निन्दूरा ब्लॉक में सरकारी आदेश बेअसर, विकास कार्यों पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। प्रदेश सरकार सुशासन, पारदर्शिता, जनसुनवाई और भ्रष्टाचार पर शून्य सहनशीलता की बात करती है, लेकिन राजधानी लखनऊ से सटे बाराबंकी जिले के निन्दूरा विकास खंड की स्थिति इन दावों से बिल्कुल अलग तस्वीर पेश कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी न तो समय से कार्यालय पहुंचते हैं, न मुख्यालय पर उपलब्ध रहते हैं, न रात्रि निवास करते हैं और न ही सरकारी सीयूजी फोन उठाते हैं। इसका सीधा असर विकास योजनाओं की निगरानी, शिकायतों के निस्तारण और आम जनता की सुविधाओं पर पड़ रहा है।

शासन के निर्देश हैं कि खंड विकास अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मुख्यालय पर नियमित रूप से उपस्थित रहें तथा रात्रि निवास सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। लेकिन निन्दूरा ब्लॉक में इन निर्देशों के पालन पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कार्यालय का समय सुबह 10 बजे होने के बावजूद 11 बजे तक कई अधिकारियों की कुर्सियां खाली रहती हैं। दूर-दराज से आने वाले फरियादी घंटों इंतजार करने के बाद निराश होकर लौट जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार अधिकारी अक्सर मुख्यालय से बाहर रहते हैं। ब्लॉक पहुंचने पर लोगों को केवल यही जवाब मिलता है कि ''साहब फील्ड में हैं।'' लेकिन कब मिलेंगे, इसकी कोई जानकारी नहीं दी जाती। इतना ही नहीं, शासन के आदेशों के विपरीत अधिकांश अधिकारी मुख्यालय पर रात्रि निवास भी नहीं करते। शाम ढलते ही ब्लॉक परिसर सूना हो जाता है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जनता को तत्काल सहायता नहीं मिल पाती। सबसे बड़ी समस्या अधिकारियों की संवादहीनता बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए कुर्सी उपकेंद्र के अवर अभियंता विकास शुक्ला तथा विकास कार्यों के लिए खंड विकास अधिकारी अमन कुमार वर्मा के सरकारी सीयूजी नंबरों पर बार-बार संपर्क करने के बावजूद फोन रिसीव नहीं होता। कई बार नंबर नॉट रीचेबल या व्यस्त मिलता है और कॉल बैक भी नहीं की जाती। संवाददाता ने भी संबंधित अधिकारियों से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार संपर्क किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं मिल सका। ग्रामीणों का कहना है कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी आमतौर पर फोन उठाकर लोगों की बात सुन लेते हैं, लेकिन ब्लॉक स्तर पर शिकायतों की सुनवाई लगभग ठप है। निन्दूरा निवासी रामपाल ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद उन्होंने कई बार जेई को फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मजबूर होकर उन्हें कई बार ब्लॉक और बिजली विभाग के चक्कर लगाने पड़े। वहीं एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ा उनका छोटा सा कार्य महीनों से लंबित है, क्योंकि खंड विकास अधिकारी से मुलाकात ही नहीं हो पा रही है।

ग्रामीणों ने विकास कार्यों में अनियमितताओं का भी गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई ग्राम पंचायतों मोहसंड,कुर्सी, बिसई में सार्वजनिक तालाबों की भराई मिट्टी के बजाय कूड़ा-कचरा और निर्माण मलबा डालकर की जा रही है। इससे तालाबों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है, जल संरक्षण प्रभावित हो रहा है और पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ रहा है। आरोप है कि इस संबंध में कई बार खंड विकास अधिकारी से शिकायत की गई, लेकिन न तो किसी प्रकार की प्रभावी जांच कराई गई और न ही दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण ग्राम पंचायतों में मनमानी बढ़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहेंगे तो प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क, नाली, शौचालय, पेंशन और अन्य विकास योजनाओं की निगरानी कैसे होगी। उनका आरोप है कि ब्लॉक स्तर पर जवाबदेही समाप्त होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को बार-बार ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से निन्दूरा विकास खंड का औचक निरीक्षण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका, बायोमैट्रिक रिकॉर्ड, रात्रि निवास और सरकारी सीयूजी नंबरों की उपलब्धता की जांच कराई जाए। साथ ही तालाबों की कूड़ा-कचरे से भराई, विकास कार्यों में अनियमितताओं और शिकायतों की अनदेखी के मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ब्लॉक स्तर पर जवाबदेही तय नहीं होगी और अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं करेंगे, तब तक सुशासन, जनसुनवाई और डोर-स्टेप डिलीवरी जैसे दावे केवल कागजों तक ही सीमित रहेंगे।

# रोटरी क्लब, रविंद्र सिंह कालरा बने अध्यक्ष शपथ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रोटरी क्लब बाराबंकी का 40वां शपथ ग्रहण समारोह लखनऊ रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। पूर्व मंडलाध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सरदार रविंद्र सिंह कालरा ने अध्यक्ष, राजेश अरोड़ा ने सचिव तथा संजय निगम ने कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन और निवर्तमान सचिव डॉ. विमल बैसवार ने नए पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा। डॉ. बैसवार ने बताया कि पिछले सत्र में क्लब को वाराणसी में आयोजित मंडलीय समारोह में 42 पुरस्कार प्राप्त हुए, जो क्लब की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।

अपने प्रथम संबोधन में अध्यक्ष रविंद्र सिंह कालरा ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महिला एवं युवा कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा मानव सेवा से जुड़े प्रकल्पों को प्राथमिकता के साथ संचालित करेगा।

मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव ने क्लब की गतिविधियों की सराहना करते हुए नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में डीजीआरएचसीए विवेक अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर पंकज मित्तल, जोनल सेक्रेटरी टी.पी. गौड़ सहित क्लब के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में डॉ. एन.के. गुप्ता ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# इन्वेस्टिचर समारोह में छात्र परिषद को मिली जिम्मेदारी, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। आनंद भवन स्कूल में सोमवार को इन्वेस्टिचर समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर अर्चना एवं उप-प्रधानाचार्या सिस्टर एल्सी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में नवगठित छात्र परिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कक्षा 12-बी के आयुष्मान को स्कूल कैप्टन नियुक्त किया गया। वहीं सृष्टि जायसवाल को रेड हाउस कैप्टन, शादमान ख्वाजा को ग्रीन हाउस कैप्टन, अस्मा मुनीब को ब्लू हाउस कैप्टन, हेमांशी रस्तोगी को येलो हाउस कैप्टन, अथर्व श्रीवास्तव को कल्चरल कैप्टन तथा विख्यात शर्मा को स्पोर्ट्स कैप्टन का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नेतृत्व, अनुशासन एवं जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सिस्टर अर्चना एवं उप-प्रधानाचार्या सिस्टर एल्सी ने विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षक सर शिबू, सर अनिल रस्तोगी, मैम सुनीता, मैम सना बानो, सर ताबिश, सर आलोक, मैम नीलम, मैम फराह, मैम मिनी तथा मैम शमीम ने भी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्या सिस्टर अर्चना ने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्य ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन गुणों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

# अतिक्रमण और सरकारी उपेक्षा से अस्तित्व खो रहा प्राचीन देवस्थान व तालाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। नगर पंचायत रामनगर के बम्भहनी के निकट स्थित प्राचीन हरदेव लाल बाबा का देवस्थान और उससे जुड़ा ऐतिहासिक तालाब अतिक्रमण तथा सरकारी उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से देवस्थान की भूमि पर अतिक्रमण होता रहा, लेकिन प्रशासन और नगर पंचायत की ओर से इसे बचाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार हरदेव लाल बाबा की समाधि अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है कि बाबा ने इसी स्थान पर जीवित समाधि ली थी। पहले यहां चौतरेनुमा समाधि और उसके निकट एक पक्का तालाब था। मंगलवार और रविवार को दूर-दूर से श्रद्धालु यहां स्नान कर पूजा-अर्चना करते थे। लोगों का विश्वास था कि तालाब में स्नान करने से अनेक बीमारियों से राहत मिलती थी। केसरीपुर से श्री लोधेश्वर महादेव धाम जाने वाले मार्ग पर शिवनाले के किनारे स्थित यह स्थान लंबे समय तक क्षेत्र की प्रमुख आस्था का केंद्र रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में देवस्थान के आसपास अतिक्रमण हो चुका है और तालाब झाड़-झंखाड़ से पट गया है। तालाब में अब पानी भी नहीं बचा है, जिससे इसकी धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने पूर्व में स्थल की पैमाइश कराई थी, लेकिन उसके बाद न तो अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई और न ही तालाब के संरक्षण अथवा सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया गया। लोगों का कहना है कि वार्डों के विस्तार के बाद यह क्षेत्र नगर पंचायत की सीमा में शामिल है, इसलिए इसकी सुरक्षा और विकास की जिम्मेदारी भी नगर पंचायत की है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से देवस्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने, प्राचीन तालाब का पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण कराने तथा इस धार्मिक धरोहर को संरक्षित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है।

# मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ा युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लखनऊ-अयोध्या रेलमार्ग पर स्थित रसौली रेलवे स्टेशन पर सोमवार को मालगाड़ी के खड़े डिब्बे पर चढ़ा एक युवक हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, रसौली रेलवे स्टेशन पर पिछले एक सप्ताह से मालगाड़ी के कुछ खाली डिब्बे खड़े हैं। सोमवार को रसौली गांव निवासी जलील अहमद का 22 वर्षीय पुत्र समीर, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है, मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ गया। डिब्बे पर खड़े होते ही वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसके कपड़ों में आग लग गई और वह नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से गंभीर रूप से झुलसे युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# खनन माफियाओं पर प्रशासन की सर्जिकल स्ट्राइक ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर मशीनें जब्त

## पोकलैंड मशीन व दो डंपर जब्त, खनन माफियाओं को सख्त चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी प्रशासन की सख्ती और त्वरित कार्रवाई के चलते कोठी थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव में चल रहे अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई की गई। शिकायत मिलते ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए, जिसके बाद मौके से एक पोकलैंड मशीन और दो डंपरों को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, खनन माफियाओं को जिस गाटा संख्या पर मिट्टी खनन की अनुमति मिली थी, उसकी आड़ में वे पास स्थित दूसरी गाटा संख्या की भूमि पर भी अवैध रूप से पोकलैंड मशीन लगाकर खनन कर रहे थे। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजित अग्रवाल से की गई।

शिकायत प्राप्त होते ही उन्होंने बिना किसी देरी के नायब तहसीलदार नम्रता तिवारी एवं संबंधित हल्का लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कराई। जांच में शिकायत पूरी तरह सही पाई गई। अधिकारियों ने पाया कि स्वीकृत क्षेत्र के अतिरिक्त दूसरी भूमि पर भी बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। मामले की पुष्टि होते ही प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। नायब तहसीलदार नमृता दूबे ने मौके पर पहुंचकर खनन कार्य में लगी एक पोकलैंड मशीन तथा दो डंपरों को कब्जे में लेकर कोठी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस सभी वाहनों को थाने ले आई है और आगे की विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने कहा कि इब्राहिमाबाद में अनुमति प्राप्त क्षेत्र से अलग गाटा संख्या पर खनन किए जाने की शिकायत मिली थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित मशीनरी और वाहनों को जब्त कराया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल अग्रवाल के सक्रिय हस्तक्षेप से अवैध खनन पर अंकुश लगाने की दिशा में एक मजबूत संदेश गया है कि सरकारी अनुमति की आड़ में नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकाली गई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी।नगर पंचायत रामसनेहीघाट स्थित मिनी स्टेडियम में सोमवार को स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों एवं उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने पर आभार समारोह भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने गुब्बारे उड़ाकर एवं हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने ''हर बच्चा पढ़ेगा, तभी तो देश आगे बढ़ेगा'' के नारे लगाते हुए लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना को शिक्षक परिवार के लिए महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि सरकार शिक्षा और शिक्षक कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा, एसडीएम अनुराग सिंह, बीएसए नवीन पाठक, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय सहित शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइये एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# धर्म की नगरी रामनगर में शंकराचार्य का ऐतिहासिक स्वागत, रात्रि प्रवास से श्रद्धालुओं में उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर ज्योतिर्षपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गो रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा के रामनगर पहुंचने पर धार्मिक वातावरण भक्तिमय हो उठा। ऋषियों की तपोस्थली कुरुक्षेत्र आश्रम में उनके रात्रि प्रवास से क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

यह कार्यक्रम पहले महादेवा ऑडिटोरियम में प्रस्तावित था, लेकिन प्रशासनिक अनुमति न मिलने के कारण इसे कुरुक्षेत्र आश्रम में आयोजित किया गया। फतेहपुर-सूरतगंज मार्ग से आश्रम पहुंचे शंकराचार्य का श्रद्धालुओं ने जयघोष के बीच भव्य स्वागत किया। उनके मौन व्रत पर होने के कारण सार्वजनिक उद्बोधन नहीं हुआ, लेकिन उनके शिष्य ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को माता का स्थान प्राप्त है, इसलिए सरकार को शीघ्र ही उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा देना चाहिए।

बताया गया कि गो रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा 3 मई 2026 को गोरखपुर से प्रारंभ हुई थी और 22 जुलाई को लखनऊ में इसका समापन होगा। यात्रा का उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति जनजागरण करना और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग को जन-जन तक पहुंचाना है।

सोमवार सुबह रामनगर चौराहे पर भी शंकराचार्य का भव्य स्वागत किया गया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गाय सनातन संस्कृति में माता का स्वरूप है, लेकिन सरकार उसे केवल एक पशु मानती है, जो करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना ही उनकी यात्रा का प्रमुख उद्देश्य है और जब तक यह मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उनका अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने और गौ संरक्षण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

शंकराचार्य का लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन का कार्यक्रम भी प्रस्तावित था, जिसके लिए मंदिर प्रशासन ने सभी तैयारियां कर ली थीं। हालांकि समयाभाव के कारण उनका काफिला बाईपास मार्ग से सीधे मलौली आश्रम के लिए रवाना हो गया, जिससे मंदिर परिसर में उनके दर्शन की प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालुओं को निराशा हुई।

कार्यक्रम एवं यात्रा में सांसद तनुज पुनिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, अमित त्रिवेदी, अमरनाथ मिश्रा, सौरभ पांडेय, ज्ञानेश शुक्ला, महंत बीपी दास, लल्लन वर्मा, दिनेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, प्रभात शुक्ला, गणेश यादव, नरेंद्र यादव, डॉ. राजीव अवस्थी, विनोद शुक्ला, राजाराम उपाध्याय, रामकुमार मौर्य, सुरेश शास्त्री, आनंद अवस्थी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रामनगर में शंकराचार्य के आगमन और रात्रि प्रवास को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए सौभाग्य का अवसर बताते हुए उनके दर्शन को ऐतिहासिक पल बताया।

यदि इसे पहले पृष्ठ की लीड के रूप में प्रकाशित करना हो, तो इसे और अधिक प्रभावशाली एवं अखबारी शैली में भी तैयार किया जा सकता है।

## फांसी लगा की आत्म हत्या

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर कस्बे के वार्ड धमेड़ी 2 निवासी 32 वर्षीय शिक्षक सुभाषकर पुत्र ब्रजेश तिवारी ने अज्ञात कारणों से सोमवार को पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की।परिजनों द्वारा घटना के पीछे पारिवारिक कलह की आशंका जताई जा रही है घटना से परिवार सहित शिक्षा विभाग में शोक की लहर।

## 75 वर्षीय महिला 75 दिन की पदयात्रा कर कांवर लेकर पहुंची महादेवा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आस्था और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बिहार निवासी 75 वर्षीय सुमित्रा देवी लगभग ढाई माह की पैदल यात्रा पूरी कर सोमवार को लोधेश्वर महादेव धाम पहुंचीं। उन्होंने गंगा दशहरे के अवसर पर उत्तराखंड के गंगोत्री से गंगाजल लेकर कांवर यात्रा शुरू की थी। सुमित्रा देवी अपने सात साथियों के साथ श्री बैद्यनाथ धाम की यात्रा पर निकली हैं। सोमवार को वह लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित पहाड़ी बाबा की कुटी पहुंचीं। उन्होंने बताया कि यह उनके जीवन की पहली कांवर यात्रा है। रास्ते में फतेहपुर के पक्के तालाब सहित विभिन्न स्थानों पर विश्राम करते हुए वह लोधेश्वर धाम पहुंचीं। भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने के बाद उन्होंने बताया कि मंगलवार को वह अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना होंगी। पहाड़ी बाबा के पुजारी मुन्नू बाबा ने उनका स्वागत करते हुए सेवा-सत्कार किया और यात्रा की सफलता की कामना की।

## मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ा युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ-अयोध्या रेलमार्ग पर स्थित रसौली रेलवे स्टेशन पर सोमवार को मालगाड़ी के खड़े डिब्बे पर चढ़ा एक युवक हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, रसौली रेलवे स्टेशन पर पिछले एक सप्ताह से मालगाड़ी के कुछ खाली डिब्बे खड़े हैं। सोमवार को रसौली गांव निवासी जलील अहमद का 22 वर्षीय पुत्र समीर, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है, मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ गया।

## इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता : अंडर-14 बालक वर्ग में अलख और बालिका वर्ग में निधि सैनी चैम्पियन

एजेंसी

मुरादाबाद । विल्सोनिया कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय शिरीन संतराम मेमोरियल इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का सोमवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। आखिरी दिन छात्र-छात्राओं ने शेष दो राउंड खेलकर रणनीति और सूझबूझ का प्रदर्शन किया। जिसमें अंडर-14 बालक वर्ग में स्प्रिंग फील्ड स्कूल के अलख और अंडर-14 बालिका वर्ग में विल्सोनिया कॉलेज की निधि सैनी विजेता रहीं।



इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के निदेशक डॉ. आशीष संतराम और सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, तार्किक सोच और निर्णय क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

अंडर-14 बालक वर्ग में स्प्रिंग फील्ड स्कूल के अलख ने पहला, सूर्य आदित्य ने दूसरा, जीएनपीएस के उत्कर्ष प्रकाश ने तीसरा और सेंट मिराज के शौर्य वीर सिंह ने चौथा स्थान हासिल किया।

अंडर-14 बालिका वर्ग में विल्सोनिया कॉलेज की निधि सैनी विजेता रहीं। अदम्य शर्मा दूसरे, जीएनपीएस की ईशल नदीम तीसरे और सेंट पॉल स्कूल की निमिषा सिंह चौथे स्थान पर रहीं।

वहीं अंडर-18 बालक वर्ग में जीएनपीएस के ऋशांत अरोरा ने खिताब अपने नाम किया। जीएनपीएस के सक्षम दूसरे, स्प्रिंग फील्ड सीबीएसई के प्रियांक शर्मा तीसरे और टाइनी टॉट्स के प्रणव जैन चौथे स्थान पर रहे। इसके अलावा अंडर-18 बालिका वर्ग में जीएनपीएस की शुभी अग्रवाल ने पहला स्थान हासिल किया। विल्सोनिया कॉलेज की कीर्ति भटनागर दूसरे, माही साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल की माही तीसरे और विल्सोनिया कॉलेज की इंशा अजीम चौथे स्थान पर रहीं। समापन समारोह में प्रधानाचार्या संगीता रेविस ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ प्रतिस्पर्धात्मक सोच को भी मजबूत बनाती हैं। आखिर में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अविश, ऋतु, विनीत, दीपक, ज्योतिका, जहांआरा, शाज अंसारी आदि मौजूद रहे।

## ब्रास सिटी यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट : न्यू मुरादाबाद क्रिकेट एकेडमी 5 विकेट से जीती

एजेंसी

मुरादाबाद। ब्रास सिटी यूथ क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को रेलवे स्टेडियम के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में न्यू मुरादाबाद क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीएच क्रिकेट एकेडमी को पांच विकेट से हरा दिया। कप्तान सियाज अहमद के नाबाद 72 की पारी जीत की मुख्य आधार रही।

डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाडी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि आज टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीएच क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज नितिन और प्रिंस छह-छह रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान साहिब पाशा ने 26 गेंदों में 21 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया, जबकि अमान ने 63 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाए। पूरी टीम 28.2 ओवर में 110 रन पर सिमट गई।



न्यू मुरादाबाद क्रिकेट एकेडमी की ओर से शाकिब ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए छह ओवर में दो मेडन के साथ मात्र 16 रन देकर 4 विकेट चटकाए। अतीफ खान, अंकित कुमार और अम्मार को दो-दो विकेट मिले। 111 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू मुरादाबाद क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 12 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान सियाज अहमद ने 35 गेंद में नाबाद 72 रन बनाए।

## ओपन बिहार कप कराटे चैंपियनशिप में दरभंगा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, आठ पदक जीते

एजेंसी

दरभंगा । पटना में स्टेट कराटे एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में आयोजित ओपन बिहार कप कराटे चैंपियनशिप 2026 में दरभंगा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में बिहार भर से 345 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दरभंगा के प्रेयांश, मोहित कुमार और असफंद अहमर ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। वहीं निशांत चौधरी ने रजत पदक हासिल किया। साचिका समदर्शी, तनु प्रिया, जयदीप समदर्शी एवं अंश साह ने कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




कराटे एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के अध्यक्ष राजीव रंजन एवं महासचिव मुकेश मिश्रा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को निखारने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए स्टेट कराटे एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव पंकज कांबली के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## ओरिएंटल कप 2026: मॉडर्न स्कूल की 6–0 से शानदार जीत, बालिका वर्ग के सेमीफाइनलिस्ट हुए तय

एजेंसी

नई दिल्ली । सप्ताहांत के दो दिवसीय विश्राम के बाद सोमवार को ओरिएंटल कप 2026 का रोमांच एक बार फिर डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में शुरू हुआ। खिली धूप और साफ मौसम के बीच खिलाड़ियों को बेहतरीन खेल परिस्थितियां मिलीं, जिसका असर पूरे दिन खेले गए मुकाबलों में देखने को मिला।

टूर्नामेंट के पांचवें दिन बालिका वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले आकर्षण का केंद्र रहे, जिनमें वसंत वैली स्कूल, मॉडर्न स्कूल, स्टेप बाय स्टेप स्कूल (नोएडा) और भारती पब्लिक स्कूल ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

वहीं बालक वर्ग का एकमात्र मुकाबला जीतकर वसंत वैली स्कूल ने अंतिम क्वार्टरफाइनल स्थान हासिल किया। दिन के पहले मुकाबले में बालिका वर्ग में वसंत वैली स्कूल ने केंद्रीय विद्यालय, आर.के. पुरम को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने पूरे मैच के दौरान कई आक्रामक प्रयास किए, लेकिन कोई भी गोल नहीं कर सका। इसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें वसंत वैली स्कूल ने संयम बनाए रखते हुए जीत दर्ज की और क्वार्टरफाइनल की अंतिम जगह अपने नाम की। बालिका वर्ग के पहले क्वार्टरफाइनल में वसंत वैली स्कूल ने गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी फरीदाबाद को 1-0 से हराया।



तन्वी गोगोई ने 30वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल किया, जो टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। इसी तरह मॉडर्न स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैफायर इंटरनेशनल स्कूल को 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ध्वनि बिदादा ने शानदार हैट्रिक लगाते हुए 11वें, 22वें और 32वें मिनट में गोल किए। वहीं आराध्या शेरावत ने 13वें और 24वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि कीर्ति पांचाल ने तीसरे मिनट में ही टीम का खाता खोल दिया। मॉडर्न स्कूल ने पूरे मुकाबले में एकतरफा दबदबा बनाए रखा।

## भारतीय महिला टीम ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड को 270 रन से हराकर रचा इतिहास

एजेंसी

लंदन । भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में सोमवार को इंग्लैंड को 270 रन से हराकर इतिहास रच दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। चौथे और अंतिम दिन भारत को जीत के लिए केवल चार विकेट की जरूरत थी, जिन्हें उसने महज डेढ़ घंटे के भीतर हासिल कर लिया।



457 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम तीसरे दिन ही 59/5 के स्कोर पर लड़खड़ा गई थी और दिन का खेल खत्म होने पर केवल 130 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। चौथे दिन सोमवार को उसने 130/6 से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन केवल 56 रन और जोड़कर 176 रन पर सिमट गई।

भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दिन की शुरुआत से ही आक्रामक रणनीति अपनाई और स्पिनरों के साथ करीबी फील्डर लगाकर इंग्लैंड पर लगातार दबाव बनाए रखा।

एमी जोन्स ने संघर्ष करते हुए 54 रन बनाए, जबकि सोफी एक्लेस्टोन ने 50 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास साथ नहीं मिला।

भारतीय स्पिनरों ने मैच पर पूरी तरह शिकंजा कस दिया। स्नेह राणा ने 4 विकेट लेकर इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। आखिरी विकेट भी राणा ने ही हासिल किया, जब उनकी शानदार टर्न लेती गेंद ने एक्लेस्टोन की गिल्लियां बिखेर दीं। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए थे, जिसमें स्मृति मंधाना ने 83 और हरमनप्रीत कौर ने 58 रनकी अहम पारियां खेलीं।

जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर सिमट गई, जहां तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके।

दूसरी पारी में भारत ने 341/7 पर पारी घोषित की। यास्तिका भाटिया ने शानदार 113 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि स्मृति मंधाना ने 70 रन बनाकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। भारत की इस जीत के साथ महिला टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी कुल चौथी जीत दर्ज हुई, जो किसी भी एक टीम के खिलाफ उसकी सबसे अधिक टेस्ट जीत है। इंग्लैंड की धरती पर खेले गए 10 महिला टेस्ट मैचों में यह भारत की तीसरी जीत रही, जबकि बाकी सात मुकाबले ड्रॉ रहे।

## असम को अपने क्रिकेट मंच का लंबे समय से था इंतजार : एसीए अध्यक्ष तरंग गोगोई

एजेंसी

गुवाहाटी । असम प्रीमियर लीग (एपीएल) के पहले संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 19 जुलाई को गुवाहाटी के एसीए स्टेडियम स्थित 91 यार्ड्स क्लब में आयोजित होगी। इस नीलामी में राज्यभर के 275 क्रिकेटरों पर आठ फ्रेंचाइजियां बोली लगाकर अपनी टीमों का गठन करेंगी।

असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) के अध्यक्ष तरंग गोगोई ने कहा कि 19 जुलाई की नीलामी के साथ यह लीग वास्तव में खिलाड़ियों की लीग बन जाएगी। उन्होंने कहा कि असम के हर जिले से खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है और जल्द ही उन्हें पता चल जाएगा कि वे किस फ्रेंचाइज़ी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि 1 अगस्त से शुरू होने वाली लीग को राज्य का हर क्रिकेट प्रेमी अपनी लीग मानेगा। गोगोई ने कहा कि असम लंबे समय से अपने क्रिकेट मंच का इंतजार कर रहा था और एसीए पहले सत्र को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।




मार्की खिलाड़ियों की सूची में डेनिश दास, शिवशंकर रॉय, सुमित कश्यप, स्वरूपम पुरकायस्थ, जितुमनी कलिता, मृण्मय दत्ता, मुक्तार हुसैन, अविनव चौधरी, राहुल सिंह, सदाक हुसैन, भार्गव प्रतिम लहकर, साहिल जैन, प्रद्युन सैकिया, सौरव मौसुम दिहिंगिया, अब्दुल अजीज कुरैशी, आकाश सेनगुप्ता, आयुष्मान मालाकर, सुमित घाडीगांवकर, रोहित सेन और रुहिनंदन पेगु शामिल हैं।

## ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भारत को झटका, पैरा तैराक तेजस नंदकुमार हुए बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली । ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 से पहले भारतीय दल को बड़ा झटका लगा है। भारतीय पैरा तैराक तेजस नंदकुमार अब इस बहु-खेल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। आयोजकों ने वर्गीकरण (क्लासिफिकेशन) संबंधी नियमों का हवाला देते हुए उन्हें प्रतियोगिता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।



20 वर्षीय तेजस नंदकुमार का नाम पिछले सप्ताह भारत के आधिकारिक दल में शामिल था। उन्हें ग्लासगो में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल ट्7 स्पर्धा में भाग लेना था और शुरुआत में आयोजकों ने उनकी एंट्री स्वीकार भी कर ली थी।

हालांकि, 9 जुलाई को ग्लासगो 2026 आयोजन समिति ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को भेजे पत्र में बताया कि अंतरराष्ट्रीय महासंघ द्वारा 23 जून के बाद किए गए वैलिडेशन के दौरान तेजस को प्रतियोगिता के लिए अयोग्य पाया गया। आयोजकों के अनुसार, कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेने के लिए पैरा तैराकों के पास कन्फर्म स्पोर्ट क्लास या 2027 या उसके बाद की समीक्षा तिथि वाला क्लासिफिकेशन होना जरूरी था। तेजस का क्लास स्टेटस आर-2025 होने के कारण वह पात्रता मानकों को पूरा नहीं कर सके।

तेजस नंदकुमार इससे पहले 2023 पैरा एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके पैरों में जन्मजात समस्या है, जिसके कारण उन्हें एस7 श्रेणी में रखा गया था। इस श्रेणी में ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जिनके हाथ और धड़ सामान्य रूप से काम करते हैं, लेकिन पैरों की कार्यक्षमता सीमित होती है। पैरा खेलों में क्लासिफिकेशन यह तय करता है कि खिलाड़ी किस वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेगा, ताकि सभी प्रतिभागियों के बीच निष्पक्ष मुकाबला सुनिश्चित किया जा सके। यह प्रक्रिया मेडिकल और तकनीकी विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जाती है और समय-समय पर खिलाड़ियों की दोबारा समीक्षा भी होती रहती है। आयोजकों के इस फैसले के बाद तेजस नंदकुमार भारतीय दल का हिस्सा होने के बावजूद ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में रिकवरी का रुख, बड़ी गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी की स्थिति में सुधार

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान रिकवरी करता हुआ नजर आ रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ जाने की वजह से बने वैश्विक दबाव के कारण घरेलू बाजार में आज के कारोबार की शुरुआत लगभग 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद पहले 20 मिनट तक मामूली उतार चढ़ाव के साथ कारोबार होता रहा। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली का सपोर्ट मिलने पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से हुई रिकवरी के कारण पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स की कमजोरी घट कर 0.36 प्रतिशत और निफ्टी की कमजोरी कम होकर 0.38 प्रतिशत रह गई थी।




शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट की दिग्गज कंपनियों में से टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, ओएनजीसी, एनटीपीसी और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 2.61 प्रतिशत से लेकर 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, इंटरग्लोब एवियशन, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व और नेस्ले के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,743 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,287 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,456 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से आठ शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 602.04 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,963.35 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से यह सूचकांक फिसल कर 76,857.43 अंक तक चला गया। हालांकि पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने निचले स्तर से रिकवरी करना शुरू कर दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 280.84 अंक की गिरावट के साथ 77,288.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 167.50 अंक यानी 0.69 प्रतिशत टूट कर 24,039.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही वैश्विक दबाव की वजह से पहले 20 मिनट के कारोबार में ही यह सूचकांक फिसल कर 24,000.20 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक

# एनटीए ने जारी की ओएमआर शीट और रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स, 15 जुलाई तक दर्ज कर सकेंगे आपत्ति

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट(यूजी)-2026 की पुनर्परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए ओएमआर उत्तर पत्रक की स्कैन कॉपी और रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स जारी कर दिये हैं।

एनटीए ने सोमवार को सार्वजनिक सूचना जारी कर बताया कि अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर अपनी ओएमआर शीट और रिकॉर्डेड उत्तर देख सकते हैं तथा यदि किसी उत्तर पर आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन चुनौती दर्ज करा सकते हैं। एजेंसी ने कहा कि रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स पर आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया 13 जुलाई से शुरू हो गयी है और 15 जुलाई को सुबह 11 बजे तक जारी रहेगी। प्रत्येक प्रश्न पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए 200 रुपये का गैर-वापसी योग्य शुल्क निर्धारित किया गया है। शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। निर्धारित समय तक शुल्क जमा नहीं होने पर चुनौती स्वीकार नहीं की जायेगी।

एनटीए ने स्पष्ट किया है कि उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब केवल रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स से संबंधित आपत्तियां ही स्वीकार की जायेंगी। किसी भी प्रकार की चुनौती ई-मेल या अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं की जायेगी। एजेंसी ने अभ्यर्थियों से आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने क्रेडेंशियल्स से लॉगिन करने की अपील की है।

सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन प्रणाली लागू की गयी है, जिसके तहत लॉगिन से पहले पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल पर भेजे गए ओटीपी का सत्यापन अनिवार्य होगा। एनटीए ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर 011-40759000, 011-69227700 या ई-मेल नीटयूजी2026एटदरेटएनटीए.एसी.इन पर संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि नीट (यूजी)-2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को आयोजित की गयी थी।

# 'कैच द रेन' अभियान को मिली गति

## 900 से अधिक शहरी निकाय जुड़े

एजेंसी



नयी दिल्ली। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुरूप 'कैच द रेन/जहां गिरे, जब गिरे' अभियान के तहत अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत देशभर के शहरों में वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा जल निकायों के पुनर्जीवन के कार्यों को तेज किया गया है।

मंत्रालय ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि अमृत 2.0 के तहत जल सुरक्षा और जलवायु अनुकूलन क्षमता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

बयान के अनुसार, जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से संचालित जल शक्ति अभियान-जन भागीदारी 2.0 के तहत 79 नगर निगमों में एक लाख 99 हजार 278 भूजल पुनर्भरण संरचनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जबकि 738 शहरी स्थानीय निकायों में 73 हजार 36 पुनर्भरण संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। इससे शहरी क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्रालय ने बताया कि अमृत 2.0 के अंतर्गत उथले जलभृत (शैलो एक्वीफर) प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से वैज्ञानिक जलभृत मानचित्रण और लक्षित उपायों के जरिए भूजल पुनर्भरण को मजबूत किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के बर्दवान और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में इंजेक्शन बोरवेल युक्त रिचार्ज पिट बनाये गये हैं। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में भंडारण सुविधा के साथ छतों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली विकसित की गयी है, जबकि छत्तीसगढ़ के कोरबा और तेलंगाना के वारंगल में मानसून से पहले ही पुनर्भरण संरचनाएं तैयार कर दी गयी हैं। सरकार का कहना है कि अमृत 2.0 के जल निकाय पुनर्जीवन घटक के तहत देशभर में लगभग 1.21 लाख एकड़ क्षेत्र में जलाशयों और अन्य जल निकायों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके तहत गाद निकालने, जल प्रवेश एवं निकास मार्गों में सुधार, तट संरक्षण, सौंदर्यीकरण और जैव विविधता संवर्धन जैसे कार्य किए जा रहे हैं, जिससे जल भंडारण क्षमता बढ़ेगी, भूजल पुनर्भरण को बल मिलेगा और शहरी बाढ़ की आशंका कम होगी।

इसके अलावा, देशभर के शहरों में 18 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में पार्कों और हरित क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, भूजल पुनर्भरण में सहायता करना, शहरी ताप प्रभाव को कम करना तथा नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक हरित स्थल उपलब्ध कराना है। मंत्रालय ने कहा ''इन पहलों के माध्यम से 'कैच द रेन/जहां गिरे, जब गिरे' अभियान के उद्देश्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज बचाई गयी हर बूंद, आने वाली पीढ़ियों की जल सुरक्षा में निवेश है।

# भाजपा अदालतों के ज़रिए राजनीतिक लड़ाइयाँ लड़ती है: उमर

एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि वह राजनीतिक लड़ाई राजनीतिक तरीके से लड़ने की बजाय अदालतों के जरिये लड़ना पसंद करती है।

श्री अब्दुल्ला ने भाजपा की ओर से भेजे गये कानूनी नोटिस का जवाब दिया। भाजपा ने यह नोटिस नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों को पैसे और मंत्री पद का लालच देकर भाजपा में शामिल करने की कोशिश के आरोप पर श्री अब्दुल्ला को भेजा था।

श्री उमर ने कहा कि यह नोटिस उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि उन्हें कानूनी नोटिस की सिर्फ़ इलेक्ट्रॉनिक कॉपी मिली है। उन्होंने इसे भाजपा की तरफ़ से आया प्रेम पत्र बताया। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं इसे बहुत बड़ा सम्मान मानता हूँ क्योंकि जम्मू-कश्मीर में मैं अकेला ऐसा राजनेता हूँ जिसे भाजपा से ऐसा 'लव लेटर' मिला है। मैं इसे सम्मान की बात मानता हूँ क्योंकि ज़ाहिर है कि मैं एक ऐसी राजनीतिक ताकत हूँ जिसे वे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते।''

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सार्वजनिक बहस के ज़रिए जवाब देने के बजाय राजनीतिक मुद्दे को कानूनी विवाद में बदलने की कोशिश कर रही है। श्री उमर ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह भाजपा के लड़ने के तरीके को दिखाता है। वे राजनीतिक लड़ाइयाँ लड़ते हैं और अदालतों की आड़ लेते हैं। मैं भी विधानसभा की आड़ लेकर यही बयान दे सकता था। मैं विधानसभा में ऐसे बयान देकर उस विशेषाधिकार का फ़ायदा उठा सकता था जिन्हें विधानसभा के बाहर चुनौती नहीं दी जा सकती, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। मैंने राजनीतिक मंच पर अपनी बात रखी, यह उम्मीद करते हुए कि भाजपा राजनीतिक रूप से ही जवाब देगी।''

उन्होंने कहा कि इसकी बजाय भाजपा ने कानूनी रास्ता चुना है। उन्होंने कहा, ''उन्होंने ऐसा न करने का फैसला किया है। उन्होंने हमसे कहा है कि राजनीतिक लड़ाइयाँ उनके लिए मायने नहीं रखतीं। वे अदालत में हिसाब-किताब करना पसंद करेंगे। श्री उमर ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अब भाजपा नेताओं को कानूनी नोटिस भेजना शुरू करेगी, क्योंकि उन्होंने पार्टी और उसके नेतृत्व पर बदनामी करने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ महीनों से प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और उसके नेतृत्व पर कई बदनामी करने वाले आरोप लगाए हैं। खासकर एक नेता ने बार-बार हम पर बेबुनियाद और बदनामी करने वाले आरोप लगाए हैं, और जिनका हम राजनीतिक रूप से मुकाबला कर रहे हैं। अब हम उस खास भाजपा नेता और कुछ अन्य लोगों को कानूनी नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। देखते हैं कि यह प्रक्रिया कहाँ तक जाती है।

इससे पहले भाजपा ने मुख्यमंत्री को कानूनी नोटिस भेजा था, जिसमें उनसे उन कथित बयानों को वापस लेने की मांग की गई थी जिनमें पार्टी पर पैसे और मंत्री पद का लालच देकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया था। नोटिस में सात दिनों के भीतर बिना शर्त सार्वजनिक माफी की मांग की गई थी और चेतावनी दी गई थी कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो दीवानी और आपराधिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा भी शामिल है।

# 'न्यूनतम सुशासन, अधिकतम लीपापोती' है मोदी सरकार की नीति : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार के मामलों को दबाने तथा जवाबदेही से बचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी सरकार की असली नीति 'न्यूनतम सुशासन, अधिकतम लीपापोती' की रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने 'ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा' का नारा दिया था लेकिन यह दावा पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने आठ नवंबर 2016 की श्री मोदी की नोटबंदी की घोषणा को 'संगठित लूट और वैध लूट' बताने का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बाद गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (जीएसपीसी) को ओएनजीसी में मिलाकर 20 हजार करोड़ रुपये के कथित घोटाले को छिपाने, चुनावी बॉण्ड योजना के माध्यम से कथित 'चंदा दो, धंधा लो' व्यवस्था, राफ़ेल सौदे पर उठे सवाल, बिना पारदर्शिता और जवाबदेही वाले पीएम केयर्स फंड तथा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्टों में सामने आई अनियमितताओं का उल्लेख किया। श्री रमेश ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में कई और घटनाएं सामने आई हैं, जिन्होंने 'ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा' के दावे की वास्तविकता उजागर कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला देश की आस्था के साथ धोखा बताया और कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के आदेश के बावजूद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बने हुए हैं, जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पर अपने परिजनों को कथित रूप से लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगे हैं और वह भी पद पर बने हुए हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को विभिन्न प्रकार के आर्थिक प्रलोभन देकर तोड़ा जा रहा है। केंद्र सरकार में एक राज्य मंत्री अपने ही मंत्रालय की योजना का लाभ लेने के आरोपों के बावजूद पद पर बने हुए हैं। इसी तर्ज पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री के चार करीबी सहयोगियों को अचानक हटाए जाने, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ई-20 नीति से केंद्रीय मंत्री के परिवार को कथित लाभ पहुंचाने तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री के परिवार के प्रशासनिक कार्यों में कथित हस्तक्षेप जैसे मामलों का भी उल्लेख किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल मदरसा स्टाफ की नियमतीकरण की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के मदरसों में अपनी नियुक्ति के लिए मान्यता की मांग करने वाले 350 शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

पश्चिम बंगाल मदरसा सेवा आयोग अधिनियम 2008 को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने असंवैधानिक करार दिया था, जिसके बाद इन सभी की नौकरी चली गयी थी। न्यायालय ने बाद में इस फैसले को बरकरार रखा था। याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि उनकी नियुक्ति स्थायी थी इसलिए उन्हें पश्चिम बंगाल की सहायता-अनुदान योजना के तहत तनख्वाह मिलनी चाहिए। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने संबंधित याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वे सुनवाई योग्य नहीं हैं। शीर्ष अदालत में 361 से ज्यादा याचिकाकर्ताओं ने 40 से अधिक याचिकाएं दायर की थीं। शीर्ष अदालत ने मार्च 2016 के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा। इससे पहले छह जनवरी 2020 को उच्चतम न्यायालय ने 2008 के कानून को संवैधानिक रूप से वैध बताया था। उच्चतम न्यायालय ने इन याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि 13 याचिकाकर्ताओं के मामले पिछले आदेश के बाद उसके समक्ष रखे गये थे। शीर्ष अदालत ने कहा था कि अगर ये 13 याचिकाएं उसे राजी करने में सफल रहती हैं तो बाकी याचिकाकर्ताओं के दावों की भी जांच की जायेगी, हालांकि कोई भी याचिका न्यायालय को अपनी बात नहीं समझा सकी।

## भ्रष्टाचार, वसूली तंत्र में बदल चुकी शिक्षा व्यवस्था में 'छात्रों की गूंज' लाएगी बदलाव की क्रांति : राहुल

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश की शिक्षा व्यवस्था भ्रष्टाचार, वसूली और पक्षपाती होकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसलिए छात्रों को अब संगठित होकर लड़ना होगा ताकि 'छात्रों की गूंज' अभियान शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए क्रांति का माध्यम बने। श्री गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि 'भ्रष्ट, अन्यायी, पक्षपाती और बेईमान' जैसे शब्द उनके नहीं, बल्कि देश के छात्रों के हैं, जो आज की शिक्षा व्यवस्था का वर्णन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों का भविष्य संवारने के लिए बनाई गई शिक्षा व्यवस्था अब एक 'बेईमान वसूली तंत्र' में बदल चुकी है, जो छात्रों और उनके परिवारों को कर्ज, तनाव और निराशा की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में फैले भ्रष्टाचार ने पेपर लीक माफिया को जन्म दिया है, जो लाखों छात्रों की वर्षों की मेहनत एक झटके में बर्बाद कर देता है। उनका आरोप था कि इस व्यवस्था में दोषी वेंडरों और अधिकारियों को कार्रवाई के बजाय नए टेंडर और तरक्की मिलती है जबकि सजा छात्र पाते हैं और उन्हें टूटे सपनों और अनिश्चित भविष्य के साथ छोड़ दिया जाता है। कंग्रेस नेता ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं तथा जवाबदेही से बच रहे हैं और मीडिया भी इस गंभीर मुद्दे पर मौन है। अब बहुत हो चुका है और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने छात्रों, युवाओं और अभिभावकों से 17 जुलाई को देहरादून में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की इस मुहिम को मजबूत करने की अपील की है।

# पेज एक का शेष

### राम मंदिर के पहले ...

अनिवार्य है, जबकि वैष्णव परंपरा से जुड़े भगवान राम के भक्त को वांछनीय माना जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, उम्मीदवार को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान होना भी अनिवार्य है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने रविवार को कहा था कि पहले सीईओ की जिम्मेदारियां और अधिकार ट्रस्ट स्वयं तय करेगा तथा ट्रस्ट या सीईओ के कामकाज में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। उन्होंने कहा था, ''सीईओ की प्राथमिक जिम्मेदारी ट्रस्ट के प्रति श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखना होगी। मिश्र ने कहा था कि सीईओ मंदिर की वित्तीय व्यवस्था की निगरानी करेगा, अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करेगा तथा ट्रस्ट के सहयोगी के रूप में कार्य करेगा। हालांकि, वह ट्रस्ट के प्रति जवाबदेह रहेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि ट्रस्ट यह तय करेगा कि सीईओ को कितने अधिकार सौंपे जाएं। सीईओ को अपने कार्यालय के संचालन के लिए आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति की स्वतंत्रता होगी, लेकिन समग्र प्रशासनिक नियंत्रण ट्रस्ट के पास रहेगा। अधिसूचना के अनुसार, सीईओ ट्रस्ट के महासचिव को रिपोर्ट करेगा और संगठन के वैधानिक, प्रशासनिक तथा वित्तीय कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा। सीईओ संस्थागत व्यवस्थाओं, संगठनात्मक विकास, नियामकीय अनुपालन, वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता, ट्रस्ट की परिसंपत्तियों के प्रबंधन तथा न्यासी बोर्ड द्वारा स्वीकृत नीतियों के क्रियान्वयन की भी निगरानी करेगा। उसकी प्रमुख जिम्मेदारियों में धार्मिक अनुष्ठानों, पर्वों और आयोजनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करना, स्थानीय, राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना, विशिष्ट अतिथियों एवं संतों के लिए व्यवस्थाएं करना तथा सनातन परंपराओं को बढ़ावा देते हुए ट्रस्ट की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करना शामिल होगा। इस महीने की शुरुआत में ट्रस्ट ने इस पद के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच और उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुशंसा के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी और एनआईटी रायपुर के पूर्व अध्यक्ष सुरेश हावरे की तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। मिश्र ने यह भी स्पष्ट किया था कि वह इस चयन समिति का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने कहा था कि 22 जुलाई को होने वाली ट्रस्ट की बैठक में शामिल होने का निर्णय वह बैठक का एजेंडा देखने के बाद करेंगे। उन्होंने कहा था कि मंदिर निर्माण से जुड़े समिति के सदस्य ट्रस्ट में पदेन सदस्य हैं और उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं है।

### एसआईटी को ...

हुए कहा कि कथित वित्तीय अनियमितताओं के बाद ट्रस्ट पर जनता का विश्वास कम हुआ है, इसलिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि नए ट्रस्ट में राम मंदिर आंदोलन के शहीद कारसेवकों के परिजनों को प्रतिनिधित्व दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम सूर्यवंशी हैं, इसलिए ट्रस्ट में कम से कम एक सूर्यवंशी क्षत्रिय प्रतिनिधि को भी स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान उन्होंने स्वयं लाठियां और गोलियां झेली हैं, इसलिए मंदिर से जुड़े कथित गबन के आरोप उन्हें अत्यंत पीड़ादायक लगते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भरोसा जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की।

### मुस्लिम पक्ष ने ...

न्यायालय ने लंबित मामलों के आपसी सहमति से निस्तारण के उद्देश्य से विशेष लोक अदालत की व्यवस्था की है,जिसमें ज्ञानवापी जैसे संवेदनशील मामले भी शामिल किए गए हैं। हालांकि,यह प्रक्रिया स्वैच्छिक है और किसी पक्ष पर इसमें शामिल होने का कानूनी दायित्व नहीं है, इसलिए कमेटी ने बैठक से दूर रहने का फैसला किया है। दूसरी ओर, ज्ञानवापी एवं श्रृंगार गौरी प्रकरण से जुड़े वादी पक्ष और उनके अधिवक्ताओं ने कहा कि मामला वर्ष 2022 से उच्चतम न्यायालय में लंबित है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को आपसी बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का अवसर दिया है। उनका कहना है कि यदि मुस्लिम पक्ष मध्यस्थता के लिए सहमत होता है तो बातचीत संभव है,अन्यथा विवाद का अंतिम निर्णय न्यायालय द्वारा किया जाएगा। इस मामले से जुड़े अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि ज्ञानवापी से संबंधित लंबित सात पत्रावलियों के संबंध में नौ जुलाई को सभी पक्षों को नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि तीन माह तक चले एएसआई सर्वेक्षण में मंदिर के अवशेष मिलने का दावा किया गया है और हिंदू पक्ष का कहना है कि मस्जिद का निर्माण मंदिर के ढांचे पर किया गया। उन्होंने कहा कि यदि मध्यस्थता से कोई समाधान नहीं निकलता है तो मामले की सुनवाई न्यायालय में पूर्ववत जारी रहेगी। वहीं,ज्ञानवापी प्रकरण में हिन्दू पक्ष से जुड़े अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी विवाद का हल निकालने के लिए हिंदू और मुस्लिम पक्ष को 14 जुलाई को वाराणसी न्यायालय के मध्यक्षता केन्द्र में उपस्थित होने को कहा है। ताकि ज्ञानवापी प्रकरण का समाधान हो सके। हम हिन्दू पक्ष ने निर्णय लिया है कि मन्दिर हमारा है। ज्ञानवापी में मुस्लिम पक्ष अतिक्रमणकारी है। अतः मुस्लिम पक्ष ज्ञानवापी से कब्जा छोड़े। जिससे मूल ज्योतिर्लिंग के स्थान पर भव्य काशी विश्वनाथ जी का मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हो सके। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद विवाद को सुलझाने के लिए बड़ी पहल की है। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में सीधे निर्णय या दखल देने के बजाय विशेष लोक अदालत और मध्यस्थता के माध्यम से दोनों पक्षों (वादी हिंदू और प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष) को बातचीत से समाधान निकालने को कहा है। इस संबंध में 14 जुलाई मंगलवार को वाराणसी के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित केंद्र में मध्यस्थता बैठक (प्री सुलह वार्ता)होगी। मध्यस्थता केंद्र में ज्ञानवापी के चार मुकदमों से जुड़े सभी वादी-प्रतिवादी और अधिवक्ता मौजूद रहेंगे।

### बैंकॉक के बार...

लिए चीखते-चिल्लाते हुए बाहर भागते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोगों के कपड़ों में भी आग लगी हुई थी। अधिकांश शव शौचालय से बरामद हुए, जहां लोग आग और धुएं से बचने के लिए छिप गये थे। बैंकॉक आपदा शमन विभाग की प्रारंभिक जांच में आशंका जतायी गयी है कि आग एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है, हालांकि आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिये हैं। प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने सोमवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय प्रस्तुति दे रहे एक संगीतकार ने उन्हें बताया कि तेज धमाके जैसी आवाज हुई, जिसके बाद लोग धुएं और आग से बचने के लिए बाहर भागने लगे।संगीतकार के अनुसार कई लोग बाहर निकलने के बजाय इमारत के पिछले हिस्से में चले गये और शौचालय में छिप गये, जहां उनकी मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, एक राहगीर चालक ने आग की सूचना दमकल विभाग को दी थी। बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सिट्टीपुंट ने बताया कि छत पर लगी सजावट की वजह से आग तेज़ी से फैली। पीड़ितों ने जलते हुए प्लास्टिक से निकलने वाला ज़हरीला धुआं सांस के ज़रिए अंदर ले लिया। उन्होंने कहा कि पब के पास लाइसेंस था, यह एक मंज़िला कंक्रीट की इमारत में चल रहा था और वहां संगीत कार्यक्रम की भी इजाज़त थी। अप्रैल में इसका निरीक्षण हुआ था और यह उसमें पास हो गया था। बैंकॉक के गवर्नर ने वेटरों के हवाले से बताया कि आग लगने के समय अंदर करीब 300 ग्राहक मौजूद थे। आम तौर पर, इस पब में हर रात 600 से 700 लोग आते थे। गवर्नर के मुताबिक, आग छत के रास्ते सामने के दरवाज़े की तरफ़ फैली। इससे ग्राहक इमारत के पिछले हिस्से की ओर भागे, जहां आग से बचने के लिए रास्ते (फ़ायर एग्ज़िट) बने हुए थे। कुछ ग्राहक धुएं की वजह से भटककर गलती से शौचालय की तरफ़ भाग गये। कई लोग शौचालय और फ़ायर एग्ज़िट के सामने बेहोश हो गये, जिससे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे दूसरे ग्राहकों का रास्ता रुक गया। बैंकॉक में आपदा रोकथाम और बचाव विभाग के निदेशक सुरियाचाई राविवान ने बताया कि कई लोगों के शौचालय में फंसे होने के कारण बचाव कर्मियों को उन तक पहुंचने में मुश्किल हुई। शुरुआत में छह शवों की पहचान की गयी, जिनमें तीन पुरुष और तीन महिलाएं थीं। इनके नाम एपिनन पेंगसरी, पिसानु टेंगसोफा, सुविचा सिरिसालुंग, निपापोर्न जैमजैंग, अचरापोर्न सुथिसिन और कानोकटिप श्रीसुक हैं। यह थाईलैंड में इस तरह की पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी आग की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। पूर्व की घटनाओं के बाद अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने के आश्वासन दिये गये थे, लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं।

### भौतिकी ओलंपियाड...

ओलंपियाड कार्यक्रम की उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने छात्रों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को भी बधाई दी। परमाणु ऊर्जा विभाग ने भारतीय दल के दोनों टीम लीडर प्रो. अन्वेष मजूमदार (एचबीसीएसई-टीआईएफआर) और डॉ. लीना जोशी (सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज, मुंबई), वैज्ञानिक पर्यवेक्षक प्रो. आनंद दासगुप्ता (आईआईएसईआर, कोलकाता) और निशा केलकर (गोगटे-जोगलेकर कॉलेज, रत्नागिरि) तथा एचबीसीएसई के भौतिकी ओलंपियाड दल और मार्गदर्शक समूह को भी विद्यार्थियों को तैयार करने में उनके योगदान के लिए बधाई दी। एचबीसीएसई के निदेशक प्रो. अर्नब भट्टाचार्य ने कहा कि विज्ञान और गणित ओलंपियाड में भारतीय टीम की लगातार सफलता कई दशकों की सुनियोजित तैयारी, मार्गदर्शन और संस्थागत सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश में हमेशा से प्रतिभाशाली विद्यार्थी और समर्पित मार्गदर्शक रहे हैं, लेकिन परमाणु ऊर्जा विभाग के निरंतर सहयोग के कारण ही भारत आज इस स्तर तक पहुंच पाया है।

### अमेरिका-ईरान...

पैमाने पर हमले किये। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के अनुसार इन हमलों में दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेंटकॉम ने कहा कि हमलों में ईरान की वायु रक्षा प्रणालियां, तटीय रडार, मिसाइल एवं ड्रोन क्षमताएं तथा छोटी नौकाएं निशाना बनीं। उसका दावा है कि इन हमलों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात पर हमले करने की ईरान की क्षमता को कमजोर करना था। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, अमेरिकी हमले दक्षिणी और पश्चिमी ईरान के कई क्षेत्रों में हुए, जिनमें क़ेश्म द्वीप, बंदर अब्बास, इराक सीमा से लगे खुज़ेस्तान प्रांत तथा फारूर द्वीप शामिल हैं। रिपोर्टों के मुताबिक फारूर द्वीप पर हुए हमले में एक दूरसंचार कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) ने इसके जवाब में सोमवार तड़के जॉर्डन, बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर कथित हमलों को आधार बनाकर दक्षिणी ईरान में कई स्थानों पर हवाई हमले किये, जिसके जवाब में यह कार्रवाई की गयी। फिर से शुरू हुई लड़ाई ने पहले से ही नाज़ुक बातचीत पर और दबाव डाल दिया है और इस बात का डर बढ़ा दिया है कि यह संकट सीधे सैन्य टकराव से आगे बढ़ सकता है। इस इलाके में अमेरिका के सहयोगी कई देशों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिवेट कर दिए गए। बहरीन में एयर रेड सायरन बजाए गए, जबकि कुवैत की सेना ने कहा कि वह ''दुश्मन के हवाई टारगेट'' का जवाब दे रही थी। जॉर्डन की सेना ने कहा कि उसने अपने हवाई क्षेत्र में घुसी चार मिसाइलों को रोक दिया। तेहरान की रणनीति दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा परिवहन मार्ग में से एक को खतरे में डालकर आर्थिक दबाव बनाने पर केंद्रित दिखती है। ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार मोहसेन रेज़ाई ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को ईरान की सबसे अहम रणनीतिक संपत्तियों में से एक बताया और कहा कि यह ''दर्जनों परमाणु बमों से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण'' है। पश्चिमी देश लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल करने की कोशिश का आरोप लगाते रहे हैं, जबकि ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

### शहीद पथ पर 23...

भविष्य में और भी बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं प्रदेश में स्थापित होंगी। कार्यक्रम में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे और अन्य सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ प्रदेश के सड़क एवं आधारभूत ढांचे को नई दिशा देने वाली कई योजनाओं का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इन घोषणाओं से विशेष रूप से राजधानी लखनऊ की ट्रैफिक समस्या के समाधान और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के बीच संपर्क को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दून साइंस सिटी बनेगी विज्ञान और नवाचार का राष्ट्रीय केंद्र : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि देहरादून में निर्माणाधीन साइंस सिटी आने वाले वर्षों में केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान का अग्रणी केंद्र बनेगी। उन्होंने यूकॉस्ट परिसर में स्टार्टअप सेंटर विकसित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में साइंस सिटी परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के बाद विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति (एसटीआईपी) परिसंवाद को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार विज्ञान आधारित ज्ञान अर्थव्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 'विज्ञान सेतु' परिकल्पना के तहत सामुदायिक विज्ञान रेडियो 'विज्ञान वाणी' (88.8 मेगाहर्ट्ज), 'विज्ञान दृश्यम' और 'विज्ञान धारा' का भी लोकार्पण किया।

धामी ने कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा साइंस, ड्रोन, सेमीकंडक्टर और बायोटेक्नोलॉजी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का है। उत्तराखंड को इन क्षेत्रों में केवल बदलाव स्वीकार नहीं करना, बल्कि नेतृत्व भी करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीक, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही है।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की पहली विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति लागू की जा चुकी है, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि नवाचार के माध्यम से रोजगार सृजित करने वाला बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार साइंस एंड इनोवेशन सेंटर, स्टेम लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, पेटेंट सूचना केंद्र, लैब्स ऑन व्हील्स तथा एआई, रोबोटिक्स और ड्रोन जैसी भविष्य की तकनीकों को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक चुनौतियों का समाधान स्थानीय संसाधनों और वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से खोजा जा सकता है। राज्य की जैव विविधता, औषधीय वनस्पतियां, जल स्रोत और जैविक कृषि को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर उत्तराखंड को विकास का आदर्श मॉडल बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग बचाव अभियान को ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणाली (बेस्ट प्रैक्टिस) के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ष 28 नवंबर को आपदा प्रबंधन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, वैज्ञानिक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री धामी से साहित्यकार योजना साह जैन ने की भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में साहित्यकार एवं इंडो-जर्मन सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. योजना साह जैन ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अपनी तीन साहित्यिक कृतियां मुख्यमंत्री को भेंट कीं।

डॉ. जैन ने मुख्यमंत्री को कहानी संग्रह 'इमली का चटकारा', उपन्यास 'बनारस मीट्स बर्लिन' तथा कविता संग्रह 'कागज पे फुदकती गिलहरियां' भेंट किए। मुख्यमंत्री ने डॉ. जैन को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साहित्य समाज, संस्कृति और मानवीय मूल्यों की प्रभावी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने भारत और जर्मनी के बीच सांस्कृतिक एवं बौद्धिक संवाद को मजबूत बनाने में डॉ. जैन के योगदान की सराहना की।

धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. जैन की रचनाएं भारतीय संस्कृति, लोकजीवन और संवेदनाओं को वैश्विक स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के साथ भारत और जर्मनी के सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगी।

## उत्तराखंड में जल्द बनेगा स्टेट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर, मुख्य सचिव ने दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्टेट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (एस4सी) की स्थापना शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य और जनपदों के बीच बेहतर समन्वय तथा साइबर अपराध पीड़ितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए इसे जल्द अधिसूचित किया जाए।

सोमवार को यहां सचिवालय में गृह विभाग और पुलिस अधिकारियों के साथ साइबर अपराधों की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने सभी साइबर पुलिस थानों को सुदृढ़ करने और 1930 साइबर हेल्पलाइन को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉल रिस्पांस समय कम करने के लिए 1930 कॉल सेंटर में पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने ई-जीरो एफआईआर प्रणाली को मजबूत करने, सभी ई-जीरो एफआईआर को नियमित एफआईआर में शत-प्रतिशत परिवर्तित करने और उसे सीसीटीएनएस से एकीकृत करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा।

मुख्य सचिव ने कहा कि जानकारी के अभाव में अधिकांश साइबर ठगी के पीड़ित समय पर शिकायत दर्ज नहीं करा पाते और मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल का लाभ भी नहीं उठा पाते। उन्होंने पुलिस विभाग को सक्रिय भूमिका निभाते हुए पीड़ितों की सहायता सुनिश्चित करने तथा शिकायत निवारण और धनराशि वापसी मॉड्यूल के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध से बचाव और ठगी होने की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी जाए। साथ ही शिकायत निवारण मॉड्यूल (जीआरएम) पर प्राप्त मामलों का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की साइबर अपराध संबंधी क्षमता बढ़ाने और साइबर कमांडों की संख्या में वृद्धि करने पर भी जोर दिया। बैठक में सचिव शैलेश बगौली, एडीजी डॉ.वी. मुरूगेशन, आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह और अपर सचिव गृह तृप्ति भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने फंड जुटाने की गति को बनाए रखने के लिए एनआरआई तक पहुंच बढ़ाने का किया आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली, । केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) तक अपनी पहुंच बढ़ाने और विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए नए और अभिनव जमा उत्पाद पेश करने को कहा है। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री ने नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों के साथ एक समीक्षा बैठक के दौरान यह आह्वान किया। सीतारमण ने बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बातचीत में धन जुटाने की गति को बनाए रखने के लिए एनआरआई तक



पहुंच बढ़ाने पर भी बल दिया। वित्त मंत्री ने बैठक के दौरान उत्साहजनक और उत्साहपूर्ण प्रारंभिक प्रतिक्रिया की सराहना की और बैंकों से अनिवासी भारतीय प्रवासियों तक अपनी पहुंच को और बढ़ाने, अभिनव जमा उत्पादों को पेश करने और योजनाओं की शेष अवधि के दौरान धन जुटाने की गति को बनाए रखने का आह्वान किया।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों (पीएफआई) के प्रबंध निदेशकों (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) [एफसीएनआर(बी)] जमा, बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) और विदेशी मुद्रा उधार (ओएफसीबी) स्वैप पहलों पर बातचीत की। मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी वित्तीय संस्थानों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को एफसीएनआर (बी) जमा, ईसीबी और ओएफसीबी के लिए आरबीआई की स्वैप सुविधा योजनाओं के तहत हुई प्रगति से अवगत कराया। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में वित्तीय सेवा विभाग, आर्थिक कार्य विभाग और राजस्व विभाग के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### पिपरा में वार रूम कर्मी की नियुक्ति 10 दिन में रद्द, बीडीओ के फैसले पर उठे सवाल

सुपौल । जिले के पिपरा प्रखंड में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत वार रूम कर्मी की बहाली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नियुक्ति पत्र मिलने और कार्यभार संभालने के महज 10 दिन बाद ही चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति रद्द कर दी गई। इस फैसले के बाद प्रखंड प्रशासन की कार्यप्रणाली और बहाली प्रक्रिया को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है।जानकारी के अनुसार, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (बीआरएलपीएस) और उप विकास आयुक्त, सुपौल के निर्देश पर प्रखंड स्वच्छता कार्यालय में वार रूम कर्मी के एक पद के लिए 24 जून से 29 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदनों की जांच के बाद कार्यालय के ज्ञापांक-821, दिनांक 1 जुलाई 2026 के तहत दीना पट्टी पंचायत निवासी संतोष कुमार पासवान का चयन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन्द्र पंडित ने उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया और उन्होंने उसी दिन से कार्यालय में योगदान देकर कार्य शुरू कर दिया।

## सभी एसटीपी की रियल टाइम निगरानी एक माह में सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्यभर के सभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की रियल टाइम निगरानी की व्यवस्था एक माह के भीतर विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एसटीपी के इनलेट और आउटलेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा 24 घंटे निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव ने सोमवार को सचिवालय में राज्य गंगा समिति की 19वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य गंगा समिति और जिला गंगा समितियों की बैठकें निर्धारित समय सीमा के भीतर नियमित रूप से आयोजित



की जाएं। उन्होंने स्टेट मिशन फॉर क्लीन गंगा (एसपीएमजी) मुख्यालय स्तर पर भी सतत निगरानी की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूकेपीसीबी) को प्रदेश के सभी एसटीपी का नियमित और औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला और राज्य स्तर पर सभी एसटीपी की रियल टाइम मॉनिटरिंग व्यवस्था अगले एक माह में तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे हरिद्वार, रुड़की, ऋषिकेश और देहरादून जैसे प्रमुख शहरों में सीवरेज नेटवर्क के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने एसटीपी से निकलने वाले उपचारित जल के सिंचाई और औद्योगिक कार्यों में सुरक्षित उपयोग को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

बैठक में सचिव रणवीर सिंह चौहान,विशेष सचिव एवं सदस्य सचिव उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव रोहित मीणा और विभिन्न जनपदों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## बदरीनाथ धाम चढ़ावा मामले में आरोपित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम के चढ़ावा में कथित हेराफ़ेरी मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के कर्मचारी प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से बदरीनाथ लाकर गहन पूछताछ की। इसके बाद उसे गोपेश्वर जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार, पुरसाड़ी भेज दिया।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार आठ जुलाई को मंदिर समिति के प्रभारी मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवान की शिकायत पर बदरीनाथ कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 306 और 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दो जुलाई को थाली भेंट की गणना के दौरान मंदिर समिति के कर्मचारी प्रमोद नौटियाल ने धनराशि और अन्य भेंट सामग्री को अवैध रूप से अपने कब्जे में लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए चमोली पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार के निर्देशन में एसआईटी का गठन किया गया। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। पुलिस के अनुसार फुटेज में आरोपित कई बार गणना कक्ष से मोबाइल फोन के नीचे तथा जेब में छिपाकर नकदी और अन्य भेंट सामग्री बाहर ले जाता दिखाई दिया। जांच में 500 के नोट, सोना-चांदी के सिक्कों के पैकेट, शालिग्राम शिला तथा केसर के पैकेट कब्जे में लेने के साक्ष्य भी मिले हैं।

पुलिस ने बताया कि पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद 12 जुलाई की रात आरोपित को उसके देहरादून स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में पेश किया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक पंवार ने बताया कि दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। इस बीच बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि यह मामला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि मामला सामने आते ही संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तार कर्मचारी को स्थायी नियुक्ति पूर्व बीकेटीसी अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के कार्यकाल में मिली थी।

श्री बद्रीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष पंडित आशुतोष डिमरी ने मंदिर समिति की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि प्रारंभिक स्तर पर निलंबन उचित कदम था। उन्होंने भविष्य में चढ़ावे की गणना प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की। उनका कहना है कि अध्यक्ष के पद पर बने रहने से निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है।

### उत्तराखंड में 103 सड़कें अब भी बंद, यमुनोत्री राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग प्रभावित

देहरादून । उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण सड़कें बंद होने का सिलसिला जारी है। सोमवार शाम तक राज्य में कुल 103 सड़कें बंद हैं। इनमें एक राष्ट्रीय राजमार्ग, तीन राज्य मार्ग, दो मुख्य जिला मार्ग, 15 अन्य जिला मार्ग, एक बीआरओ मार्ग और 81 ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की राज्य स्तरीय सड़क एवं मार्ग विकास (एसआरएमडी) सायंकालीन रिपोर्ट के अनुसार दिनभर में 164 सड़कें खोली गईं, जबकि कई सड़कें अब भी यातायात के लिए बहाल नहीं हो सकी हैं। लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक 26 सड़कें पौड़ी, 17 पिथौरागढ़, 14 चमोली, 9 देहरादून, 8 नैनीताल, 7-7 टिहरी, उत्तरकाशी और अल्मोड़ा, 4 बागेश्वर, 3 रुद्रप्रयाग और एक चंपावत जिले में बंद हैं। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में कोई सड़क बंद नहीं है। बंद प्रमुख मार्गों में टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग, ऋषिकेश-धरासू-बरकोट-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग, बदेठी-बंचौरा-भद्रीगाड़ राज्य मार्ग, खैरना-रानीखेत-रामनगर राज्य मार्ग और घट्टूगढ़-सिलोगी-लैंसडाउन-डेरियाखाल-बिरोखाल मोटर मार्ग शामिल हैं।

## पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क से जुड़ा संदिग्ध गिरफ्तार, देश विरोधी जानकारियां कर रहा था साझा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार । बिहार के कटिहार पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान आधारित आतंकी नेटवर्क से जुड़े एक 22 वर्षीय संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर कोढ़ा थाना पुलिस ने मुसापुर गांव के रहने वाले मोहम्मद अहद (पिता- मो. आलम) को हिरासत में लिया। उसके पास से एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन जब्त किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर कोढ़ा थाना में कांड संख्या-229/2026 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया खातों के तकनीकी विश्लेषण से कई गंभीर खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी



मोहम्मद अहद इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर राणा हूनैन उर्फ राणा हुसैन के संपर्क में था। पुलिस के मुताबिक, राणा हुसैन पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है। पूछताछ और जांच में पता चला है कि यह संदिग्ध युवक चैट, ऑडियो कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से देश के संवेदनशील स्थलों की जानकारी साझा कर रहा था। इसके अलावा वह आतंकी गतिविधियों से जुड़ी सामग्री का आदान-प्रदान करने और देश विरोधी गतिविधियों में भी संलिप्त था। आरोपी सोशल मीडिया पर भारत विरोधी एवं सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वाली सामग्री का लगातार प्रचार-प्रसार कर रहा था और लोगों को पाकिस्तानी व्हाट्सएप चैनलों के लिंक भेजकर उन्हें उस नेटवर्क से जोड़ने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में जांच के दायरे में आए कुछ अन्य लोगों के मोबाइल फोन भी खंगाले, लेकिन उनमें किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। इस घटना के बाद कटिहार पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी, आतंकवाद समर्थक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस या हेल्पलाइन को दें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में कानून के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063